राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 318
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
सोमवार 30 मई 2022
मूल्य : 1.50/-

RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 गुरुग्राम : जीजा के मर्डर में साला और सास गिरफ्तार, मृतक के घर में ही रहते थे आरोपी, जानिए हत्या की वजह
पेज 5 ज्ञानवापी और मथुरा की इबादतगाहों का हक नही छोड़ेंगे मुस्लिम, जमीयत ने पास किया प्रस्ताव
पेज 7 आईपीएल समापन समारोह में रणवीर सिंह का जलवा, ए आर रहमान ने किया सबको भावुक

# उत्तरप्रदेश : बहराइच में सड़क हादसे में 7 की मौत, 9 घायल

## ट्रक में सामने से घुस गई मिनी बस, कर्नाटक से अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे

बहराइच। बहराइच के नानपारा लखीमपुर खीरी मार्ग पर सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। जबकि 9 लोगों की हालत गंभीर है। इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र में नानपारा लखीरपुर मार्ग पर नैनिहा के पास हादसा हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया है।

मिनी बस और ट्रक में भीषण टक्कर हुई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मिनी बस का आधा हिस्सा ट्रक में घुस गया। सवार उसमें फंसे ही रह गए थे। बाद में मिनी बस को कटर से काटकर किसी तरह लाशों और घायलों को निकाला गया। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ने



बताया कि मिनी बस में सवार 7 लोग की मौत हो गई है। मरने वालों में चार पुरुष व तीन महिलाएं शामिल हैं। यह सभी लोग कर्नाटक से अयोध्या आ रहे थे। परिजनों को सूचना दे दी गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। बताया जा रहा है कि मरने वालों में सिर्फ एक की पहचान हुई है। मनमच (36) पुत्र अज्ञात निवासी सुल्तानपुर कर्नाटक के थे।

### घायलों के नाम, ये कर्नाटक के गुम्बा और सुल्तानपुर के थे

| | |
|---|---|
| भूमिका (15) | जगदेवी (52) |
| शिवनी (25) | दीपिका (16) |
| इशानाव (02) | शीतल (15) |
| वैवावती (48) | संगामाई (62) |
| सुजाता (35) | संग्राम (62) |

### सुबह तड़के हुआ हादसा

हादसा सुबह साढ़े 5 के करीब हुआ। नानपारा हाईवे पर दोनों ही गाड़ियां तेज स्पीड से आ रही थीं। अचानक सामने मोड़ आ गया।

दोनों ही ड्राइवर गाड़ी कंट्रोल नहीं कर सके और आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। लोगों ने रुककर मिनी बस में फंसे लोगों को बचाना शुरू कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि देखकर नहीं लग रहा था कि इसमें कोई बचा होगा।

खून से लथपथ शव निकालते हुए उनके हाथ कांपने लगे थे। मिनी बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

### कश्मीर में 2 आतंकी ढेर

# अनंतनाग में सुरक्षाबलों ने हिजबुल के 2 आतंकियों को मार गिराया, गोला-बारूद बरामद; 4 दिनों में 12 आंतकी मारे गए

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया है। कश्मीर पुलिस ने बताया कि आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुआ है। कश्मीर में पिछले चार दिन में सुरक्षाबलों की आतंकियों के साथ 5 मुठभेड़ हुई हैं, जिसमें 12 आतंकियों को ढेर किया जा चुका है।



### हिजबुल मुजाहिदीन से कनेक्शन था

आईजी पुलिस विजय कुमार ने बताया कि मारे गए आतंकियों की पहचान इश्फाक अहमद गनी निवासी चकवांगुंड, अनंतनाग और यावर अयूब डार, निवासी डोगरीपोरा ,अवंतीपोरा के रूप में हुई है। ये दोनों आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के सदस्य थे। दोनों कई वारदातों में शामिल थे।

पुलिस ने बताया कि बिजबिहाड़ा के शीतिपोरा में आतंकवादियों के होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ के साथ मिलकर तलाशी अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान एक घर में छिपे आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया।

### आगामी अमरनाथ यात्रा को निशाना बनाने का प्लान था

सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि इश्फाक मार्च 2020 से और यावर दिसंबर 2021 से आतंकवादी वारदातों में एक्टिव था।

दक्षिण कश्मीर में तैनात एक बड़े सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि सुरक्षाबलों ने हिजबुल मुजाहिदीन को एक बड़ा झटका दिया है। आगामी अमरनाथ यात्रा को निशाना बनाने के लिए आतंकवादियों ने प्लान बनाया था। सुरक्षाबलों ने इसे नाकाम कर दिया है।

जम्मू कश्मीर के सांबा जिले के चक फकीरा में ब्रस्न अधिकारियों को एक सुरंग दिखी थी। यह सुरंग अंतरराष्ट्रीय सीमा से सिर्फ 100 मीटर की दूरी पर थी। यह पाकिस्तानी पोस्ट चमन खुर्द से भी सिर्फ 900 मीटर की दूरी पर थी।

BSF IG डी के बोरा ने बताया था कि इस सुरंग से 21 रेत की बोरियां मिली थीं। इन पर किसी प्रकार की कोई मार्किंग नहीं मिली। सुरंग हाल ही में खोदी गई लग रही थीं। इसके पहले मिली सुरंग से जो बोरियां मिलीं थी, उन पर कराची लिखा होता था।

# नेपाल में लापता विमान की तलाश थमी

## क्रैश होने की आशंका, 4 भारतीयों समेत 22 पैसेंजर थे; पायलट के फोन से मिली लोकेशन




काठमांडू। नेपाल की तारा एअर का 9NAET डबल इंजन एयरक्राफ्ट उड़ान भरने के बाद से लापता है। इसमें 3 क्रू मेंबर समेत 22 यात्री हैं। इनमें 4 भारतीय हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह छोटा एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया है। हालांकि आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एयरक्राफ्ट में सवार भारतीयों के नाम अशोक कुमार त्रिपाठी, धनुष त्रिपाठी, ऋतिका त्रिपाठी और वैभवी हैं। नेपाल में इंडियन एम्बेसी ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। ये है : 977-9851107021

नेपाल आर्मी के मुताबिक स्थानीय लोगों ने बताया कि प्लेन लाम्छी नदी के किनारे क्रैश हुआ है। यह मुस्तांग जिले के मानापती हिमाल क्षेत्र की नदी है। बेहद खराब मौसम के चलते हमें सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन फिलहाल बंद करना पड़ा है। इलाके में बर्फबारी और बारिश हो रही है।

नेपाल एयरपोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक एयरक्राफ्ट ने पोखरा से जोमसोम के लिए रविवार सुबह 9:55 बजे उड़ान भरी थी। 10:20 बजे लैंड करना था, लेकिन 11 बजे के बाद भी इससे संपर्क नहीं हो पाया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एयरक्राफ्ट 30 साल पुराना था।

### क्या क्रैश हुआ एयरक्राफ्ट?

सिविल एविएशन अथॉरिटी ऑफ नेपाल के मुताबिक, सर्च ऑपरेशन में जुटी नेपाल आर्मी का हेलिकॉप्टर उस एरिया तक पहुंचने की कोशिश कर रहा था, जहां आखिरी बार इस एयरक्राफ्ट की लोकेशन मिली थी। CAAN के मुताबिक प्लेन के एक कैप्टन का मोबाइल फोन चालू था, उसकी लोकेशन को जब ट्रेस किया गया तो एयरक्राफ्ट की भी लोकेशन मिल गई। हालांकि इस बारे में ऑफिशियली कुछ नहीं कहा गया है।

### 2 जर्मन यात्रियों सहित कुल 22 पैसेंजर

**तारा एअर के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला के मुताबिक 3 क्रू मेंबर सवार थे। यात्रियों में 13 नेपाली, 4 भारतीय और 2 जर्मन यात्री भी थे। भारतीयों के अलावा 15 अन्य यात्रियों के नाम सामने आए हैं- इंद्र बहादुर गोले, पुरुषोत्तम गोले, राजन कुमार, मिल ग्रांट, बसंत लामा, गणेश नारायण, रवीना श्रेष्ठा, रश्मी श्रेष्ठा, रोजीना श्रेष्ठा, प्रकाश सुनवार, माकर बहादुर तमांग, रम्या तमांग, सुकुम्या तमांग, तुलसादेवी तमांग और युवी विल्नर।**

### खोज में जुटे सेना के हेलिकॉप्टर

नेपाली सेना के प्रवक्ता नारायण सिलवाल ने बताया कि एक MI-17 हेलिकॉप्टर मुस्टांग के लिए भेजा गया था। हो सकता है कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया हो। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता फदिंद्र मणि पोखरेली ने कहा- हमने विमान की तलाश के लिए मुस्टांग और पोखरा में दो हेलिकॉप्टर लगाए हैं। पुख्ता तौर पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता।

# पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की दिनदहाड़े हत्या

## मानसा में एके-47 से गोलियां दागीं; गैंगस्टर लॉरेंस के कनाडा में बैठे साथी गोल्डी बराड़ ने ली जिम्मेवारी

चंडीगढ़। मशहूर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई है। उन पर मानसा के गांव जवाहरके में एके -47 से ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। फायरिंग में मूसेवाला की जान चली गई और उनके 2 साथी जख्मी हो गए।

पंजाब में सीएम भगवंत मान की अगुआई वाली आप सरकार ने शनिवार को ही सिद्धू मूसेवाला की सिक्योरिटी घटाई थी। वहीं गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साथी और कनाडा में बैठे गोल्डी बराड़ ने सिद्धू मूसेवाला की हत्या की जिम्मेवारी ली है। उन्होंने यह जानकारी अपनी सोशल मीडिया पर शेयर कर दी। सिद्धू मूसेवाला साथियों के साथ गाड़ी से जा रहे थे। उसी दौरान काले रंग की गाड़ी में सवार हमलावरों ने उन पर फायरिंग की। घर से करीब 5 किमी दूर ही मूसेवाला को गोलियां मार दी गई। मूसेवाला खुद थार जीप चला रहे थे। उन पर करीब 30 से 40 फायर किए गए। फायरिंग इतनी ताबड़तोड़ हुई कि मूसेवाला अपनी सीट से हिल तक नहीं सके।

### SSP मानसा बोले- गैंगवार लग रही है

मानसा के एसएसपी ने इस वारदात को गैंगवार बताया है। उनके मुताबिक सिद्धू मूसेवाला साथ में सिक्योरिटी में तैनात गनमैन लेकर नहीं गया था। बोलेरो समेत दो गाड़ियां पीछा कर रहीं थी।

गांव में पहुंचते ही ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। ऐसा लग रहा है कि एके-47 कौ इस्तेमाल हुआ है। मौके पर 9रूरू पिस्टल के खोल मिले हैं। एसएसपी मानसा गौरव तूरा ने कहा कि मूसेवाला अपने दोस्त और कजन के साथ कहीं जा रहे थे। जवाहरके में बोलेरो और स्कॉर्पियों सवार गैंगस्टरों ने सामने से आकर उनकी थार जीप को रोका। इसके बाद मूसेवाला पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गई। हत्या में करीब 6 से 8 लोग शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह गैंगवार हो सकती है। गौरतलब है कि मूसेवाला को गैंगस्टर्स से धमकी मिल रही थी। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस मामले में कुछ स्पष्ट नहीं किया है, लेकिन लॉरेंस विश्नोई गैंग का नाम आने की चर्चा है। मूसेवाला के पास पहले 8 से 10 गनमैन थे, जिन्हें घटाकर पहले 4 किया गया। शनिवार को सरकार ने उनके पास सिर्फ 2 ही गनमैन छोड़े थे। हत्या के वक्त यह दोनों भी उनके साथ नहीं थे।

### विक्की मिड्डूखेड़ा के कत्ल का बदला !

मूसेवाला की हत्या विक्की मिड्डूखेड़ा के कत्ल का बदला लेने के लिए की गई है। गैंगस्टर बिश्नोई के साथी रहे मिड्डूखेड़ा का मोहाली में कत्ल कर दिया गया था। इसमें सिद्धू मूसेवाला के मैनेजर का नाम सामने आया था। इसके बाद मैनेजर ऑस्ट्रेलिया भाग गया था। वह दिल्ली पुलिस का वांटेड है। इसमें लॉरेंस बिश्नोई और लक्की पटियाल का नाम सामने आ रहा है।



### भगवंत मान बोले- बख्शे नहीं जाएंगे हत्यारे

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सिद्धू मूसेवाला के हत्या पर शोक जताया है। उन्होंने कहा- हत्यारों की तलाश की जा रही है। हत्या से मैं काफी दुखी हूं।

# जयपुर एयरपोर्ट पर प्रेस से निकला 1.22 करोड़ का सोना

जयपुर। जयपुर एयरपोर्ट पर 1.22 करोड़ रुपए का सोना पकड़ा गया है। इसे प्रेस (आयरन) में छुपाकर लाया गया था। सोना इतने शातिर तरीके से छुपाया गया कि उसे बाहर निकालने के लिए कस्टम की टीम को हथौड़े और आरी की मदद लेनी पड़ी। टीम ने आधे घंटे की कोशिश की और इस पूरी प्रोसेस का वीडियो भी बनाया। इस वीडियो में पहली बार यह दिखाया गया किस तरह कस्टम की टीम मौके पर ही तस्करी कर लाया जा रहा सोना जब्त करती है। असिस्टेंट कमिश्नर भारत भूषण अटल ने बताया कि शारजाह की फ्लाइट 767 से रविवार सुबह प्रकाश राव नाम का यात्री जयपुर पहुंचा था। संदिग्ध दिखने पर उसकी जांच की गई। एक्स-रे के दौरान उसके बैग में मेटल की संदिग्ध वस्तु नजर आई। सवाल करने पर वह जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद उसका बैग खोला गया। इसमें प्रेस (आयरन) रखी हुई थी। जैसे ही हमारी टीम ने प्रेस को खोला। उसमें प्रेशर प्लेट 2 किलो 333 ग्राम गोल्ड की बनी लगी थी। इसकी बाजार में कीमत 1 करोड़ 22 लाख 41 हजार 950 रुपए है। अधिकारियों ने बताया कि प्रकाश पिछले कुछ वक्त से शारजाह में रहकर नौकरी कर रहा था, जहां कुछ लोगों ने उसे एयर टिकट और रुपए का लालच देकर गोल्ड तस्करी के लिए राजी किया। इसके लिए बाकायदा प्रकाश को ट्रेनिंग भी दी गई। ताकि वह कस्टम विभाग की पकड़ से बच सके, लेकिन दिल्ली से मिले इनपुट के बाद टीम सतर्क थी। फिलहाल कस्टम विभाग की टीम जांच कर रही है कि प्रकाश किसे सोना देने के लिए जयपुर आया था।

### गोल्ड तस्करी के लिए खास रूट बना जयपुर एयरपोर्ट

दरअसल, पिछले कुछ वक्त से कस्टम विभाग ने नई दिल्ली, मुंबई जैसे एयरपोर्ट्स पर सतर्कता ज्यादा बढ़ा दी है। ऐसे में गोल्ड की तस्करी करने के लिए जयपुर एयरपोर्ट खास रूट बन गया है। पिछले कुछ वक्त में जयपुर में पेट में सोना छुपाने के साथ मुंह में सोने की बॉल रख तस्करी के कई मामले सामने आ चुके हैं।

# सुरक्षाबलों ने पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराया : हथियारों की खेप लेकर आ रहा था भारत, 7 बम भी बरामद

एजेंसी

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षाबलों ने सीमा पार कर आ रहे एक ड्रोन को मार गिराया है। पुलिस के मुताबिक घटना राजबाग थाना क्षेत्र के तल्ली हरिया चक गांव की है, जहां एक पाकिस्तानी ड्रोन भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था। सुरक्षाबलों ने इसे फायरिंग में मार



गिराया और मौके पर पहुंचकर इसे कब्जे में ले लिया। पुलिस ने ड्रोन के साथ बांधे गए हथियार भी बरामद हुए हैं। ड्रोन से यूबीजीएल और 7 स्टिकी मैगनेटिक बम भी बरामद हुए हैं। SSP कठुआ के मुताबिक बम डिस्पोजल एक्सपर्ट की निगरानी में जांच चल रही है। कश्मीर पुलिस ने कहा कि आतंकी किसी बड़ी साजिश की तैयारी कर रहे थे, लेकिन सुरक्षाबलों ने सक्रियता दिखाते हुए आतंकियों के मंसूबों को नाकाम कर दिया।

# कानपुर देहात में बस ने वैन में मारी टक्कर : 5 लोगों की मौत, 3 घायल

एजेंसी

कानपुर देहात। कानपुर देहात के थाना मूसानगर में बस और वैन की जोरदांर भिड़ंत हो गई। हादसे में वैन सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल 4 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सूचना पाकर पुलिस और प्रशासनिक अफसर भी घटनास्थल पर पहुंच गए। हादसे के कारण मुगल रोड पर जाम लग गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे लगाकर ट्रैफिक शुरू कराया।

### तेज रफ्तार बस ने मारी टक्कर

कानपुर देहात के मूसानगर के जसौरा



गांव के ग्रामीण रविवार को वैन से चित्रकूट दर्शन के लिए जा रहे थे। देर शाम करीब सवा आठ बजे मुगल रोड पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी।

इससे वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गई। इससे चीख पुकार मच गई।

### पांच लोगों की मौके पर हुई मौत

आनन--फानन में वैन में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर 5 लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इनमें एक बच्चा भी शामिल है। वहीं, 4 घायलों का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।

### घायलों का अस्पताल में भर्ती कराया गया

भोगनीपुर सीओ तनु उपाध्याय ने बताया कि हादसे में 5 की लोगो की मौत हो गई है। सभी मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### कोविड-19

## बीते 24 घंटे में 2,828 लोग पॉजिटिव, 14 मौत

# देश में कोविड के नए मामलों में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 2,828 नए केस सामने आए हैं, जबकि 14 लोगों की मौत हुई है। वहीं, 2,035 मरीज कोरोना से ठीक हो गए। देश में एक्टिव केस मरीजों की संख्या बढ़कर 17,087 हो गई है। शनिवार को 2685 कोरोना के नए मामले दर्ज किए गए थे। आज कोरोना के नए मामलों में 5 प्रतिशत का उछाल आया है। देश में रिकवरी रेट 98.75 प्रतिशत है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, डेली पॉजिटिविटी रेट 0.60 प्रतिशत और वीकली पॉजिटिविटी रेट 0.54 प्रतिशत दर्ज किया गया। देश में महामारी की शुरुआत से अब तक



ठीक होने वालों की संख्या 4.25 करोड़ से अधिक हो गई है, जबकि मरने वालों की संख्या 5.24 लाख हो गई है।

### केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली में कोरोना की स्थिति

पिछले कुछ दिनों से केरल में सबसे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में यहां 723 नए मामले रिकॉर्ड किए गए। इधर महाराष्ट्र में शनिवार को कोरोना के 529 नए केस सामने आए हैं, जिसके बाद कुल केस 78 लाख से ज्यादा हो गए हैं। राज्य में कोरोना से मरने वालों की संख्या 1.47 लाख हो चुकी है। पॉजिटिविटी रेट प्रति 100 टेस्ट के हिसाब से 1.88त्न है। राज्य में बीते दिन 22,618 कोविड सैंपल टेस्ट किए गए।

राजधानी दिल्ली में कोरोना के 442 नए मामले सामने आए हैं, गनीमत यह है कि एक भी मरीज की मौत नहीं हुई। राजधानी में पॉजिटिविटी रेट 2.02 प्रतिशत है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि पॉजिटिविटी रेट 5 प्रतिशत से अधिक होने पर स्थिति गंभीर हो जाती है। फिलहाल दिल्ली में कोरोना के एक्टिव केस 1,641 हैं।

### हरियाणा का कोरोना अपडेट

हरियाणा में 227 नए मामले मिले हैं, जबकि एक भी मौत नहीं हुई है। राज्य में कोरोना एक्टिव केस 1143 हैं और कुल मामले 99 लाख से ज्यादा हो गए हैं। राज्य में शनिवार को 13,999 टेस्ट किए गए।

### पॉजिटिविटी रेट 0.58 प्रतिशत हुआ

देश में कोविड पॉजिटिविटी रेट बढ़कर 0.60 प्रतिशत हो गया है। देश में चल रहे वैक्सीनेशन अभियान की बात करें तो पिछले 24 घंटे में 14 लाख 39 हजार 466 लोगों को वैक्सीन की डोज लगाई गई हैं। वहीं, अब तक लोगों को वैक्सीन के कुल 193.13 करोड़ से अधिक डोज लगाए जा चुके हैं।

## शार्ट न्यूज

### शनि को महाराष्ट्र छोड़ देना चाहिए नवनीत राणा का सीएम उद्धव ठाकरे पर कटाक्ष

नई दिल्ली। अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा एक महीने से अधिक समय जेल में बिमाने के बाद शनिवार को अपने घर लौट आई। इस दौरान उन्होंने सीएम उद्धव ठाकरे पर कटाक्ष किया और कहा कि शनि को महाराष्ट्र छोड़ देना चाहिए। नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा को मुंबई पुलिस ने देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया था। उन्होंने ठाकरे के आवास मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा पढ़ने का ऐलान किया था। अपनी घर वापसी पर नवनीत राणा ने सवाल किया कि महाराष्ट्र में राम और हनुमान का विरोध क्यों है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में हिन्दू देवताओं का अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा मैंने दिल्ली में इतने शांतिपूर्ण तरीके से हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुरक्षा भी थी और मुझे कोई समस्या नहीं हुई। लेकिन मुझे नहीं पता कि महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा का पाठ करने का मुद्दा क्यों है? उद्धव ठाकरे पर कटाक्ष करते हुए राणा ने कहा, आज शनिवार है और शनि को भी महाराष्ट्र छोड़ने की जरूरत है।

### भारत-बांग्लादेश के बीच आज से फिर शुरू होगी ट्रेन सर्विस, 2 साल से लगी थी रोक

कोलकाता। भारत और बांग्लादेश के बीच यात्री ट्रेन सेवाएं आज से फिर शुरू होंगी। कोविड-19 के प्रसार के खिलाफ एहतियात के तौर पर मार्च 2020 में कोलकाता और बांग्लादेश के शहरों के बीच ट्रेन सेवाओं को निलंबित कर दिया गया था। रेलवे बोर्ड ने ढाका से कोलकाता-ढाका मैत्री एक्सप्रेस बांग्लादेश रेलवे के रेक द्वारा और कोलकाता से कोलकाता-खुलना बंधन एक्सप्रेस को भारतीय रेलवे रेक के द्वारा 29 मई, 2022 को फिर से शुरू करने के आदेश जारी किए हैं। इस कदम का उद्देश्य भारत और बांग्लादेश दोनों देशों के यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराना है। पूर्वी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी एकलव्य चक्रवर्ती ने कहा, भारत और बांग्लादेश दोनों के यात्रियों की सुविधा के लिए कोलकाता-ढाका-कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस और कोलकाता-खुलना-कोलकाता बंधन एक्सप्रेस 29 मई से फिर से शुरू हो जाएगी। एक जून को रेल भवन से भारत और बांग्लादेश के रेल मंत्रियों द्वारा मिताली एक्सप्रेस को डिजिटल तरीके से हरी झंडी दिखाने के बाद एनजेपी-ढाका मिताली एक्सप्रेस की सेवाएं शुरू किए जाने की योजना है। उस दौरान बांग्लादेशी रेल मंत्री के भारत में होने की उम्मीद है।

### कश्मीर में बालिका को फांसी पर लटका पाया गया

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर कस्बे में शनिवार शाम को कथित तौर पर एक 12 वर्षीया बालिका को अपने घर को परिवार वालों ने फांसी पर लटका हुआ पाया। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बारामूला जिले में सोपोर कस्बे के हंजीपोरा ह्यगाम इलाके में आठवीं कक्षा की छात्रा को उसके घर के पास एक गौशाला में उसके परिवार के सदस्यों ने फांसी पर लटका पाया। मृतका के परिवार वालों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। फिलहाल, अभी बालिक की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने इस मामले में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करके, आगे की जांच शुरू कर दी है।

### कश्मीर में जंगल में व्यक्ति का शव पाया गया

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में रविवार को क्षत-विक्षत अवस्था में एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि स्थानीय लोगों ने जब दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में ब्रेरियनगन उत्तरसू का एक जंगली इलाके में एक शव को पड़ा हुआ देखा, तब उन्होंने पुलिस को इस मामले की जानकारी दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान जम्मू के सरसर का निवासी मोहम्मद सादिक के पुत्र मोहम्मद अशरफ बोकड़ (22) के रुप में हुई है, जो कुछ दिनों से लापता था। पुलिस ने मामला दर्ज करके आगे की जांच शुरू कर दी है।

### पश्चिम बंगाल में पुलिस ने सौ से अधिक जिंदा बम किये बरामद

बोलपुर। पश्चिम बंगाल में बीरभूमि जिले के एक गांव से पुलिस ने चार प्लास्टिक ड्रम में रखे सौ से अधिक जिंदा बमों को अपनी गिरफ्त में लिया है। पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरजीत कुमार दे ने कहा कि यह बम सताई गांव में पाये गये हैं। उनकी टीम को शनिवार को जांच अभियान के दौरान नानूर पुलिस थाना के तहत सेताई गांव में सौ से अधिक मात्रा में बम पाये गये। अधिकारी ने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर राज्य पुलिस की विशेष दल ने विस्फोटकों को उजागर करने के लिए छापेमारी की, जिसमें उन्होंने अजय नदी के पास एक बांस के जंगल चार प्लास्टिक ड्रमों में पैक किए गए सौ से अधिक जिंदा बम को बरामद किया, जिन्हें छिपाकर रखा गया था। उन्होंने बताया कि आज सभी बम को निष्क्रिय किया गया और इसी दौरान कुछ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

### सड़क हादसे में यातायात सिपाही की मौत , परिजन घायल

जम्म। जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले के मंडी इलाके में एक कार के दुर्घटनाग्रसत होकर नदी में गिरने से उसमे सवार यातायात पुलिसकर्मी की मौत हो गई और उसके परिवार के पांच सदस्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक मंडी निवासी अब्दुल बशीर ट्रैफिक पुलिस में कांस्टेबल था। वह आज सुबह अपने परिवार के साथ निजी वाहन से पूंछ से मंडी ओर जा रहा था। उसे मंडी में ड्यूटी पर जाना था लेकिन रास्ते में कलाई पहुंचते ही उसकी कार फिसल कर नदी में जा गिरी। इस दुर्घटना में कार में सवार सभी लोग घायल हो गये। सभी घालयों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन गंभीर घायल सिपाही ने दम तौड़ दिया। उसके परिजनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### 11000 लिटर पेट्रोल, 4000 लिटर मिश्रित पेट्रोल, 3000 लिटर एथेनॉल जब्त

संगरूर। पंजाब के संगरूर में पुलिस ने कल देर रात आईओसीएल डंप के पास तेल चोर माफिया के खिलाफ छापेमारी अभियान में तीन तेल टैंकरों सहित 11000 लीटर पेट्रोल, 4000 लीटर मिश्रित पेट्रोल और 3000 लीटर एथेनॉल बरामद किया। यह जानकारी संगरूर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मनदीप सिंह सिद्धू ने आज दी। उन्होंने बताया कि प्रकरण में सदर संगरूर थाने में धारा 379, 420, 336, 285, 34 आईपीसी, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम, 23 पेट्रोलियम अधिनियम 1934 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मौके से गुरनाम सिंह नामक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जबकि एक आरोपी विक्रम सिंह उर्फ विक्की अभी फरार है। उन्होंने बताया कि इससे पहले 26 मई को तेल डंप के पास छह ढाबों पर छापेमारी की गई थी और तेल चोर माफिया के खिलाफ छह प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। तब लगभग 8000 लिटर पेट्रोलियम पदार्थ जब्त किये गये थे।

### ट्रांसजेंडर छात्र के संघर्ष पर आधारित फिल्म 'एडमिटेड' मुंबई फिल्मोत्सव में

चंडीगढ़। पंजाब विश्वविद्यालय के पहले ट्रांसजेंडर छात्र के संघर्ष की कहानी पर आधारित फिल्म 'एडमिटेड' मुंबई में 17वें अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव की राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा श्रेणी में प्रदर्शित होगी। फिल्म के निर्देशक ओजस्वी शर्मा ने बताया कि 'एडमिटेड' की स्क्रीनिंग गुरुवार, दो जून को फिल्म्स डिवीजन कॉम्प्लेक्स में आयोजित की जाएगी। शर्मा ने बताया कि फिल्म को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है और फिल्मोत्सव में 15 आधिकारिक चयन व पांच पुरस्कार मिल चुके हैं। फिल्म पंजाब विश्वविद्यालय के पहले ट्रांसजेंडर छात्र बनने के लिए धनंजय चौहान की संघर्ष यात्रा पर आधारित है और इसका निर्माण पिनाका मीडिया वर्क्स व रोलिंग फ्रेम्स एंटरटेनमेंट ने किया है।

# राज्यसभा चुनाव में गठबंधन की तरफ से होगा एक प्रत्याशी

## सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद बोले सीएम हेमंत सोरेन

रांची दिल्ली। राज्यसभा चुनाव को लेकर झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दल कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच खींचतान खत्म नहीं हुई है। कई दिनों से दोनों पार्टी के नेता अपने-अपने दल से राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार देने का दावा कर रहे हैं। इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर आई कि जेएमएम ने यह सीट कांग्रेस को देने का मन बनाया है। लेकिन कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष सोनिया गांधी से दिल्ली में मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडिया को जो बयान दिया है, उससे मामला सुलझता हुआ नहीं दिख रहा है।

रांची में JMM विधायक दल की बैठक के बाद हेमंत सोरेन दिल्ली गए थे। उन्होंने राज्यसभा चुनाव पर सोनिया गांधी से बात की। मुलाकात करने के बाद हेमंत सोरेन ने प्रेस को बताया कि सोनिया गांधी से उनकी लगभग सवा घंटे तक बात हुई। हेमंत सोरेन ने दावा किया कि दोनों दलों के नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता हुई और यह तय हो गया है कि झारखंड की एकमात्र राज्य सभा सीट के लिए गठबंधन से एक ही उम्मीदवार होगा। लेकिन, उन्होंने स्पष्ट नहीं किया कि प्रत्याशी किस दल का होगा।



हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड जाने के बाद ही प्रत्याशी के नाम की घोषणा की जाएगी। मीडिया कर्मियों की ओर से बार-बार पूछे जाने पर भी उन्होंने यह साफ नहीं किया कि कैंडिडेट जेएमएम का होगा या कांग्रेस कांग्रेस पार्टी का। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच कोई मतभेद नहीं है। दोनों दल साथ मिलकर भारतीय जनता पार्टी को जवाब देंगे।

इससे पहले रांची में जेएमएम विधायक दल की बैठक में पार्टी की ओर से ही राज्यसभा कैंडिडेट उतारने की बात कही गई थी। कयास लगाए जा रहे हैं कि सोनिया गांधी से मुलाकात में उनकी बात नहीं बनी। शायद इसीलिए हेमंत सोरेन ने स्पष्ट उत्तर नहीं दिया।

अपने ऊपर लगे करप्शन के आरोप को लेकर सीएम हेमंत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड में कमजोर हो गई है। इसलिए सरकार के खिलाफ मुहिम चला रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा भले ही देश की सबसे बड़ी पार्टी हो, झारखंड में सबसे बड़ी पार्टी नहीं रही। इस तकलीफ को बीजेपी के नेता बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं।

# नवीन ने सिविल सेवा छात्रों को उत्कृष्टता हासिल करने को किया प्रोत्साहित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने रविवार को सिविल सर्विस प्रोबेशनर्स को देश के संस्थापकों के आदर्शों और सपनों का पालन करने व नौकरियों में उत्कृष्टता हासिल करने तथा गर्व के साथ देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया।



पटनायक ने 181 आईएएस परिवीक्षाधीनों और रॉयल भूटान सिविल सर्विस के दो परिवीक्षाधीनों के साथ बातचीत करते हुए, जो लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी, पटनायक द्वारा आयोजित अपने भारत दर्शन कार्यक्रम के हिस्से के रूप में ओडिशा के चार दिवसीय अध्ययन दौरे पर हैं, कहा कि उनके राज्य ने पारदर्शिता, टीम वर्क, प्रौद्योगिकी और समय के सिद्धांतों पर निर्मित एक परिवर्तनकारी शासन मॉडल को गोद लिया है। ओडिशा कई क्षेत्रों में एक अग्रणी राज्य के रूप में तेजी से उभर रहा है।

उन्होंने कहा कि कभी गरीबी और चक्रवात जैसी आपदाओं के लिए जाना जाने वाला ओडिशा आज दुनिया भर में आपदा प्रबंधन के लिए एक आदर्श के रूप में पहचाना जाता है। ओडिशा एक खाद्य अधिशेष राज्य है और पिछले दशक में किसानों की आय दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में गरीबी में तेजी से कमी आई है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के तहत 60 लाख महिलाओं को सशक्त बनाया गया है।

पटनायक ने कहा कि राज्य कालिया योजना के माध्यम से किसानों को सीधे धन हस्तांतरित करने में सक्षम है और बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य आश्वासन दिया है।

स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में एक बड़ा उन्नयन हुआ है। उन्होंने कहा कि 5टी कार्यक्रम के तहत हाई स्कूलों के परिवर्तन से छात्रों में पीढ़ीगत बदलाव आएगा।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुरेश चंद्र महापात्र ने कहा कि ओडिशा सबसे तेजी से विकसित होने वाले राज्यों में से एक है और वित्त के मामले में सबसे अच्छी तरह से प्रबंधित राज्य भी है।

कोविड प्रबंधन में सफलता का हवाला देते हुए, मैंने सभी रोगियों को मुफ्त इलाज, ऑक्सीजन की आपूर्ति और सामुदायिक जुड़ाव जैसे प्रयासों को गिना है, जिसने ओडिशा को कोविड के कारण सबसे कम मृत्यु दर वाले सर्वश्रेष्ठ राज्यों में से एक बना दिया है।

बाद में, परिवीक्षार्थी ओडिशा के मंदिरों की सांस्कृतिक विरासत और स्थापत्य के चमत्कारों को देखने के लिए कोणार्क और पुरी गए तथा पुरी में भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए।

# पीसी जॉर्ज थ्रीक्काकारा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में हुए शामिल

कोच्चि। केरल जनपक्षम (सेक्युलर) के सात बार के पूर्व विधायक एवं नेता पीसी जॉर्ज रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार के चुनाव-प्रचार के लिए यहां थ्रिक्काकारा विधानसभा क्षेत्र पहुंचे। इससे पहले उन्होंने अपने विवादास्पद मुस्लिम विरोधी भाषण पर पूछताछ के लिए तिरुवनंतपुरम फोर्ट पुलिस के सामने पेश होने की की मांग को नजरअंदाज कर दिया था।

जॉर्ज ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले एलडीएफ दोनों वोट पाने के लिए एक विशेष समुदाय को खुश कर रहे हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि उन्होंने फोर्ट पुलिस को सूचित किया कि वह स्वास्थ्य समस्याओं के कारण रविवार को तिरुवनंतपुरम नहीं पहुंच सके और उनसे पूछताछ के लिए कोई अन्य दिन निर्धारित की जाए।

उन्होंने कहा, एक जिम्मेदार लोक सेवक के रूप में, मैं माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी जमानत शर्तों का उल्लंघन नहीं करूंगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और विपक्षी नेता वीडी सतीसन की आलोचना करते हुए कहा कि वे लोग अपनी पार्टी की जीत के लिए सांप्रदायिक वोटों पर नजर रखते हैं।

# एआईपीईएफ ने कोयला संकट की जांच कराने की मांग की

चंडीगढ़। ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने कोयला संकट की जांच करने की मांग की है।

एआईपीईएफ प्रवक्ता विनोद गुप्ता के रविवार को यहां जारी बयान के अनुसार संगठन की एक बैठक शनिवार को हुई जिसमें सरकार से कोयला संकट की उच्च स्तरीय जांच कराने के अलावा विद्युत संशोधन विधेयक 2021 वापस लेने, निजीकरण वापस लेने और बिजली खरीद समझौतों की समीक्षा की मांग की गई है।

गुप्ता के अनुसार बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने की और बैठक में 17 राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में देश में वर्तमान बिजली संकट पर चर्चा के बाद दस प्रस्ताव पारित किये गये।

# केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर मोबाइल कनेक्टिविटी देने में जियो अव्वल

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड स्थित भगवान शिव के पाँचवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम पैदल यात्रा मार्ग पर मोबाइल क्नेटिविटी उपलब्ध कराने वाला रिलायंस जियो पहला ऑपरेटर बन गया है। जियो गौरीकुंड और केदारनाथ धाम के बीच कुल पांच टॉवर लगा रहा है। जिनमें छोटी लिंचोली, लिंचोली और रूद्रपॉइंट पर तीन टॉवर लगाए जा चुके हैं। अन्य दो टॉवर भी बहुत जल्द सेवा देनें लगेंगे। जियो केवल 4जी नेटवर्क ऑपरेट करता है तो जाहिर है पूरे यात्रा मार्ग पर 4जी की कवरेज मिलेगी। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के चेयरमैन अजय अजेंद्र और सीईओ बी. डी.सिंह ने रविवार को इस सेवा के शुरुआत की औपचारिक घोषणा की। श्री अजेन्द्र ने केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर जियो की मोबाइल कनेक्टिविटी शुरू होने को राहत भरी खबर बताया। साथ ही उम्मीद जताई की कि अब इमरजेंसी की दशा में प्रशासन जल्द मदद पहुंचा पाएगा।

कम्पनी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, रिलायंस जियो ने सोनप्रयाग जैसे महत्वपूर्ण पड़ाव पर एक फुल कैपेसिटी का टॉवर लगाया है। यह टावर ट्रैफिक बढ़ने की स्तिथि में भी नेटवर्क पर पड़ने वाली अतिरिक्त भार को सहने की क्षमता रखता है और सामान्य रुप से काम करता है। चारधाम यात्रा पर नेटवर्क कवरेज बढ़ाने के लिए जियो की तरफ से 10 अतिरिक्त सॉल्युशन भी लगाए जा रहे हैं। जिससे स्थानीय लोगों और दूसरे राज्यों से आए श्रद्धालुओं को नेटवर्क संबंधी दिक्कतों को सामना न करना पड़े।

उल्लेखनीय है कि कोविड के कारण दो साल बाद शुरू हुई चारधाम यात्रा में इस वर्ष रिकॉर्ड यात्री देवभूमि उत्तराखंड आ रहे हैं। प्रशासन यात्रियों को संभालने में लगा है। ऐसे में यात्रा मार्गों पर व्यापक 4जी नेटवर्क की उपलब्धता, राहत जी खबर है। उत्तराखंड में रिलायंस जियो अकेला ऐसा नेटवर्क है जो चारों धामों सहित श्री हेमकुंड साहिब में भी उपलब्ध है। चारों धामों को मोबाइल नेटवर्क व फाइबर केबल से जोड़ने वाला भी जियो एकमात्र ऑपरेटर है।

# भाजपा में दम तो खट्टर के नेतृत्व में चुनाव लड़कर दिखायें : केजरीवाल

कुरुक्षेत्र। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी को चुनौती दी कि 2024 का विधानसभा चुनाव वह हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में लड़कर दिखाए।



केजरीवाल ने यहां पार्टी की रैली में दावा किया कि उन्हें एक पत्रकार ने बताया है कि भाजपा हरियाणा में मुख्यमंत्री बदलना चाहती है और चुनौती दी कि पार्टी श्री खट्टर के साथ चुनाव लड़कर बताए।

पंजाब में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पड़ोसी राज्यों हिमाचल प्रदेश व हरियाणा में पार्टी के फैलाव की दिशा में यहां एक रैली को संबोधित करते हुए श्री केजरीवाल ने आरोप लगाया कि हरियाणा में भर्तियों के सारे पेपर लीक हो रहे हैं और कहा कि खट्टर साहब पेपर नहीं करा सकते, सरकार क्या चलाएंगे? केजरीवाल ने सेना में रुकी पड़ी भर्तियों का मामला उठाते हुए कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करते हैं कि सेना में खाली पड़े एक लाख पदों पर भर्ती की जाए। उन्होंने कहा कि दो साल से सेना में भर्ती नहीं हो रही। बच्चे ओवरएज हो रहे हैं। बच्चे खुदकुशी कर रहे हैं।

आप संयोजक ने दावा किया कि उनकी सरकार ने दिल्ली में सात साल में 12 लाख नौकरियां दी हैं और कहा कि अगले पांच साल में 20 लाख नौकरियां देने की उनकी योजना है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा में युवाओं को नौकरियां नहीं दी जातीं और ये बच्चों को गुंडई और दंगा करना सिखाते हैं और अपने बच्चों को विदेश पढ़ाई के लिए भेजते हैं।

केजरीवाल ने दावा किया कि उन्हें राजनीति करनी नहीं आती, काम करना आता है। उन्होंने कहा कि उन्हें सबसे अच्छा तब लगता है जब लोग उन्हें 'हरियाणा का लाल' कहते हैं और कहा कि यह प्रदेश उनकी जन्मभूमि है और जन्मभूमि का कर्ज सात जन्मों में नहीं उतारा जा सकता।

आप नेता ने पंजाब में एक मंत्री को भ्रष्टाचार के मामले में बर्खास्त करने का जिक्र करते हुए अपनी पार्टी को 'कट्टर ईमानदार' पार्टी करार दिया।

### जालंधर में सात अपराधी गिरफ्तार, चूरा पोस्त और नशीली गोलियां बरामद

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में देहाती पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से सात अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से आठ किलोग्राम चूरा पोस्त, 310 नशीली गोलियां और 30 कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस उपाधीक्षक हरनील सिंह ने शनिवार को बताया कि 27 मई को पुलिस ने धुलेता बस अड्डा के नजदीज जांच दौरान एक ट्रक की जांच करने पर आठ किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने ट्रक में सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया जिनकी पहचान परमजीत सिंह निवासी पत्ती लमखीर और करण कुमार निवासी प्रोफ़ेसर कालोनी नूरमहल के तौर पर हुई है। एक अन्य घटना में पुलिस ने थाना मेहतपुर की पुलिस ने एक महिला नशा तस्कर गुरमीत कौर को गिरफ्तार कर उसके पास से 125 नशीली गोलियां बरामद की हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उसके पास से 25 बोतल अवैध शराब की बरामद की हैं। आरोपी की पहचान करनदीप सिंह निवासी लोहियाँ, सुखजिन्दर सिंह निवासी लोहियाँ और चन्दराम के तौर पर हुई है। नकोदर की पुलिस ने दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 185 नशीली गोलियां और 30 नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान सौरव और गौरव के तौर पर हुई है।

# मिश्र देलवाड़ा जैन मंदिर शिल्प-स्थापत्य सौंदर्य देखकर हुए अभिभूत

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र सिरोही जिले के माउंटआबू में स्थित देलवाड़ा जैन मंदिर के शिल्प-स्थापत्य सौंदर्य को देखकर आज अभिभूत हो गए। मिश्र देलवाड़ा जैन मंदिरों के शिल्प वैभव का अवलोकन कर रहे थे। इस दौरान प्रदेश की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र एवं अन्य परिजन भी उनके के साथ थे। राज्यपाल ने इस दौरान मुख्य मंदिर स्थित भगवान आदिनाथ की प्रतिमा को नमन करते हुए उनकी आरती एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली, संपन्नता और सुख-समृद्धि की कामना की। श्वेताम्बर जैन मंदिर देलवाड़ा पहुंचने पर श्री मिश्र का मंदिर न्यास के सचिव दिनेश बोबावत एवं प्रबंधक मनीष चौधरी ने स्वागत किया।

# स्कॉच की बोतलों में नकली शराब भरने वाले गिरोह का पर्दाफाश

चंडीगढ़। पंजाब के आबकारी विभाग तथा फतेहगढ़ साहिब जिला पुलिस ने शराब तस्करों के एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश कर उसके चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

यह गिरोह चण्डीगढ़ से सस्ती शराब की तस्करी करके उसको महंगे इम्पोर्टेड स्कॉच ब्रांडों की बोतलों में भरता था। काबू किये गये सदस्यों से शीवास रीगल के चार केस, ग्लेनलिवट के चार केस और गोल्ड लेबल रिज़र्व के दो केस मौके पर मिले हैं।

आबकारी आयुक्त वरुण रूज़म ने आज यहां बताया कि सरकार ने शराब की तस्करी या आबकारी से सम्बन्धित किसी भी ग़ैर-कानूनी गतिविधि के विरुद्ध ज़ीरो सहनशीलता नीति अपनाई हुई है। आरोपियों के ख़िलाफ़ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

संयुक्त आबकारी आयुक्त नरेश दुबे ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर इनको काबू किया गया। आबकारी और पुलिस के स्पैशल ऑपरेशन ग्रुप की टीमों ने विशेष नाकाबंदी की। जब दो कारें टाटा टियागो और स्विफ्ट को खमाणों के समीप नाके पर रोका गया और गिरोह के चार सदस्य कुंदन विष्ट, हर्षवर्धन , प्रदीप सिंह और जैसमीन कौर को मौके से काबू किया गया।

टीम ने मौके पर शीवास रीगल के 4 केस, ग्लेनलविट के 4 केस और गोल्ड लेबल रिज़र्व के 2 केस बरामद किये। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कबूल किया कि वे मोहाली और लुधियाना क्षेत्र के अलग-अलग स्क्रैप डीलरों से स्कॉच ब्रांड की खाली बोतलें खरीदते हैं और वह भी इस रैकेट में शामिल हैं। पुलिस की टीमें इन डीलरों का पता कर रही हैं और गिरफ्तारी के लिए उनके टिकानों पर छापेमारी की जा रही है। कुंदन विष्ट, हर्षवर्धन, प्रदीप सिंह और जैसमिन कौर के ख़िलाफ़ पंजाब आबकारी एक्ट की धारा 61 /1/14 और 78(2) और आई.पी.सी. की धारा 420 और 120-बी के अंतर्गत पुलिस थाना खमाणों में एफआईआर दर्ज की गई है।


# मिर्धा एवं सिंह सर्वाधिक चार बार राजस्थान से पहुंचे राज्यसभा


जयपुर 29 मई (वार्ता) राजस्थान में अब तक राज्यसभा के लिए हुए चुनाव में पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामनिवास मिर्धा एवं जसवंत सिंह सर्वाधिक चार बार राज्यसभा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है।

अब तक राज्यसभा पहुंचे सांसदों में कांग्रेस की शारदा भार्गव सहित आठ सांसद तीन बार जबकि केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं भाजपा सांसद ओमप्रकाश माथुर सहित बीस सांसद दो बार और करीब सत्तर सांसद एक बार राजस्थान से निर्वाचित होकर राज्यसभा पहुंचने में सफलता पाई।

लोकसभा अध्यक्ष रहे श्री मिर्धा ने कांग्रेस उम्मीदवार के रुप में चार मई 1967 को उपचुनाव जीतकर पहली बार राज्यसभा पहुंचे। इसके बाद वह वर्ष 1968 में दूसरी बार, 1974 में तीसरी बार तथा वर्ष 1980 मे चौथी बार राज्यसभ में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। इसी तरह विदेश मंत्री रहे श्री जसवंत सिंह भाजपा प्रत्याशी के रुप में पांच जुलाई 1980 को पहली बार राजस्थान से राज्यसभा के लिए चुने गए। इसके बाद वह 1986 में दूसरी बार राज्यसभ सांसद निर्वाचित हुए लेकिन 27 नवंबर 1989 को इस्तीफा दे दिया। इसके बाद वह वर्ष 1998 में फिर राज्य से तीसरी बार और वर्ष 2004 में चौथी बार सांसद बनकर प्रदेश का राज्यसभा में प्रतिनिधित्व किया।

इसी तरह कांग्रेस की उम्मीदवार शारदा भार्गव वर्ष 1952 को पहली बार, वर्ष 1956 में दूसरी बार एवं वर्ष





1963 में तीसरी बार राजस्थान से राज्यसभ पहुंची। इसके अलावा कांग्रेस प्रत्याशी के रुप में कृष्ण कुमार बिड़ला वर्ष 1984, 1990 एवं वर्ष 1996, मोहम्मद उस्मान आरिफ वर्ष 1970, 1976, एवं वर्ष 1982, संतोष बागरोदिया वर्ष 1986, 1998 एवं वर्ष 2004 एवं नरेन्द्र बुडानिया वर्ष 1986, 1998 एवं वर्ष 2004 एवं भुवेनेश चतुर्वेदी वर्ष 1982,1988 एवं 1994 तथा रामदास अग्रवाल भाजपा के उम्मीदवार के रुप में वर्ष 1990, 1996 एवं 2006 जबकि निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में हरीशचंद माथुर वर्ष 1952, 1967 एवं वर्ष 1968 में राजस्थान से राज्यसभ के लिए निर्वाचित होकर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। राजस्थान से दो बाद राज्यसभा पहुंचने वाले सांसदों में केन्द्रीय मंत्री श्री यादव भाजपा उम्मीदवार के रुप में वर्ष 2012 एवं वर्ष 2018 में राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए। इसी तरह भाजपा के ही श्री ओम प्रकाश माथुर वर्ष 2008 एवं 2016, भाजपा प्रत्याशी के रुप में पुलिस महानिदेशक रहे ज्ञान प्रकाश पिलानिया वर्ष 2004 एवं 2008 तथा सुदंर सिंह भंडारी वर्ष 1976 में भाजपा एवं वर्ष 1966 में अन्य प्रत्याशी के रुप में राज्यसभा के लिए चुने गए।

कांग्रेस प्रत्याशी के रुप में दो बार राज्यसभा पहुंचने वाले सांसदों में पूर्व मुख्यमंत्री जयनारायण व्यास वर्ष वर्ष 1957 एवं 1960, जगन्नाथ पहाड़िया वर्ष 1965 एवं बरकतुल्ला खान वर्ष 1952 एवं 1954 के अलावा चौधरी कुंभाराम आर्य वर्ष 1960 एवं 1968, अबरार अहमद वर्ष 1988 एवं 2002, सादिक अली वर्ष 1958 एवं 1964, स्वामी केशवानंद 1952 एवं 1958, धुलेश्वर मीना 1980 एवं 1986, मूलचंद मीणा 1992 एवं 2000, बी एल पंवार 1985 एवं 1986, भीमराज वर्ष 1978 एवं 1984, के एल श्रीमाली 1952 एवं 1956, विजय सिंह 1954 एवं 1960, अभिषेक मनु सिंघवी 2006 एवं 2012 तथा प्रभा ठाकुर 2002 एवं 2008 में प्रदेश से राज्यसभा पहुंची जबकि दलपत सिंह वर्ष 1964 एवं 1966 में अन्य प्रत्याशी के रुप में राजस्थान का राज्यसभा में प्रतिनिधित्व किया।

## शार्ट न्यूज

### रिद्धिश स्मार्ट ईवी व्हीकल लॉन्च में शामिल होने के लिए धन्यवाद

**आनंद राय गौरवशाली भारत**



**नई दिल्ली।** मैं श्रीमान संवित चालाना अध्यक्ष एवं श्री. राघवेंद्र वरमुला, राहुल मार्केटिंग पार्टनर ने गर्व से पेन इंडिया बाजार के लिए वाहन के लॉन्च की घोषणा की और हम भारत के नंबर एक ब्रांड हैं, जिसमें 8 रंगों के साथ 10+ मॉडल हैं, जिसमें कुल मिलाकर 80 उत्पाद शामिल हैं। हम गर्व से कहते हैं कि हमारा उत्पाद भारत का सबसे कम कीमत वाला उत्पाद है। हम भारत की हरित क्रांति का हिस्सा बनना चाहते हैं। रिद्धिश स्मार्ट वाहन मोबिलिटी के भविष्य का परिचय देता है, जो अब तक का उन्नत इलेक्ट्रिक स्कूटर है। रिद्धिश स्मार्ट वाहन का विजन एक ही शहर और आसपास के इलाकों में एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए आसान, सस्ता, विश्वसनीय और पर्यावरण के अनुकूल तरीका प्रदान करना है। मेक इन इंडिया पहल हमारे भारत में बेहतर रोजगार पैदा करने और प्रदान करने के लिए हमारा मुख्य विचार है। हमारा मुख्य फोकस हर पीढ़ी के प्रत्येक ग्राहक को संतुष्ट करने के लिए डिजाइन और रंगों के बेहतरीन विकल्प के साथ बेहतर आवागमन वाले वाहन उपलब्ध कराना है। हम हर राज्य में असेंबलिंग पॉइंट पार्टनर्स लेकर आ रहे हैं और हम भारत के हर जिले में एक्सक्लूसिव शोरूम शुरू कर रहे हैं और हम पूरे भारत के हर जिले, कस्बों और शहरों में बेहतरीन सर्विस सेट अप कर रहे हैं। 2023 तक बाजार में अच्छी हिस्सेदारी का लक्ष्य।

### 13 वर्षीय किशोरी को अगवा कर 3 लोगों ने कार में किया गैंगरेप, फिर बनाई अश्लील वीडियो

गाजियाबाद। गाजियाबाद के कविनगर थानाक्षेत्र में 13 वर्षीय किशोरी को कार में अगवा कर तीन युवकों द्वारा गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। यह घटना 19 मई की है। गैंगरेप के बाद आरोपी पीड़ित किशोरी को गांव के बाहर फेंककर फरार हो गए थे। शनिवार को किशोरी के परिजनों ने थाने पहुंचकर शिकायत दी। इसके आधार पर पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। कविनगर थानाक्षेत्र के गांव में रहने वाले व्यक्ति का कहना है कि उनकी बेटी 19 मई को अपनी छोटी बहन को स्कूल से लेने जा रही थी। रास्ते में एक फार्म हाउस के सामने पहुंचने पर एक आल्टो कार उसके पीछे आकर रुकी। उसमें सवार गांव के ही तीन दबंग युवकों सुमित यादव, मुकुल यादव और तस्सी यादव ने उनकी बेटी को कार में अगवा कर लिया। पीड़ित का कहना है कि इसके बाद उनकी बेटी के साथ जबरन गैंगरेप किया गया। पीड़ित पिता का कहना है कि इस दौरान आरोपियों ने अपने मोबाइलों में उनकी बेटी की अश्लील वीडियो भी बनाई।

### छह साल की बच्ची को बंधक बनाकर बलात्कार

गाजियाबाद। विजयनगर थानाक्षेत्र में छह साल की मासूम को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। घटना को मोहल्ले के ही 45 वर्षीय राजमिस्त्री ने अंजाम दिया। गंभीर हालत में बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। विजयनगर थानाक्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाला व्यक्ति प्राइवेट नौकरी करता है। उसकी दो बेटी और एक बेटा है। पिता का कहना है कि उसकी छह वर्षीय बेटी शनिवार को घर के बाहर खेल रही थी। उसी दौरान 45 वर्षीय धर्मपाल बच्ची को कोल्डड्रिंक दिलाने के बहाने अपने घर ले गया और उसे चार घंटे तक बंधक बनाकर दुष्कर्म किया।

### दोस्त ने युवती को मिलने के लिए होटल में बुलाया, फिर शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

गुरुग्राम। गुरुग्राम के डीएलएफ फेज-2 थाना पुलिस को एक युवती ने उसके साथ दुष्कर्म की शिकायत दी है। युवती ने अपने दोस्त पर शादी करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से करनाल निवासी युवती ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह डीएलएफ फेज-2 क्षेत्र में किराये पर रहती है। उसकी दोस्ती कुछ समय पहले बीकानेर निवासी शाहरुख से हुई थी। आरोप है कि उसने पांच दिसंबर 2021 को उसे एक होटल में मिलने बुलाया। वहां उसने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने शादी करने का झांसा दिया। इसके बाद आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया।

### शराब के लिए पत्नी को पीटा

गुरुग्राम। पति और उसके दोस्तों व संबंधियों को शराब परोसने से मना करना एक महिला को भारी पड़ गया। पति ने इस बात को लेकर अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर दी। पत्नी ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर पुलिस को इसकी सूचना दी। महिला ने मौके पर पहुंची पुलिस को पति के खिलाफ लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में महिला ने बताया कि वो अपने पति, दो बच्चों, एक बहू और पोती के साथ सेक्टर-43 में रहती है। महिला ने बताया कि उसका पति शराब का आदि है। उसने बताया कि उसका पति आए दिन घर में कलेश करता है और अपनी पत्नी को परिवार वालों के सामने बेइज्जत करता है।

### दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना की फोटो लगाकर वॉट्सऐप पर दी धमकी, स्पेशल सेल ने दर्ज की एफआईआर

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने एक व्यक्ति को झूठे मामलों में फंसाने के लिए दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना के नाम और फोटो का कथित तौर पर गलत इस्तेमाल करने के आरोप में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। वॉट्सऐप पर दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना की प्रोफाइल फोटो लगाकर एक शख्स ने किसी को झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने धमकी भरे मैसेज का स्क्रीनशॉट मेल कर दिल्ली पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने इस मामले को जांच के लिए स्पेशल सेल के हवाले कर दिया है। पीड़ित ने 25 मई को दिल्ली पुलिस को मेल भेजकर इस बारे में शिकायत की थी। पीड़ित ने बताया कि एक मोबाइल नंबर से कॉल कर धमकी दी जा रही है। इस मोबाइल नंबर के वॉट्सऐप पर पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना की डीपी (डिस्प्ले पिक्चर) लगी हुई है। साथ ही ट्रू कॉलर पर भी राकेश अस्थाना की फोटो दिख रही है। इस नंबर से उसे झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी जा रही है। स्पेशल सेल ने आईपीसी की धारा 419/170/506/507 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### आर्बिटेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु आयोजित विशेष लोक अदालत में कुल 106 वादों का किया गया निस्तारण

ग्रेटर नोएडा। सर्वोच्च न्यायालय व राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उच्च न्यायालय इलाहाबाद व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में आर्बिटेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर अवनीश सक्सेना की अध्यक्षता एंव दिशा निर्देशन में रविवार को जनपद न्यायालय गौतमबुद्धनगर में किया गया।

# उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को उखाड़ फेंकने का दम रखने वाली बी.एस.पी. ही ग़रीब-विरोधी भाजपा की भी जड़ हिलाने में सक्षम

## इसी लोक नज़रिए व राजनीतिक वास्तविकता के धरातल पर नई जरूरत के साथ समाज पार्टी यूपी यूनिट का दो-दिवसीय समीक्षा बैठकों का लम्बा दौर कल समाप्त हुआ

**विवेक राय गौरवशाली भारत**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में खासकर दलित, आदिवासी, पिछड़ा व धार्मिक अल्पसंख्यक-विरोधी नीति व कार्यशैली अपनाने वाली कांग्रेस पार्टी को उखाड़ फेंकने का दमखम रखने वाली बी.एस.पी. ही गरीब-विरोधी व धन्नासेठ-समर्थक पार्टी भाजपा की भी जड़ यहाँ हिलाने में सक्षम है, इसी लोक नजरिये व राजनीतिक वास्तविकता के धरातल पर नयी जरूरत के साथ बहुजन समाज पार्टी (बी.एस.पी.) यूपी यूनिट का दो-दिवसीय ज़िला व मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठकों का लम्बा दौर आज यहाँ सम्पन्न हुआ।
यूपी में आगामी 23 जून को होने वाले दो लोकसभा उपचुनाव में से एक सीट को पूरी दमखम के साथ लड़ने का भी फैसला इस बैठक में लिया गया, जिसके सम्बंध में आज़मगढ़ लोकसभा उपचुनाव के बारे में पार्टी अपना फैसला व प्रत्याशी भी काफी पहले ही घोषित कर चुकी है। लेकिन दूसरी रामपुर लोकसभा की सीट पर, पार्टी यह उपचुनाव नहीं लड़ेगी। क्योंकि इस सीट को अभी ओर मजबूत बनाने की जरूरत है। जिसे सन् 2024 के आगामी लोकसभा आमचुनाव में जरूर लड़ा जायेगा। साथ ही इस सीट पर पार्टी किसी को भी अपना समर्थन नहीं देगी। ऐसी स्थिति में अब, पार्टी के लोग यहाँ चुनाव के दौरान् अपनी पार्टी के दिये गये कार्यों को ही करने में जुटे रहेंगे।
बी.एस.पी. की राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व सांसद सुश्री मायावती जी द्वारा विधानसभा आमचुनाव के बाद के पिछले लगभग दो महीने के दौरान नई रणनीति के तहत् पार्टी की जमीनी गतिविधियों व पार्टी संगठन के कार्यकलापों आदि के सम्बंध में अलग-अलग से जिला व मण्डलवार गहन समीक्षा की गई। इन बैठकों में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ-साथ जिला अध्यक्षों व अन्य जिम्मेदार लोगों ने भी भाग लिया। इन बैठकों में खासकर दिनांक 11 मार्च व फिर 27 मार्च 2022 को दिए गए नये दिशा-निर्देशों के मद्देनजर उन पर कितनी मुस्तैदी से अमल किया गया तथा क्या जरूरी बदलाव आगे के लिए किए गए हैं, इनकी भी गहराई से आमने-सामने की बैठकों में समीक्षा की गई और सौंपी गई नई जिम्मेदारियों में तेजी से लग जाने का आह्वान किया गया।
सुश्री मायावती जी ने कहा कि बी.एस.पी. सीमित संसाधनों वाली पार्टी है, जिसका मुकाबला ज्यादातर बड़े-बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों के धनबल पर चलने वाली विरोधी पार्टियों के साम, दाम, दण्ड, भेद आदि हथकण्डों से लगातार होता रहता है। इसीलिए पार्टी व इसके जनाधार को नुमाईशी व शहखर्ची वाली बैठकों आदि से दूर रहकर छोटी-छोटी कैडर बैठकों के बल पर मजबूत बनाना होगा।
इस दो-दिवसीय बैठकों में पाया गया कि हालाँकि यूपी विधानसभा आमचुनाव के नतीजे लोगों की भरपूर लगन व मेहनत के बावजूद आपेक्षित रिज़ल्ट का नहीं आना किसी दुर्घटना से कम नहीं, किन्तु राजनीति व मिशन इसी उतार-चढ़ाव का ही नाम है, इसको समझ कर ही आगे बढ़ते रहना है तथा परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के जीवन मिशन की तरह हिम्मत कतई नहीं हारना है। कोई एक राजनीतिक घटनाक्रम पार्टी में दोबारा जान फूंक देगा, जिसके लिए सतत् प्रयास जारी है।
साथ ही, खासकर इस विधानसभा आमचुनाव परिणाम के बाद सभी को यह भी अन्दाज़ा है कि बी.एस.पी. ही सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की सच्ची पार्टी है तथा इसके लिए हर प्रकार की कुर्बानी भी देने को तैयार रहती है। अपने इसी संकल्प के आधार पर यूपी में पहले कांग्रेस पार्टी को जड़ से उखाड़ने और अब भाजपा की जड़ को हिलाने की भी शक्ति इसके अन्दर मौजूद है। अगर मुस्लिम समाज का वोट समाजवादी पार्टी की बजाय बी.एस.पी. को मिल गया होता तो निश्चय ही यूपी का राजनीतिक नक्शा इस वक्त कुछ और ही होता। संभव है कि इस सोच का प्रभाव खासकर आज़मगढ़ लोकसभा उपचुनाव पर पड़े।
इसके अलावा, बी.एस.पी. ही, इंसाफ की माँग के अनुरूप, अपराधियों को उसके अपराध के अनुपात में बिना किसी जातिगत द्वेष व राजनीतिक भेदभाव के कानूनी सजा दिलाने की पक्षधर रही है तथा यहाँ के करोड़ों गरीबों, महिलाओं व उपेक्षितों आदि की सुरक्षा व उनके हक में जुल्म-ज्यादती व अराजकता के माहौल का सफाया करके उन्हें सुख-शान्ति दी है, जिसकी कमी वर्तमान भाजपा सरकार में भी देखने को मिल रही है।
वैसे सरकारी दमन के आगे आम जनता बोलने की हिम्मत भले ही न कर पा रही हो, लेकिन स्पष्ट है कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों व कार्यकलापों के कारण देश में हर जगह लोगों के जीवन से सुख, शान्ति व समृद्धि छिन गई है तथा महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी आदि का अभिशाप बढा है। सरकारी नौकरी पहले से ही दुर्लभ है। दलितों, आदिवासियों व ओबीसी वर्गों के लिए आरक्षण का भारी बैकलाग है जबकि प्राइवेट नौकरी छूटती ही जा रही है, तो ऐसे में पेट व परिवार पालने के लिए छोटे-मोटे स्वरोजगार करने को मजबूर गरीब व बेरोजगार लोगों को अतिक्रमण हटाने के नाम पर हर दिन सरकारी जुल्म-ज्यादती व बुलडोजर के आंतक का शिकार बनाया जा रहा है। ऐसी गरीब-विरोधी व्यवस्था क्यों? बुलडोजर का सही इस्तेमाल सड़क निर्माण व विकास आदि में होना चाहिए, जबकि इसका उपयोग ही बदलकर आम लोगों के विनाश में लगा दिया गया है, यह अजीब विडम्बना है जिसके चर्चे हैं किन्तु सरकार इसे भी उपलब्धि मान कर चल रही है।
इसलिए धन्नासेठ-समर्थक भाजपा सरकार को रोजगार-मुक्त विकास का रास्ता छोड़कर रोजगार के अवसर बढ़ाने की नीयत विकसित करके उस हिसाब की नीति पर सख्ती से अमल करना चाहिए। पाँच वर्ष आगे का बजट आँकड़ा देकर जनता को गुमराह नहीं करना चाहिए। रोज़ी-रोटी व रोज़गार जनता के आज की भूख मिटाने की खास ज़रूरत है जिसके आधार पर ही कल का भारत खड़ा होगा। सुश्री मायावती जी ने कहा कि आम जनता के बुनियादी मुद्दों पर ही आधारित कैडर बैठकें होनी चाहिए तो बेहतर है क्योंकि सरकारों ने जनता की मूलभूत समस्याओं पर से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक मुद्दो व विवादों आदि की भरमार लगा दी गई है। साथ ही, स्थानीय उपयोगों व ख़ासकर पर्यटकों आदि में लोकप्रिय यूपी की राजधानी लखनऊ की नई शान व पहचान दलित व ओबीसी समाज में जन्में महान सन्तों, गुरुओं व महापुरुषों के नाम पर बने भव्य स्थलों व पार्कों आदि की दुर्दशा को दूर करने की ओर बी.एस.पी. द्वारा बार-बार सरकार से अनुरोध व माँग करने के बावजूद, इनकी लगातार हो रही उपेक्षा व अनदेखी अति-दु:खद। अख़बार की रिपोर्ट के अनुसार डा. अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल की रख-रखाव के लिए यूपी सरकार द्वारा मात्र एक करोड़ रूपये का ही बजटीय प्रावधान किया गया है, जो कितना उचित?

# भारत गौरव श्री सम्मान से नवाजी गईं कई हस्तियां

## देश और समाज के गुमनाम नायकों के लिए है भारत गौरव श्री सम्मान : तपन कुमार राउत राय

**प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के अशोका होटल में रविवार को आयोजित एक भव्य समारोह में शिक्षा, स्वास्थ्य, इंडस्ट्री, आईटी आदि क्षेत्रों में काम करने वाली हस्तियों को वर्ष 2022 के लिए भारत गौरव श्री सम्मान से विभूषित किया गया। सम्मानित हस्तियों में अपने-अपने क्षेत्र के कई विशेषज्ञ और समर्पित लोग शामिल हुए। जिनमें से एस्ट्रोफिजिक्स के लिए डॉ अरिपिराला कल्याण और एस्ट्रोलॉजी के लिए डॉ आयशना कौशिक के अलावा तीस से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया।
समारोह में विशेष अतिथि के रूप में मौजूद टीम इंडिया के पूर्व कोच मदन



लाल शर्मा ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर काम कर रहे लोगों को सामने लाने और उनकी काम को लोगों तक पहुंचाने में भारत गौरव श्री पुरस्कार परिषद का यह योगदान प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में मौजूद रक्षा विशेषज्ञ प्रफुल्ल बख्शी ने कहा कि आज के वक्त में सबको मिलकर देश को मजबूत बनाने के लिए काम करना होगा, तभी भारत को एक महाशक्ति बनाने का सपना साकार हो सकता है। इस मौके पर भारत गौरव श्री सम्मान के आयोजक तपन कुमार राउतराय ने कहा कि देश और समाज के गुमनाम नायकों के लिए यह सम्मान है, जो चकाचौंध से दूर रहकर खामोशी अपना योगदान दे रहे हैं और अपने कार्य से वंचितों, दबे-कुचले लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।
अंतरराष्ट्रीय मोटीवेशनल स्पीकर एपीजे बोसमैन ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि बिना लाइमलाइट में आए हुए और निस्वार्थ भाव से काम करने वाले लोग किसी भी समाज की असली ताकत हैं, हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें महत्व दें और उनके प्रति आभार जताएं। सही मायनों में देखें तो भारत गौरव श्री पुरस्कार परिषद इसी भूमिका को निभाने की कोशिश कर रही है।
कांगो दूतावास से विशिष्ट मेहमान के तौर पर तंबवा कनिकी औगुयू ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान बीजीएसएससी के डायरेक्टर डॉ अभिन्ना कुमार होता और डॉ तपन कुमार राउतराय ने मुख्यक अतिथियों व सम्माानित सदस्यों का स्वागत किया।

### गुरुग्राम : जीजा के मर्डर में साला और सास गिरफ्तार, मृतक के घर में ही रहते थे आरोपी, जानिए हत्या की वजह

गुरुग्राम। गुरुग्राम के डीएलएफ क्षेत्र में 26 मई को एक युवक की संदिग्ध हालत में हुई मौत के मामले में पुलिस ने उसके साले और सास को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में पता चला है जीजा के धमकाने पर साले ने उसके सिर में लोहे की रॉड से हमला कर दिया था। घायल हालत में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। आरोपी व उसकी मां ने मृतक की पत्नी को बताया था कि उसका पति सीढ़ियों से नीचे गिर गया था, जिस कारण उसे गहरी चोटें आईं, लेकिन मृतक की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर पर किसी भारी वस्तु हमला करने की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने पश्चिम बंगाल निवासी मृतक के साले सूरज राय और सास मालती राय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से हत्या में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड भी बरामद कर ली है। आरोपी साले ने जीजा द्वारा डांटने पर लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस के अनुसार 26 मई को नाथूपुर चौकी में सूचना मिली थी कि शुभांकर भद्रा नामक व्यक्ति की कथित तौर पर मकान के अंदर लगी सीढ़ियों से गिरने के कारण लगी चोटों से मौत गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक की पत्नी ने बताया कि वह अपने पति के साथ डीएलएफ यू-ब्लॉक में रहती है और उसकी मां व भाई भी उनके साथ ही रहते हैं। महिला के पति की बर्तन बेचने की दुकान है।

### थाना बादलपुर से सम्बन्धित गैंग लीडर देवेंद्र चंदेला की अपराध से अर्जित की गयी चार करोड़ रूपये की सम्पत्ति को किया गया अधिग्रहित

ग्रेटर नोएडा। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट के समस्त पुलिस अधिकारियों द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध निरंतर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इस कड़ी में शुक्रवार को पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्धनगर द्वारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही के अंतर्गत अभियुक्त गैंगलीडर देवेन्द्र चंदेला पुत्र हरीशचन्द निवासी गिरधरपुर सुनारसी थाना बादलपुर जिला गौतमबुद्धनगर की संपत्ति कीमत लगभग चार करोड़ रूपये को अधिग्रहित किए जाने का आदेश पारित किया गया था। उक्त आदेश के अनुपालन में रविवार को थाना बादलपुर पुलिस द्वारा एसीपी-2 सेंट्रल नोएडा के नेतृत्व में देवेन्द्र चंदेला द्वारा अपराध से अर्जित की गयी सम्पत्ति कीमत करीब चार करोड़ रूपये को अधिग्रहित किया गया।अभियुक्त द्वारा अपने अन्य गैंग सदस्यों रविन्द्र चंदेला, जितेन्द्र चंदेला, सतेन्द्र चंदेला, धर्मेन्द्र चंदेला, भोपाल, महिपाल उर्फ अल्लू, अमरजीत बंसल के साथ मिलकर थाना बादलपुर के ग्राम गिरधरपुर में दिन दहाडे भरी पंचायत में एक दुस्साहसिक दोहरे हत्याकांड की घटना को कारित किया गया था।गौरतलब है कि अभियुक्त की अचल सम्पत्ति छपरौला दादरी प्लाट नंबर 66 रकबा 107 वर्ग गज, खसरा नंबर 7क, 89.46, छपरौला में रकबा 52 वर्ग गज, खसरा नंबर 328, 43.47, छपरौला में ग्राम छपरौला के खसरा 192, 66.88, दुराई के खसरा संख्या 660,91.97, गिरधरपुर सुनारसी के खाता संख्या 287 रकबा 2470 वर्ग मीटर, ग्राम छपरौला के खसरा संख्या 157, 104.51, छपरौला दादरी में प्लाट रकबा 92 वर्ग गज खसरा नंबर 55,76.92, खसरा संख्या 593 में रकबा 593 33 वर्ग गज, 27.59 और चल सम्पत्ति गाड़ी नंबर यूपी14सीजे 2500 फोर्च्यूनर को अधिग्रहीत किया गया। अपराधियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की कड़ी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# दिल्ली में जल्द जाम से मिलेगी निजात

## अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाला ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम होगा शुरू

नई दिल्ली। दिल्लीवालों को जल्द ही ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलने वाली है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने जाम खत्म करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। अधिकारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली में जाम की स्थिति में कमी लाने और वाहनों की तेज आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इंटिग्रेटिट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) शुरू करने की योजना बनाई है।
उन्होंने बताया कि नई प्रणाली मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर काम करेगी। इसके साथ ही यह एंबुलेंस और दमकल जैसी आपातकालीन सेवा वाले वाहनों को त्वरित रूप से मार्ग उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान करने में भी अहम भूमिका निभाएगी।



अधिकारियों ने कहा कि इसके संचालन और प्रोग्रामिंग की निगरानी के लिए दिल्ली पुलिस मुख्यालय में कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगा।
ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, इस परियोजना का उद्देश्य सभी ट्रैफिक लाइट्स को सिंक्रनाइज करना और सिग्नल लाइट को स्वचालित रूप से नियंत्रित करना है।
आईटीएमएस वाहन चालकों को आगे किसी भी तरह के जाम की स्थिति होने पर पहले ही डायवर्जन के लिए सावधान करेगा।
डीसीपी (ट्रैफिक मुख्यालय-द्वितीय) एसके सिंह ने कहा कि यह प्रणाली नगर निकाय द्वारा संचालित सभी पार्किंग स्थलों से भी जुड़ी होगी ताकि वाहन चालकों को उक्त स्थान पर पहुंचने से पहले ही पार्किंग की स्थिति से अवगत कराया जा सके। उन्होंने कहा कि वाहन चालक दिल्ली नगर निगम के मोबाइल ऐप पर अपडेट स्थिति को देख सकते हैं, जो पॉपअप संदेश प्रदर्शित करेगा। यह गूगल मैप से भी जुड़ा होगा।
डीसीपी ने बताया कि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इंटिग्रेटिट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के लिए सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग (सी-डैक) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं जो कार्य को आगे परामर्शदाता को हस्तांतरित करेगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में योजना शुरुआती दौर में है। अधिकारी ने कहा कि हमने परियोजना और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के लिए आठ महीने का समय दिया है। इस दौरान 42 स्थानों पर सर्वे होगा, जिसके अंतर्गत 1200 सिग्नल और 600 ब्लिंकर्स हैं। यह रिपोर्ट इस साल नवंबर में जमा की जानी है।
गौरतलब है कि कुछ दिन पहले मुंडका स्थित एक इमारत में आग लगने से 27 लोगों की जान चली गई थी। कुछ दमकल वाहनों को वहां पहुंचने में कथित तौर पर जाम की वजह से देरी हुई और अगर वे समय से पहुंचते तो कुछ लोगों की जान बच सकती थी।
इस पर, डीसीपी ने कहा कि नया आईटीएमएस आपातकालीन वाहनों की परेशानी मुक्त आवाजाही की सुविधा के लिए एक ग्रीन कॉरिडोर भी शामिल करेगा।

# दिल्ली : जज की पत्नी ने भाई के घर जाकर लगाई फांसी

## लाश के पास मिले 3 सुसाइड नोट; मोबाइल घर छोड़कर शनिवार से थी लापता

**एजेंसी**

नई दिल्ली। दिल्ली के साकेत कोर्ट के जज की पत्नी द्वारा एक भाई के घर जाकर कथित तौर पर फंखे से लटक कर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जज ने शनिवार को पुलिस में पत्नी की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस को शव के पास से तीन सुसाइड नोट भी मिले हैं।

जानकारी के अनुसार, साकेत कोर्ट के एडिशनल सेशंस जज अशोक बेनीवाल की पत्नी अनुपमा बेनीवाल (42 साल) ने कथित तौर पर अपने भाई के घर पर फंखे से लटक कर खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक, एएसजे अशोक बेनीवाल साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स में ही रहते हैं। अशोक बेनीवाल ने 28 मई को उनकी पत्नी अनुपमा के घर से लापता होने के बारे में साकेत थाने में शिकायत दर्ज




करवाई थी। उन्होंने बताया था कि पत्नी का मोबाइल फोन भी घर पर है।

शिकायत के बाद पुलिस ने तलाश शुरू की तभी 28-29 मई की दरमियानी रात जज को जानकारी मिली कि उनकी पत्नी अनुपमा ने दिल्ली के मैदानगढ़ी इलाके में अपने रिश्तेदार के घर पर फंखे से लटकर कर सुसाइड कर लिया है।


पुलिस ने बताया कि अशोक बेनीवाल ने शनिवार 28.05.2022 की रात 10.30 बजे पुलिस को अपनी पत्नी की गुमशुदगी के बारे में सूचना देकर बताया कि वह सुबह करीब 11.30 बजे मालवीय नगर बाजार गई थीं और उसके बाद घर वापस नहीं आईं। साकेत थाना पुलिस ने तुरंत गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस स्टाफ ने आसपास के इलाके में बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। उस दौरान एक फुटेज में एक ऑटो रिक्शा की पहचान की गई और ऑटो मालिक का पता लगाया गया, जो रघुबीर नगर जेजे कॉलोनी में रहता था। पुलिस उस पते पर पहुंची और ऑटो चालक से पूछताछ की। चालक ने बताया कि उस अनुपमा बेनीवाल को मैदानगढ़ी थाना क्षेत्र के राजपुर खुर्द में छोड़ा था।

### ग्रिल तोड़कर घर के अंदर पहुंची पुलिस

पुलिस ने यह जानकारी बेनीवाल के साथ साझा की तो पता चला कि अनुपमा का भाई वहां रहता है। इसके बाद अशोक बेनीवाल पुलिस स्टाफ के साथ राजपुर खुर्द एक्सटेंशन पहुंचे तो घर अंदर से बंद मिला। लोहे की ग्रिल तोड़कर दरवाजा खोला गया। पुलिस घर के अंदर पहुंची तो पहली मंजिल के एक कमरे में अनुपमा बेनीवाल का शव दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका मिला। उनके भाई का परिवार दूसरी मंजिल पर रहता है। शव के पास से तीन सुसाइड नोट भी मिले हैं।

आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को एम्स की मोर्चरी में रखवा दिया है। आगे की जांच की जा रही है।

### कैलाश अस्पताल द्वारा जेवर टोल प्लाजा पर किया गया निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन



ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के जेवर टोल प्लाजा पर कैलाश अस्पताल के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह आईएएस के द्वारा किया गया। कैम्प में यमुना एक्सप्रेस वे पर चलने वाले ड्राइवरों के ब्लडप्रेशर की जाँच,आई टैस्ट,हृदय की जाँच, शुगर के अलावा अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गये। कैम्प में लगभग 125 ड्राईवरों के स्वास्थ्य एवं आँखों की जाँच की गई।कैम्प का आयोजन शुक्रवार को कैलाश अस्पताल द्वारा किया गया। कैम्प का आयोजन मुख रुप से यमुना एक्सप्रेस वे पर चलने वाले ट्रकों के चालकों की आँखों का टैस्ट करना रहा।इस मौके पर यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह आईएएस, एसीईओ यमुना विकास प्राधिकरण मोनिका राय आईएएस, एसीईओ यमुना विकास प्राधिकरण रविन्द्र सिंह आईएएस,वाइस प्रेसीडेंट जेपी अशोक खेडा, मेजर जनरल संजीव बजाज इंचार्ज यमुना एक्सप्रेस वे,डॉ ए के सिह, डॉ अभिषेक गौड़ जेवर ट्रामा सेन्टर यमुना एक्सप्रेस जेपी,डॉ बलराम सिंह, डॉ सुभाष राना,टोल प्लाजा इंचार्ज जेवर जयकिशन शर्मा, बिशन शर्मा, अभिनव सिंह आदि उपस्थित रहे।

# संपादकीय



## जलवायु परिवर्तन के कारण मानव जाति का अस्तित्व ख़तरे में?

पृथ्वी पर जब–जब आपदा आई है तो भारतीय वैज्ञानिकों ने मानव जाति को उन आपदाओं से मुक्त करने में उत्कृष्ट एवं सहरानीय योगदान दिया है। क्या कारण है कि आज जलवायु परिवर्तन के कारण मानव जाति का अस्तित्व ख़तरे मे पड़ा हुआ है और देश और दुनिया के करोड़ों वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन से मानव जाति को बचाने के प्रयास में लगभग असफल होते प्रतीत हो रहे हैं। देश के एक भारतीय जल वैज्ञानिक श्याम सुंदर राठी के मुताबिक़ उन्होंने अपने संसाधनों के बल पर विज्ञान जगत की सबसे लंबी शोध कर के विश्व का सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक बनने का गौरव हासिल किया है। उनका कहना है कि वह मानव जाति को जलवायु परिवर्तन समस्या से मुक्त कर मानव सभ्यता और मानवता को बचाने के लिए विज्ञान का सबसे बड़ा योगदान दे रहे हैं। उनका मानना है कि उनकी इस विज्ञान की शोध का लाभ सिर्फ भारत ही नहीं अपितु सम्पूर्ण मानव जाति को मिलेगा और सम्पूर्ण विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या से मुक्त होने के साथ–साथ प्राकृतिक आपदा बाढ़, सूखा और जल समस्या से मुक्त हो जाएगा। केवल यही नहीं वरन मानव जाति को अन्य सैकड़ों समस्याओं से भी मुक्ति मिल जाएगी। इसमें कोई दो राय नहीं है कि विश्व के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक सम्पूर्ण मानव जाति के गर्व एवं गौरव के प्रतीक है। जब तक पृथ्वी पर मानव सभ्यता बनी रहेगी तब तक विश्व के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक का रुतबा कायम रहेगा। सम्पूर्ण जगत उनकी पूजा पूरा करेगा इस पर हर भारतीय को गर्व अनुभव करना चाहिए।

भारत हजारों सालों की गुलामी की जंजीरों को तोड़कर बाहर निकलने मे सफल रहा, मगर यह भी एक कड़वा सच है कि देश के नागरिक मानसिक गुलामी से अब तक आज़ाद नहीं हो पाए हैं। इसलिए विज्ञान जगत की सबसे बड़ी सफलता पर गर्व एवं गौरव का अहसास करने से हिचकिचा रहे हैं। आज भारत वासियों को मानसिक गुलामी से आजादी दिलाने के लिए उनके साथ विश्व का सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक अपनी पूरी टीम के साथ खड़ा है। इसलिए देश लोगो को तत्काल इस गंभीर समस्या पर तत्काल विचार करने की आवश्यकता है क्योंकि आज अभी नहीं, तो फिर कभी नहीं की स्थिति बनी हुई है।

देश के जाने–माने जल वैज्ञानिक राठी और उनके सहयोगियों की टीम की खबरें देश की राजधानी सहित करीब एक दर्जन से अधिक राज्यों की सात–आठ भाषाओं से प्रकाशित होती रही है। उनकी शोध का संदेश अब तक सरकार, देश की सारी व्यवस्थाएं, संस्थान और कई करोड़ भारत वासियों तक पहुंच चुका है। शायद सरकार, व्यवस्थाएं, संस्थान एवं भारत के गणमान्य व्यक्ति यह भूल बैठे कि वैज्ञानिक देश के गर्व और गौरव के प्रतीक होते हैं। इसलिए हमें भारतीय वैज्ञानिक पर गर्व करना चाहिए। पृथ्वी को जलवायु परिवर्तन स्थिति से उबारकर लाना और मानव सभ्यता को बचाना हर जिम्मेवार मनुष्य का उत्तरदायित्व है। वैसे तो देश के मान, सम्मान, गर्व एवं गौरव की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी होती है। श्याम सुन्दर राठी का मानना है कि अगर सरकार यह करने में विफल रहे, तो फिर देश की व्यवस्थाएं, संस्थान एवं भारत के गणमान्य नागरिकों पर यह जिम्मेवारी आ जाती है। उनका कहना है कि अगर सरकार, व्यवस्थाएं एवं संस्थान रास्ता भटक गए है तो उसे ठीक रास्ते पर लाने का काम देश के गणमान्य नागरिकों का होता है। देश के सम्मान और विज्ञान की रक्षा करने के लिए देश के गणमान्य नागरिकों को गर्व और गौरव के साथ बड़े स्तर पर संयुक्त रूप से सामाजिक प्रयास कर के सरकार को सही रास्ता दिखाने का काम करना चाहिए। देश की सरकार, व्यवस्थाएं, संस्थान एवं भारत के गणमान्य नागरिकों की संयुक्त उदासीनता का नाम ही आदिमानवीय चिन्ताधारा है।

## क्रिप्टो की अंधी गलियां

रवि कुमार

मैं आपका दर्द झकझोर देने वाले इस एक छोटे से किस्से के जरिए बयां कर रहा हूं। हालिया माय टोकन नाम की एक नकली ऐप निवेशकों को अरबों–खरबों रुपए का चूना लगाकर फुर्र हो गई। मानों, इंवेस्टर्स के स्वर्णिम सपने पलक झपकते ही धूल–धूसरित हो गए। यूं तो इस ऐप का श्रीगणेश अक्टूबर, 2021 को हुआ था। लोगों को लगा, अब तो रातों–रात धनवान हो जाएंगे क्योंकि ऐप तरह–तरह के लुभावने ऑफर देता था। प्रति सप्ताह माय टोकन ऐप तरह–तरह के आकर्षक ऑफर्स की स्कीम लांच करता रहता था, लेकिन निवेशक माय टोकन के मंसूबों से बेखबर रहे। मुंबई में अपना एक ऑफिस खोलने की फेक न्यूज़ भी इंटरनेट पर वायरल कर दी, जिससे धीरे–धीरे आवाम के बीच इस ऐप की पॉपुलैरिटी तो रातों–रात बढ़ती चली गई। कमाल तो यह है, इस ऐप का कोई आधिकारिक संपर्क विवरण भी नहीं था। बावजूद इसके लाखों इंवेस्टर्स ने इसमें अरबों–खराबों रुपए का इन्वेस्टमेंट कर डाला। यकायक 1 अप्रैल, 2022 को निवेशकों को पैसे का रिर्टन बंद हो गया। इसके बाद माय टोकन की वेबसाइट पर नोटिस आया कि निवेशकों का पैसा सुरक्षित है और कुछ टाइम के बाद पैसे की निकासी शुरु हो जाएगी, लेकिन हुआ यह कि न तो ऐप रहा और न ही वेबसाइट। इंवेस्टर्स का अरबों–खरबों रुपया डूब गया। बहुतेरे लोग बर्बाद हो गए, जिन्होंने माय टोकन पर यकीन करके एक बड़ा अमाउंट इन्वेस्ट कर दिया था। इंवेस्टर्स के संग यह धोखा पहली बार नहीं हुआ है जब स्कैमर्स ने धोखाधड़ी की हो। इससे पहले ओटूओवीके, ओरिच ऐप, एचपीजेड टोकन, जाज़ बाइक ऐप, पावर बैंक ऐप, ओएमजी ब्रुश ऐप आदि फेक ऐप लाखों निवेशकों की पीठ में खंजर घोंप कर रफूचक्कर हो चुके हैं।

रातों–रात धन कमाने की सनक किसी को भी गर्त में झोंक देती है। माय टोकन तो महज एक उदाहरण है, लेकिन दुनिया का कोई भी इंसान इसी तरह बर्बाद होता है। जैसे आजकल स्कैमर्स नकली वेबसाइट और ऐप्स बना कर पब्लिक की रकम लूट रहे हैं। स्कैमर्स हमेशा आपकी गाढ़ी मेहनत की कमाई का पैसा चुराने की फ़िराक में रहते हैं। चैनेलिसिस के डाटा हमें न केवल चौंकाते हैं बल्कि चेताते भी हैं। आंकड़े बताते हैं, दुनिया में क्रिप्टोकरेंसी का कुल ट्रांजेक्शन 2021 में बढ़कर 15.8 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। क्रिप्टोकरेंसी में कानूनी लेन–देन के मुकाबले अवैध लेन–देन ज्यादा है, जो दिन प्रतिदिन सुपरसोनिक विमान की गति से बढ़ता ही जा रहा है। आजकल क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग और वालेट की हज़ारों नकली वेबसाइट्स इंटरनेट पर उपलब्ध हैं। नकली वेबसाइट असली वेबसाइट के डोमेन जैसा नाम ही उपयोग में लेते हैं, जिससे उपयोकर्ता को असली और नकली डोमेन में फर्क करना बड़ा कठिन हो जाता है। इसी क्रम में स्कैमर्स ने नए–नए तरीक़े इज़ाद कर लिए हैं। इन नकली वेबसाइट को अधिक भरोसेमंद बनाने के लिए स्कैमर्स नकली रिकार्ड्स और प्रशंसापत्र शो करते हैं। केरल पुलिस ने 1200 करोड़ की नकली क्रिप्टोकरेंसी का भंडाफोड़ किया। नागपुर में 40 करोड़ से ज्यादा क्रिप्टो निवेश के धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। पुणे पुलिस ने आला अफसर के वॉलेट से चोरी 900 से ज्यादा बिटकॉइन की तफ्तीस कर रही है, जिनकी मौजूदा कीमत 320 करोड़ से भी अधिक है।

स्कैमर्स नकली वेबसाइट और क्रिप्टो वालेट बनाकर रखते हैं, जो असली वेबसाइट और वॉलेट से मिलते–जुलते होते हैं। इन वेबसाइट और वालेट की लिंक्स को इंस्टाग्राम ,फेसबुक और टेलीग्राम सरीखे सोशल मीडिया प्लेटफार्मस पर ग्रुप बना कर लोगों के सूचनाएं साझा की जाती हैं। हैकर्स के जरिए तैयार की गई कुछ विशेष प्रकार की लिंक उपयोग में लाई जाती हैं, जो ईमेल, व्हाट्सअप, टेलीग्राम के जरिए रैंडम्ली लोगों को भेजी जाती हैं। उपयोगकर्ता यदि इन लिंक्स पर अपनी जानकारियां साझा कर देता है तो हैकर्स इन इनपुट्स का उपयोग कर अपराध को अंजाम देते हैं। ठगी करने वालों के जरिए लोगों को किसी नए टोकन के बारे में जानकारी दी जाती है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए इंफोरमेशन्स देकर लोगों को सम्मोहित किया जाता है, जिससे लोग उस टोकन में पैसा इन्वेस्ट कर बैठते हैं। इससे टोकन की कीमत काफी बढ़ जाती है, स्कैमर्स अपनी होल्डिंग्स को अच्छे दामों में बेचकर निकल जाते हैं। कुछ ही घंटों में टोकन की कीमत एकदम से गिरा जाती है, इससे लोगों का पैसा डूब जाता है। गूगल प्ले जैसे सरीखे प्लेटफार्म पर सैकड़ों नकली क्रिप्टोऐप्स मिल जाती हैं। लोग इन्हें डाउनलोड कर अपना पैसा गवां देते हैं।

# महापुरुषों को अपमानित करने वाले ज़रा अपनी परिवारिक व संस्कारिक पृष्ठभूमि भी देखें

तनवीर जाफ़री

गत 27 मई को जब कृतज्ञ राष्ट्र आधुनिक भारत के निर्माता व देश के यशस्वी प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्य तिथि मना रहा था इससे ठीक दो दिन पूर्व मध्य प्रदेश के सतना शहर में कलेक्ट्रेट कार्यालय के बिल्कुल क़रीब धवारी चौराहे पर पंडित नेहरू की प्रतिमा पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा लाठी डंडे व पत्थर बरसाये गये और प्रतिमा को खण्डित करने प्रयास किया गया।

हाथों में भगवा झण्डा लिए हुए कुछ असामाजिक तत्व नेहरू जी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करते दिखाई दिये। देश के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर इसे आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ले जाने तक में पंडित नेहरू का क्या योगदान है, भले ही हमारे अपने देश की उस ज़हरीली विचारधारा रखने वाले लोगों को न मालूम हो जो अपनी पूरी ऊर्जा नेहरू के विरुद्ध षड्यंत्र रचने,उनके विरुद्ध झूठी कहानियां गढ़ने,यहां तक कि उन्हें मुसलमान प्रमाणित करने में ख़र्च करते रहे हों।

परन्तु इस दक्षिणपंथी विचारधारा के अतिरिक्त शेष भारतीय व पूरा विश्व आज भी पंडित नेहरू की राजनैतिक सूझ बूझ व उनकी दूरदर्शिता का क़ायल है। पंडित नेहरू के विषय में देश के महान क्रांतिकारी भगतसिंह ने कहा था कि –मैं देश के भविष्य के लिए गांधी, लाला लाजपत राय और सुभाष बोस वग़ैरह सब को ख़ारिज करता हूं। केवल जवाहरलाल वैज्ञानिक मानववादी होने के कारण देश का सही नेतृत्व कर सकते हैं। नौजवानों को चाहिए नेहरू के पीछे चलकर देश की तक़दीर गढ़ें। परन्तु चतुर चालाक नेहरू विरोधी भगत सिंह के इस कथन को याद करने के बजाये कभी पंडित नेहरू व भगत सिंह के मध्य तो कभी पंडित नेहरू व सरदार पटेल के मध्य नये नये मतभेदों की कथायें गढ़ते रहते हैं। नेहरू ही थे जिन्होंने देश को योजना आयोग, भाषावादी प्रांत,भाखड़ा नंगल डैम, आणविक शक्ति आयोग, अनेक सार्वजनिक उपक्रम, तथा भिलाई इस्पात संयंत्र आदि के अतिरिक्त और भी बहुत सारे उपक्रम,संस्थान,संस्थायें योजनायें देकर देश को प्रगति पर लाने अपना बेशक़ीमती योगदान दिया।

भारत से लेकर विदेशों तक में इसी विचारधारा के लोगों द्वारा न केवल पंडित नेहरू बल्कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर भी अनेक स्थान पर दर्जनों बार हमले किये जा चुके हैं और उन्हें खंडित भी किया जा चुका है।

कहीं इनकी प्रतिमाओं पर पेन्ट लगाया गया तो कहीं स्याही फेंक कर अपनी भड़ास निकाली गयी। इसी वर्ष 14 फ़रवरी को बिहार राज्य के पूर्वी चंपारण ज़िले के मोतिहारी शहर के मध्य स्थित गांधी स्मारक एवं



संग्रहालय के समक्ष स्थित चरख़ा पार्क में स्थापित महात्मा गांधी की आदम क़द प्रतिमा को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया।

इस चरख़ा पार्क का निर्माण मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी स्मारक के सामने 2017 में किया गया था। यह चंपारण का वही ऐतिहासिक स्थल है जो गाँधी की कर्मभूमि व सत्याग्रह आंदोलन की प्रयोग स्थली के रूप में विश्व विख्यात है।

कितना दुखद है कि जिस चंपारण से महात्मा गांधी ने अपना सत्याग्रह शुरू किया था,ठीक उसी जगह पर उनकी प्रतिमा को तोड़ कर फेंक दिया गया ? उस प्रतिमा को जिसे बापू के सत्याग्रह आंदोलन की स्मृति में लगाया गया था ?

गाँधी से नफ़रत का जो सिलसिला उनकी हत्या से शुरू हुआ था वह ख़त्म होने का नाम नहीं ले रहा है। गोडसे को गाँधी उपलब्ध हो गये थे इसलिये उसने उनकी हत्या कर दी। परन्तु आज जिन गोडसेवादियों को गांधी नहीं मिल पाते वे या तो गांधी का पुतला बना कर उसी पर गोलियां बरसाकर अपने संस्कारों पर फूल चढ़ाते हैं या इसी तरह प्रतिमाओं को खंडित कर या इन्हें अन्य तरीक़ों से अपमानित करने का प्रयास कर अपने दिल की भड़ास निकालते रहते हैं।

सवाल यह है कि क्या इस तरह की हरकतों से महात्मा गांधी के शांति,सत्य व अहिंसा तथा साम्प्रदायिक सद्भावना के विचारों को कभी समाप्त किया जा सकता है ? इतिहास तो यही बताता है कि गांधी लोगों के दिलों पर जितना अपने जीवनकाल में राज नहीं करते थे,हत्या बाद उनका व्यक्तित्व उससे कहीं ज़्यादा प्रभावी हो गया। गाँधी व नेहरू की प्रतिमाओं की ही तरह बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमाओं व मूर्तियों पर जब जब आक्रमण किया जाता रहा है तब तब उनके विचारों को और भी बल मिलता है।

इन महापुरुषों की लोकप्रियता व स्वीकार्यता का अंदाज़ा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि दक्षिणपंथी विचारधारा से संस्कारित लोग भले ही अपने संस्कार व शिक्षा के चलते स्वयं को इन महापुरुषों को अपमानित करने के तरह तरह के प्रयासों से स्वयं को न रोक पाते हों। परन्तु इसी विचारधारा के ज़िम्मेदार पदों पर बैठे लोग इन महापुरुषों के देश के प्रति किये गये योगदान की वजह से इनके विरुद्ध उतने आक्रामक नहीं हो पाते जितना कि इनके मातहत के छुटभैय्ये हो जाते हैं। बल्कि प्राय: इन ज़िम्मेदारों को तो देश व दुनिया को दिखाने के लिये इनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण भी करना पड़ता है। यहाँ तक कि बुझे दिल से ही सही परन्तु इनका थोड़ा बहुत गुणगान भी करना पड़ता है।

गाँधी,नेहरू और अंबेडकर अलावा भी हमारे देश में तमिलनाडु के वेल्लुर में समाज सुधारक पेरियार की मूर्ति तोड़ी जा चुकी। बंगाल के बीरभूम में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति तोड़ी गयी , त्रिपुरा में लेनिनकी मूर्ति ध्वस्त की गयी।

और भी अनेक महापुरुष की प्रतिमायें समय समय पर असामाजिक तत्वों के निशाने पर रही हैं। देश के लोगों के लिये आदर्श स्थापित करने वाले महापुरुष जो हमारे देश की धरोहर हैं,उन्हें अपमानित करने की कोशिश करने वाले लोगों को ऐसा करने से पहले कम से कम देश के प्रति स्वयं उनके अपने योगदान,अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि व संस्कारों पर भी ग़ौर करना चाहिये ? आख़िर उन्हें ऐसी शिक्षा व निम्नस्तरीय संस्कार कहाँ से हासिल होते हैं जो उनमें देश के महापुरुषों को अपमानित करने का साहस पैदा करते हैं ?

## सभी के लिए माफ़ी

संतोष उत्सुक

वक़्त इशारा कर रहा है कि अब हम विदेशियों का यह (अव)गुण भी अपना लें। विदेशों में तो बाकायदा 'राष्ट्रीय सॉरी दिवस' मनाया जाता है और उस दिन हमारे यहां भी क्षमा वितरित करने की शुभ राष्ट्रीय शुरुआत हो सकती है।

बचपन से सुना है कि क्षमा का आदान प्रदान कर लेने से कई समस्याएं खत्म हो जाती हैं। जैसे ही मन का इशारा मिलता है माफ़ी, हाथों और शब्दों के सहारे सदभावना यात्रा संपन्न कर देती है। फेसबुक जैसी महान किताबों के रचयिता भी हमारे जैसे देशों से माफ़ी मांगकर अपना धंधा कायम रखते हैं। वैसे यह गर्व भरी सूचना है कि दुनिया में फेस बुक से सबसे ज्यादा प्यार, हम करते हैं। यह नीम में लिपटा गुलाब जामुन टाइप एक हज़ार प्रतिशत सच है कि फेसबुक, युटयूब वहत्सेप के इलावा दूसरा ग़ज़ब स्वादिष्ट चारा हमारे लिए नहीं है और उनके पास भी हम से ज्यादा बेहतर चरने वाले नहीं है। तभी तो हम खुले दिल वाले सभ्य, सांस्कृतिक लोग बड़े से बड़ा राजनीतिक, धार्मिक या आर्थिक प्रकोप बाएं हाथ से सक्रिय कर माफ़ करने की स्थितियां पैदा कर देते हैं। हर समझदार प्रबंधन बुद्धिमान ज्योतिषी की मानिंद होता है जिसे पता होता है कि अपना सामान बेचने के लिए बाज़ार में माहौल कैसे तैयार करना है वहां कौन से सच और झूठ बिक सकते हैं। किसी को भी माफ़ न करने वाली महारानी राजनीतिजी लोकतंत्र को नाराज़ नहीं करती। बस, यहीं क्षमा के प्रवेश की ज़रूरत है।

विदेशी तो ज़रा सी बात पर माफ़ी, धन्यवाद, मुस्कराहट, हाय हैल्लो की अदला बदली, अनजान व्यक्ति से भी कर लेते हैं। चाहें तो हम उनसे भी सीख सकते हैं। रहीम ने भी दोहों में बड़ों द्वारा क्षमा करने की सलाह दी है लेकिन आज तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सचमुच 'बड़े' लोग माफ़ करेंगे या सिर्फ उम्र में बड़े। छोटन लोगों के उत्पात तो जारी रहते ही हैं। बड़प्पन की धरती पर कौन छोटा है जिसके कृत्य छोटे हैं या उम्र। बदली हुई परिभाषाओं की क्यारी में समझ की घास का बड़ा गड़बड़झाला है। यह अच्छा नैतिक परिवर्तन हो सकता है कि बढ़ते तनाव, दबाव, बहाव और रक्तचाप की स्थिति में खालिस भारतीय नुस्खों को ओढ़ते हुए माफ़ी का प्रयोग किया जाए। वो 'बड़े' व्यक्ति पर निर्भर करेगा कि माफ़ करे या न करे या किसी भी कीमत पर न करे। फिर भी अच्छी बात तो अच्छी ही होती है। हम अभी भी यही मानते होंगे कि क्षमा मांगने या कर देने से कोई छोटा नहीं हो जाता बलिक यह पता चलता है कि हम रिश्तों की कितनी कद्र करते हैं। वह बात दीगर है कि आजकल रिश्ते भी वस्तुओं की मानिंद ट्रेंडी हैं। राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक अस्वस्थताओं के कारण रिश्ते लगातार रिसते जा रहे हैं तभी ज़माना दिल से नहीं, दिमाग से क्षमा मांगने का है।

वक़्त इशारा कर रहा है कि अब हम विदेशियों का यह (अव)गुण भी अपना लें। विदेशों में तो बाकायदा 'राष्ट्रीय सॉरी दिवस' मनाया जाता है और उस दिन हमारे यहां भी क्षमा वितरित करने की शुभ राष्ट्रीय शुरुआत हो सकती है। अपनी अपुष्ट कारगुजारियों के लिए सरकारें भी इस दिन एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 'दु:ख निवारण दिवस' मना सकती है। क्षमा मांगने या करने को यदि व्यवसाय में न बदला जाए तो कई दशाएं सुधर सकती हैं। यह नई किस्म का मानवीय आयोजन माना जा सकता है। संशय यह है कि माफ़ 'बड़े' करेंगे या 'छोटे' और उत्पात कौन मचाएगा। क्योंकि बड़ा आदमी, छोटा उत्पात मचाना नहीं चाहता और छोटा आदमी, बड़ा उत्पात मचाने के काबिल नहीं होता। वैसे सबसे पहले खुद को क्षमा करने की ज़रूरत है फिर दूसरों को उनके उन क्रियाकलापों के लिए जो हमें गुस्ताखियां लगे, के लिए माफ़ कर सकते हैं। कुछ अनाम लोगों को उनके प्रसिद्ध कृत्यों के लिए भी माफ़ कर देने से इंसानियत का भला बढ़ सकता है। माफ़ करने वाला इंसान ही रहेगा या.... । सवाल एक और भी है, क्या हमारे विकसित, सभ्य, संपन्न समाज को वाकई इस तुच्छ चीज़ की ज़रुरत है।




## श्रेष्ठ और दृढ़ इच्छाशक्ति सफ़लता की चाबी है



**मज़बूत इच्छाशक्ति के आगे हर समस्या छोटी होती है**

**प्रबल इच्छाशक्ति मुसीबतों से लड़ने की कुंजी है – दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे खुद सफ़लताएं नतमस्तक होकर कदम चूमती है – एड किशन भावनानी**

गोंदिया – सृष्टि रचनाकर्ता ने मानवीय जीव के रूप में बहुत ही खूबसूरत रचना कर उसमें अनेक गुण दोषों का संयोजन उसने कर दिया है और उनका चुनाव करने के लिए श्रेष्ठ बुद्धि कौशलता रुपी एक सशक्त अस्त्र भी दिया है, बस!! अब अपने जीवन चक्र को सफलताओं या असफलताओं की ओर ले जाना मानवीय जीव के हाथ में है। साथियों बात अगर हम माननीय जीवन ने गुणों की करें तो उनके गुणों में से एक इच्छाशक्ति महत्वपूर्ण गुण है जो सफलता की चाबी भी है! परंतु न जाने क्यों हम इसको अनदेखा कर देते हैं और हम असफल हो जाते हैं और उसका दोष किस्मत या सृष्टि रचनाकर्ता को देते हैं जबकि उसनें मनुष्य जीव में गुणों का अंबार भरा है!! बस!!ज़रूरत है हमें अपने बुद्धि कौशलता से उसे पहचान कर प्रयोग करने की! तो सफलता आकर हमारे कदम चूमेगी।

साथियों बात अगर हम दृढ़ इच्छाशक्ति की करें तो यह सफ़लता की चाबी है। मजबूत इच्छाशक्ति के आगे हर समस्या छोटी हो जाती है, क्योंकि प्रबल इच्छा शक्ति मुसीबतों से लड़ने की कुंजी है जिसके बल पर हम बड़ी से बड़ी पहाड़ तुल्य समस्याओं से भी यूं मुकाबला कर फ़तह हासिल कर सकते हैं।

साथियों हम सबके जीवन में कई बार ऐसी स्थितियां आती हैं, जब हमें लगता है कि सब कुछ गड़बड़ हो रहा है। ऐसी स्थिति में इच्छाशक्ति ही आपको मुसीबतों से लड़ने में मदद करती है। इस शक्ति के अंतर्गत दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास, कार्य करने की अनवरत चेष्टा और अध्यवसाय आदि गुण आ जाते हैं। यह शक्ति मनुष्य के मुखमंडल पर अपूर्व तेज उत्पन्न करती है और आंखों में सम्मोहन का जादू लाती है।

साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति की परिभाषा की करें तो, इच्छाशक्ति वह वृत्ति चक्र है जिसके अंतर्गत प्रत्यय, अनुभूति, इच्छा, गति या प्रवृत्ति, शरीर धर्म सबका योग रहता है। जो संकल्प को साकार करने का माध्यम बनती है वह इच्छाशक्ति कहलाती है। ऐसी बलवती इच्छा को जिसकी ज्योति अहर्निश कभी मंद न हो, उसे दृढ़ इच्छाशक्ति कहते हैं। हम सबके जीवन में कई बार ऐसी स्थितियां आती हैं, जब हमें लगता है कि सब कुछ गड़बड़ हो रहा है। ऐसी स्थिति में इच्छाशक्ति ही हमको मुसीबतों से लड़ने में मदद करती है। इस शक्ति के अंतर्गत दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास, कार्य करने की अनवरत चेष्टा और अध्यवसाय आदि गुण आ जाते हैं। यह शक्ति मनुष्य के मुखमंडल पर अपूर्व तेज उत्पन्न करती है और आंखों में सम्मोहन का जादू लाती है।

साथियों बात अगर हम दृढ़ इच्छाशक्ति के टाइमिंग की करें तो, जीवन में किसी भी चीज को पाने के लिए मेहनत से पहले मजबूत इच्छाशक्ति का होना बेहद जरूरी है। जैसे, कई बार ऐसा होता है कि व्यक्ति शुरुआत में किसी चीज को पाना चाहता है लेकिन धीरे–धीरे उसका हौंसला टूटने लगता है या उसका मन बदल जाता है, ऐसा कमजोर इच्छाशक्ति के कारण होता है इसलिए किसी भी चीज को पाने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति का होना बहुत जरूरी है। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं, ऐसी बातें जिनपर अमल करके हमारी इच्छाशक्ति मजबूत होगी।

साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति को मजबूत करने की करें तो, अपने काम पर दृढ रहें,अपनी इच्छा शक्ति को बहुत ज्यादा मजबूत बनाने के लिए यह भी एक बहुत ही अच्छा तरीका है कि हम अपने काम पर बहुत जबरदस्त तरीके से फोकस करें। यानें हम अपने काम पर दृढ़ रहें। कोई कुछ भी कहे अगर हमने यह मन बना लिया है कि हमको ये काम करना है तो हमको ये काम करना ही करना है। हमको किसी और बातों पर ध्यान नहीं देना है। अगर हम अपने काम पर दृढ रहेंगे तो हमारा दिमाग यह बात समझ लेगा कि यह चीज हमारे जीवन में बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है इसलिए हम इस काम को बहुत ही दिल से मन लगा कर दृढ़ प्रतिज्ञ होकर कर रहे हैं।

साथियों बात अगर हमइच्छाशक्ति के लिए लक्ष्यों की करें तो, हम अपना लक्ष्य निश्चित करें अगर हमको हमारे जीवन में सफलता चाहिए तो यह हमारे लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि सबसे पहले हम हमारे जीवन में अपने लक्ष्य को निश्चित करें। तब ही हम किसी चीज को अपने जीवन में फॉलो कर पाओगे। नहीं तो ऐसे हम अपने जीवन में किस चीज को फॉलो करोगे, किस चीज के लिए हम विल पावर बढ़ाएंगे, तो सबसे पहले हमारे लिए जरूरी है कि हम अपने जीवन में लक्ष्य को निर्धारित करें। एक बार हम अपने जीवन में अपने लक्ष्य को निर्धारित कर लेंगे उसके बाद हमारा दिमाग लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करने लगेगा। बस हम अपने लक्ष्य पर दृढ़ रहें।

साथियों बात अगर हम इच्छाशक्ति को जगाने की करें तो, निम्न बिंदुओं पर अभ्यास कर इच्छाशक्ति को जाग्रत किया जा सकता है। इच्छाशक्ति को मजबूत बनाने के लिए शुरुआत करने के लिए सबसे पहले हमें तनाव के स ?तर का प्रबंधन करने की जरूरत होती है। (1)सकारात्मक नजरिया (2)तनाव प्रबंधन करना सीखें (3) खुद पर पूरा विश्वास रखें (4)बेहतर ऊर्जा प्रबंधन करें (5) अं ?तःशक्तियों को कें ?द्रीभूत करें (6) स्वयं के प्रति ईमानदार बनें (7) सही पोषण, योग और व्यायाम।

साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति के टॉनिक की करें तो, जैसे हैं वैसे ही बने रहें दिखावा बिल्कुल भी मत करें हम जैसे भी हो वैसे ही बने रहें। किसी भी प्रकार का कोई शो ऑफ करने की कोई जरूरत नहीं है। अगर हम कोई एक चीज जैसे हो वैसे ही प्राप्त करते हो तो वह चीजें हमको जिंदगी भर तक हमारे साथ रहती है और हमको अच्छा रिजल्ट भी मिलता है। दरअसल यह चीज हम अपने वास्तविक परिश्रम से हासिल किए रहते हो इसलिए वह जिंदगी भर हमारे साथ रहती है और यह हमारी इच्छा शक्ति को बढ़ाता है।

## ज़िंदगी कोई किताब होती

काश जिंदगी मेरी कोई किताब होती,
जिक्र तुम्हारे पन्नो को में फाड़ देती ।

स्याही जिस कलम की ईसतमाल होती,
उस काँच की शीशी को में उजाड़ देती।

सहारा क्यो दिया तुमने,
जबकि खुद को में संभाल लेती ।

हाँ गिरती कही बार,
चूने मेरे रास्तो पर,

लेकिन विश्वास है मुझे,
खुद को में संभाल जाती ।

दिखावे कि तुम्हारे उन बातो को,
काश,पहले ही में पहचान पाती ।

जाहिर कर देते वो राज़,
जो दिल मे थे तुम्हारे ।

सच कहती हूँ,
अपने जिक्र को भी
तुम्हारे ( जिन्दगी की ) किताब में
टाल देती ।

## शार्ट न्यूज़

### आजम खान की तबीयत बिगड़ी, दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में कराया गया भर्ती, सांस लेने में दिक्कत

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के विधायक और पूर्व मंत्री आजम खान तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी तक मिल रही जानकारी के अनुसार उन्हें सांस लेने में तकलीफ है। डॉक्टरों ने कई जांचें कराई हैं। डॉक्टरों की निगरानी इलाज चल रहा है। लंबे समय के बाद जेल से छूटे आजम खान की तबीयत शनिवार देर रात खराब हो गई। इसके बाद उनके परिवार के सदस्यों ने उन्हें दिल्ली लाया। करीब रात 3:00 बजे उन्हें दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। गंगाराम हॉस्पिटल में उनकी कई जांच की गई। बताया जा रहा है आजम खान जेल से छूटने के बाद कई बीमारियों से जूझ रहे हैं।

### सपा के पूर्व सांसद रिजवान जहीर पर रासुका के तहत हुई कार्रवाई

**बलरामपुर।** बलरामपुर के पूर्व सांसद और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता रिजवान जहीर के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि रिजवान जहीर के खिलाफ शनिवार रात लोक शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि रासुका के तहत की गई कार्रवाई की एक प्रति जेल में बंद रिजवान जहीर को तामील कराई गई है। उल्लेखनीय है कि रिजवान जहीर पिछले पांच महीने से तुलसीपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष फिरोज पप्पू की हत्या के आरोप में जेल में बंद हैं। कुछ दिन पहले ही रिजवान जहीर की विकासनगर और कुर्सी रोड स्थित बटहा में 3.62 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी गई थी। यह कार्रवाई बलरामपुर जिले से आयी पुलिस टीम ने एसीपी महानगर व विकास नगर इंस्पेक्टर की मौजूदगी में हुई थी। इसके तहत विकासनगर सेक्टर चार में स्थित एक करोड़ 73 लाख रुपये के घर की कुर्की डुगडुगी पिटवा कर हुई थी। ऐसे ही बटहा, कुर्सी रोड पर स्थित टयूलिप टावर को जब्त किया गया। इसकी कीमत एक करोड़ 89 लाख रुपये आंकी गई है। बलरामपुर पुलिस के मुताबिक रिजवान जहीर की कई और संपत्तियों का पता चला है। उनके दस्तावेजों की छानबीन की जा रही है। अगर ये दस्तावेज रिजवान की सम्पत्ति से जुड़े मिलते हैं तो उन्हें भी जब्त कर लिया जाएगा।

### कौशांबी : नाबालिग बेटी का रेप, मां ने पिता के खिलाफ दर्ज कराया केस

**कौशांबी।** कौशांबी जिले के एक गांव में एक व्यक्ति द्वारा अपनी ही नाबालिग बेटी के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी पिता के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। कौशांबी के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) समर बहादुर सिंह के मुताबिक, कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने लगभग 15 दिन पहले अपनी 17 वर्षीय बेटी को रात में घर में अकेला पाकर उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने अपनी मां को पिता द्वारा उसके साथ दुष्कर्म किए जाने की जानकारी दी। इसके बाद पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी पिता के खिलाफ शनिवार को दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया गया। एएसपी के अनुसार, रविवार को पीड़िता को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जिसके बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष उसका बयान दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है और इस दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर जरूरी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### यूपी पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, 11 आईपीएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ।** यूपी पुलिस विभाग में रविवार को बड़ा फेरबदल किया गया है। योगी सरकार ने छह जिलों के एसपी समेत 11 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया है। बुलंदशहर, रायबरेली, अंबेडकरनगर, देवरिया, हमीरपुर और मैनपुरी में नए कप्तान की तैनाती की गई। अनिल कुमार सिंह डीआईजी पीएसी बने और वाराणसी के अपर पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी रायबरेली के पुलिस अधीक्षक बनाए गए। शिवम पटेल हमीरपुर के एसपी बने। संतोष कुमार सिंह को अप्पर पुलिस आयुक्त वाराणसी बनाया गया। श्लोक कुमार को बुलंदशहर एसपी बनाया गया। आलोक प्रियदर्शी एसपी रायबरेली बने। अजीत कुमार सिन्हा एसपी अंबेडकर नगर बनाए गए। तेज स्वरूप सिंह एसपी कानपुर आउटर और श्रीपति मिश्रा पुलिस उप महानिरीक्षक पीएसी बनाया गया। संकल्प शर्मा एसपी देवरिया बने। अशोक कुमार राय पुलिस अधीक्षक संबद्ध मुख्यालय पुलिस महानिदेशक लखनऊ और कमलेश दीक्षित पुलिस अधीक्षक मैनपुरी बनाए गए।

### बदलेगा बस्ती जिले का नाम

**बस्ती।** बस्ती की डीएम सौम्या अग्रवाल में बस्ती जिले का नाम बदलकर वशिष्ठ नगर करने का प्रस्ताव फिर से सचिव राजस्व परिषद को भेज दिया है 12वीं बार भेजे गए इस प्रस्ताव में डीएम ने बताया है कि जिले का नाम बदलने पर कोई अतिरिक्त शासकीय व्यय नहीं होगा। इस आशय की रिपोर्ट लोक निर्माण विभाग ने भी दी है। बताते चलें कि तीन वर्ष पूर्व क्षेत्रीय नागरिकों और विभिन्न संस्थाओं ने जिले का नाम बदलकर वशिष्ठ नगर करने के लिए ज्ञापन शासन को भेजा था। जनप्रतिनिधियों ने भी इस बाबत कई बार पत्र मुख्यमंत्री समेत राज्यपाल व अन्य उच्चाधिकारियों को भेजा था जिसके क्रम में राजस्व परिषद ने बस्ती के जिलाधिकारी से नाम बदलने का प्रस्ताव मांगते हुए यह पूछा था कि नाम बदलने के लिए कितना खर्च आएगा। पूर्व में जिलाधिकारी द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में यह बताया गया था कि बस्ती का नाम वशिष्ठ नगर करने के लिए एक करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इस पर राजस्व परिषद ने संपूर्ण आख्या मांगी थी कि किन मदों में रुपये खर्च किए जाएंगे। कई बार भेजे गए प्रस्ताव में बार-बार दोहराव हो रहा था। एक बार फिर से राजस्व परिषद ने फरवरी में नाम बदलने के प्रस्ताव के बारे में जिलाधिकारी से आख्या मांगी तो डीएम ने पीडब्ल्यूडी से इस बाबत आख्या मांगी कि नाम बदलने के कार्य में कितना खर्च आएगा फरवरी 2022 में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने यह बताया कि जिले का नाम बदलने पर कोई भी शासकीय खर्च नहीं होगा बशर्ते सभी राजकीय विभाग अपने कार्यालय मद से जिले के नाम बदलने से संबंधित आने वाले खर्च को करें। इस आख्या को शासन में भेजा गया था। राजस्व परिषद ने 25 मई को पत्र भेजते हुए एक बार पुनः इस बात की जानकारी चाही कि विभागों से कितना होगा। इस सवाल का जवाब देते हुए डीएम सौम्या अग्रवाल ने सचिव को जिले के नाम बदलने का प्रस्ताव भेजते हुए यह बताया है कि नाम बदलने के कार्य पर कोई अतिरिक्त शासकीय व्यय नहीं होगा।

### इटावाः ई रिक्शा एजेंसी मालिक की हत्या के मुख्य आरोपी की मौत

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के फ्रैंडस कालोनी इलाके के सुंदरपुर गांव मे ई रिक्शा एजेंसी मालिक की कार से कुचलकर हत्या के मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर की शनिवार की सुबह अस्पताल में मौत हो गई। जिला कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक रामधनी ने बताया कि जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर संजेश कुशवाहा को 19 मई की शाम को ही सैफई मेडिकल यूनीवसिटी में भर्ती करा दिया गया था । उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा था। शनिवार को अस्पताल में उसकी मौत हो गई। गौरतलब है कि 18 मई को थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुंदरपुर में कार से कुचलकर हत्या करने के मुख्य आरोपित हिस्ट्रीशीटर संजेश कुमार उर्फ मंशाराम को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसे 19 मई को जिला कारागार में दाखिल किया गया था। उसकी डायबिटीज हाई चल रही थी और जेल में उसकी हालत और बिगड़ गई थी। जिसके बाद उसको सैफई मेडिकल यूनीवसिर्टी उपचार के लिए भर्ती कराया गया लेकिन उसकी हालात मे कोई सुधार नही हुआ परिणाम स्वरूप उसकी आज सुबह मौत हो गई ।

# 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी अभी से करें, 75 सीटें जीतने का होगा लक्ष्य : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के कार्यकर्ताओं को अभी से 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अगले चुनाव की भाव भूमि हमें अभी से तैयार करनी होगी और एक बार फिर से लोकसभा की 75 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना है। रविवार को लखनऊ में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में पार्टी की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सीएम योगी ने 30 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। योगी ने मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि 2024 के चुनाव की भाव भूमि हमें अभी से तैयार करनी होगी। यह बैठक प्रदेश पार्टी अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पार्टी को विधानसभा चुनाव में बेहतर परिणाम मिला है, इसलिए हमें 2024 के लिए अभी से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में एक बार फिर से हमें साबित करना है, इसलिए 75 लोकसभा सीटों का लक्ष्य लेकर अभी से आगे बढ़े। सीएम योगी ने भरोसा जताया कि वह आप सभी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से एक बार फिर से यह साकार होगा और यह कार्यसमिति उस विश्वास के साथ आगे बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं जिसमें वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा ने 71 और सहयोगी अपना दल ने दो सीटें जीती थीं जबकि 2019 के चुनाव में भाजपा को 62 और सहयोगी अपना दल



(एस) को दो सीटें मिली थीं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण करते हुए योगी ने कहा कि हम सबका संकल्प होना चाहिए कि छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता और टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता।

उन्होंने कहा कि अटल जी ने कहा था कि हमें केंद्र और प्रदेश की उपलब्धियों को लेकर गांव-गांव, घर-घर जाना होगा और विराटता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अग्रसर होना होगा।

ईद के दौरान धर्म स्थलों से लाउडस्पीकर उतारे जाने और सड़कों पर नमाज न होने का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहली बार हुआ कि सड़कों पर नमाज नहीं होगी, नमाज के लिए उनकी इबादतगाह हैं, मस्जिद है, वहीं उनके मजहबी कार्यक्रम हो पाएंगे। आपने देखा होगा जो अनावश्यक शोरगुल था उस शोरगुल से कैसे मुक्ति मिली। उन्होंने दावा किया कि नये भारत का नया उत्तर प्रदेश तैयार है जो मजबूती के साथ देश और दुनिया के सामने प्रस्तुत है।

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण की शुरुआत के बाद काशी ने जो अंगड़ाई ली है वह हम सबके सामने है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम का उद्घाटन होने के बाद प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालु काशी विश्वनाथ धाम के दर्शन के लिए काशी जा रहे है। उन्होंने कहा कि काशी प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप अपने नाम को सार्थक कर रहा है और मथुरा वृंदावन, विंध्यवासिनी धाम, नैमिष धाम सभी तीर्थ एक बार फिर से नई अंगड़ाई लेते हुए दिखाई दे रहे हैं और इन स्थितियों में हम सबको एक बार फिर आगे बढ़ना होगा।

सीएम ने कहा कि चुनाव की ऐतिहासिक सफलता के बाद हम सब सामूहिक रूप से एकत्र हुए हैं, मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं। आप सबके परिश्रम, प्रधानमंत्री के नेतृत्व, राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी ने तमाम मिथकों, षड्यंत्रों को धूल धूसरित करते हुए 37 वर्ष के बाद उत्तर प्रदेश में फिर से सरकार बनाने में सफलता प्राप्त की है। जो सरकार कुशलता पूर्वक अपना कार्यकाल पूर्ण की हो और फिर से सरकार बनाई हों, यह अवसर 37 वर्ष बाद आया है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में 1985 में दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी के नेतृत्व में लगातार दूसरी बार कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी थी और विधानसभा चुनाव में उसे पूर्ण बहुमत हासिल हुआ था, उसके बाद 37 वर्षों तक किसी दल को दोबारा पूर्ण बहुमत हासिल कर सरकार बनाने का मौका नहीं मिला। विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पिछली सरकारों ने एक अविश्वास की स्थिति पैदा की थी, प्रदेश के बारे में दुनिया में जो धारणा बन गई थी, वह पिछले पांच वर्षों में, भले ही कोरोना के कारण तीन वर्ष ही काम करने को मिला , उसके बाद भी बदली है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की सफलता गिनाते हुए कहा कि केंद्र सरकार की जिन योजनाओं में 2017 के पहले उत्तर प्रदेश सबसे पिछले पायदान पर खड़ा रहता था, आज उनमें चार दर्जन ऐसी योजनाएं हैं जिनमें उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका के साथ सबके सामने खड़ा है।

# ज्ञानवापी और मथुरा की इबादतगाहों का हक नही छोड़ेंगे मुस्लिम, जमीयत ने पास किया प्रस्ताव

**देवबंद।** जमीयत उलेमा ए हिन्द के दूसरे दिन के सम्मेलन में प्रस्ताव पास किया कि मुस्लिम ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा की ईदगाह का दावा नहीं छोड़ेंगे। दूसरे दिन की वर्किंग कमेटी की बैठक में ये महत्वपूर्ण प्रस्ताव हाफिज उबेद उल्लाह ने पेश किया। जिसका समर्थन दारुल उलूम के नायब मोहतमिम मुफ़्ती राशिद आजमी समेत सम्मेलन में शामिल लोगों ने किया। प्रस्ताव में प्राचीन इबादतगाहो को लेकर बार बार विवाद खड़े किए जा रहे हैं। इससे देश का अमन खतरे में डाल ऐसी ताकतों का समर्थन किया जा रहा जो मुल्क के लोगों के लिए और मुल्क की अखंडता को नुकसान पहुचाएगा। प्रस्ताव पेश करते हुए हाफिज उबेद



उल्लाह बनारसी ने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद ओर ऐतिहासिक ईदगाह समेत दूसरी इबादतगाहो के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। दारुल उलूम के नायब मोहतमिम ने कहा कि इबादतगाहों पर कहा कि देश की आजादी में जमीयत का अहम योगदान रहा है। जिस समय देश पर अंग्रेज काबिज हुए, उस समय लग रहा था कि अंग्रेज सभी इबादतगाहों को खत्म कर देंगे। लेकिन न तो उस समय इबादतगाहों का कुछ बिगड़ सका और न हीं आज धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग इबादतगाहों को खत्म करने की जहनियत रखते हैं । उनके घरों को अल्लाह खुद खाक में मिला देगा। हमारी इबादतगाहों को न कोई खत्म कर सका है और न ही आगे कर पाएगा।

#### कॉमन सिविल कोड पर आया प्रस्ताव

इससे पहले शनिवार की सुबह कॉमन सिविल कोड के खिलाफ भी सम्मेलन में प्रस्ताव रखा गया। जिसका समर्थन सांसद मौलाना बदरूद्दीन अजमल ने किया। अजमल ने भी देश के मौजूदा हालात पर चिंता जाहिर करते हुए जमीयत के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में दारुल उलूम वक्त के महत्व मौलाना सुफियान कासमी ने भी विचार रखें।

# कोविंद आयेंगे मगहर, योगी ने की तैयारियों की समीक्षा

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सूफी संत कबीरदास की साधना स्थली मगहर में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पांच जून के कार्यक्रम की तैयारियों जायजा लिया।

उन्होने कबीर चौरा परिसर का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को समय रहते सभी काम पूरे किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने संत कबीर की समाधि स्थली पर जाकर श्रद्धासुमन अर्पित किये और बाद में राष्ट्रपति के यहां आने को लेकर हो रही तैयारियों की जानकारी ली। योगी ने कहा संत कबीरनगर में राष्ट्रपति का आगमन बहुत महत्वपूर्ण और सौभाग्य की बात है। उनके कार्यक्रम को लेकर किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए। हमें राष्ट्रपति की भव्य अगवानी करनी है। योगी ने कहा कि समय सीमा के भीतर कार्य को पूरा कर लिया जाये। सुरक्षा की विशेष व्यवस्था किया जाये। जरूरत पड़ने पर रूट डायवर्जन किया जाए। कार्यक्रम में आने वाले लोगो को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नही होनी चाहिये। उन्होंने निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि राष्ट्रपति के तय कार्यक्रम के तहत व्यवस्था पूरा कर लिया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने पांच जून के कार्यक्रम के तैयारी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया है।

राष्ट्रपति पांच जून को संत कबीर के समाधि स्थल मगहर आएंगे और समाधि पर मत्था टेकने के साथ ही वह यहां संत कबीर अकादमी व शोध संस्थान तथा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

# हमीरपुर : अवैध मौरंग खनन पर पचास लाख रुपये का जुर्माना

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में शनिवार को देर शाम दो मोरम खण्डों में अधिकृत सीमा क्षेत्र से बाहर जाकर खनन करने पर पुलिस व खनिज टीम ने छापा मारकर पचास लाख रुपये का जुर्माना ठोंका है।

सरीला क्षेत्र के उपजिलाधिकारी खालिद अंजुम ने बताया कि सरीला में चिकासी थाना क्षेत्र में प्राप्त शिकायतों के आधार पर राजस्व पुलिस व खनिज सर्वेशर वेदप्रकाश शुक्ल के साथ शिकायत वाले मोरम खंड में छापेमारी की गयी। इस दौरान एक पोकलैंड मशीन को अवैध खनन करते हुए मौके से पकड़ा गया। साथ ही मोरम खंड की जांच करने पर पाया कि खंड संचालक द्वारा अधिकृत सीमा के बाहर जाकर 2038 घन मीटर खनन किया गया है। इसके अलावा जलालपुर थाना के कुपरा के पास बेतवा नदी पर संचालित एक अन्य खण्ड के कुपरा क्षेत्र में अवैध खनन करने की स्थानीय लोंगों द्वारा शिकायत की गई थी। जांच करने पर पाया गया कि बेरी खण्ड संचालक द्वारा अधिकृत सीमा के बाहर 2400 घन मीटर खनन किया गया है।

# बहराइच : घर के सामने से बच्चे को उठा ले गया तेंदुआ

## खेत में क्षत विक्षत मिली लाश, मचा हाहाकर

बहराइच। बहराइच में कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज के जंगल से सटे अयोध्यापुरवा गांव में शनिवार रात घर के बाहर से तेंदुआ बालक दबोच ले गया। जिससे परिजनों में हाहाकार मच गया। पुलिस व वन महकमे को सूचना देकर समूह में लोग बालक की तलाश में निकले। रविवार को सुबह पुलिस के साथ पहुंचे फारेस्ट गार्ड पर नाराज ग्रामीणों ने हमला कर घायल कर दिया। पुलिस कर्मियों ने उसे बचाकर मोतीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। दूसरी ओर रविवार को सुबह बालक की क्षत विक्षत लाश शव गन्ने के खेत में मिला है।

सुजौली थाने के सुजौली रेंज के जंगल से सटा अयोध्यापुरवा गांव में शनिवार रात लगभग आठ बजे आठ वर्षीय शब्बू पुत्र रज्जब अली खड़ा था। अचानक जंगल से निकले तेंदुए ने बालक शब्बू को गले से दबोच कर ले गया। जब तक परिजन दौड़कर वहां पहुंचे तब तक तेंदुआ बालक को लेकर जा चुका था। शोर होनै पर ग्रामीण दौड़ पड़े। बालक को तेंदुए के दबोच ले जाने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। लाठी डंडे व टार्च लेकर ग्रामीण बालक की तलाश में निकले। पूरी रात तलाश होती रही। बालक का कोई सुराग नहीं लगा। रविवार सुबह लगभग छह बजे फारेस्ट गार्ड विजय पाल पुलिस बल के साथ अयोध्यापुरवा गांव पहुंचा, तो नाराज ग्रामीणों ने फारेस्ट गार्ड पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आक्रामक लोगों की भीड़ से बचाकर किसी प्रकार मोतीपुर सीएचसी भेजवाया है।

उधर रविवार सुबह लगभग दस बजे बालक का छत विछत शव गन्ने के खेत में मिलते ही परिजनों में हाहाकार मच गया है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। डीएफओ आकाशदीप बधावन ने बताया कि फारेस्ट गार्ड पर हमला किया गया है। घायल को पुलिस ने मोतीपुर सीएचसी में भर्ती कराया है। वन महकमे की टीम मौके पर जा रही है।

# प्रधानमंत्री सम्मान निधि लेने वाले अपात्र, पैसा वापस कर कार्रवाई से बचें

एजेंसी

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के उप कृषि निदेशक के के सिंह ने रविवार को साफ किया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ लेने वाले अपात्र किसान अभी तक प्राप्त राशि बैंक में जमा कर दंडात्मक कार्रवाई से बच सकते हैं।

उप कृषि निदेशक श्री के के सिंह ने बताया कि जनपद में कृषि विभाग द्वारा दिनांक 01 मई से 30 जून 2022 तक अभियान चलाकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत लाभान्वित कृषकों का क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। जनपद के कुछ किसानों द्वारा अपात्र होते हुए भी योजना की किस्तें प्राप्त की जा रही हैं, जो सर्वथा अनुचित है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में शासन एवं जिलाधिकारी के स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार इस अति महत्वपूर्ण कार्य के लिए जनपद में विशेष टीम का गठन किया गया, जो चयनित राजस्व ग्रामों के लाभार्थियों का सोशल ऑडिट कराते हुए अपात्र कृषको से वसूली की कार्रवाई करेगी।

उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त अपात्र लाभार्थी (अपात्रता का कारण- भूतपूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पदधारक, समूह-घ के कार्मिकों को छोड़कर राज्य/केन्द्र सरकार के समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं मासिक पेंशन रू0-10000 से अधिक के पेंशनर, पेशेवर डाक्टर/ इंजीनियर/ अधिवक्ता/ चार्टर्ड एकाउन्टेंट अथवा आर्किटेक्ट तथा आयकरदाता/कृषि योग्य भूमि न होना अथवा एक परिवार में एक से अधिक लाभार्थी इत्यादि) किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा में अपात्र होने की दशा में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष वसूली योग्य रकम को भारतीय स्टेट बैंक शाखा-एनबीआरआई, लखनऊ में डायरेक्टर एग्रीकल्चर एंड फाइनेंस कंट्रोलर यूपी के नाम से संचालित खाता संख्या- 40279688625 में जमा कर, विधिक या दण्डात्मक कार्रवाई से बच सकते हैं।

उप कृषि निदेषक द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जमा राशि विवरण के साथ अपनी बैंक पास बुक एवं आधार की स्व-प्रमाणित छाया प्रति किसी भी कार्य दिवस में कृषि भवन स्थित उप कृषि निदेशक कार्यालय में पोर्टल फीडिंग हेतु जमा कराकर रसीद प्राप्त कर लें। किसी भी प्रकार की असुविधा के दृष्टिगत किसान भाई अपने नजदीकी कृषि विभाग के कार्यालय या विकस खण्ड में सहायक विकास अधिकारी (कृषि) से भी सम्पर्क कर सकते हैं।

उप कृषि निदेशक श्री के के सिंह ने जनपद में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत अपात्र कृषकों की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में केंद्र सरकार द्वारा 2497 किसानों को अपात्रता के दृष्टिगत नोटिस जारी किए गए। जनपद में अब तक 436 किसानों ने योजना अंतर्गत प्राप्त धनराशि 38 लाख 92 हजार को बैंक में जमा कराते हुए समर्पित कर दिया है।

उन्होंने अन्य किसानों से अपील करते हुए कहा कि तत्काल योजना अंतर्गत प्राप्त धनराशि जमा करें और कानूनी या दंडात्मक कार्रवाई से बचें।

# आजमगढ़ लोकसभा सीट पर बसपा पूरे दमखम से लड़ेगी लोकसभा उपचुनाव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आगामी 23 जून को प्रस्तावित दो लोकसभा सीटों, (रामपुर और आजमगढ़) में से आजमगढ़ पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने पूरे दमखम से उपपचुनाव लड़ने की घोषणा की है।

बसपा प्रमुख मायावती की अध्यक्षता में पार्टी की प्रदेश इकाई के जिला एवं मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक के शनिवार को समापन सत्र में कार्यकर्ताओं के लिये जारी दिशा निर्देशों में यह जानकारी दी गयी है। बैठक के बाद बसपा की ओर से जारी बयान के अनुसार पार्टी उपचुनाव वाली दो लोकसभा सीटों में से सिर्फ एक सीट (आजमगढ़) पर पूरी ताकत झोंक देगी।

गौरतलब है कि बसपा ने आजमगढ़ लोकसभा सीट से पूर्व विधायक गुड्डू जमाली को पहले ही उम्मीदवार घोषित कर दिया है। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव के इस्तीफे के कारण यह सीट रिक्त हुयी है। अखिलेश ने मैनपुरी की करहल सीट से विधायक चुने जाने के बाद आजमगढ़ लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था।

समीक्षा बैठक में बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश और ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सत्ता से कांग्रेस को उखाड़ फेंकने वाली बसपा ही गरीब विरोधी भाजपा की जड़ें हिलाने में सक्षम है।

# मदनी ने दिये जमीयत के दोनो धड़ों में एकता होने के संकेत

देवबंद। देश में मुस्लिमों की सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक और राजनैतिक संगठनों से जुड़ी 103 साल पुरानी संस्था 'जमीयत उलमा एं हिंद' के 2008 में दो गुट बनने के 14 सालों के बाद अब फिर से एक हो जाने की प्रबल संभावनाएं पैदा हो गई है।

एक धडे के अध्यक्ष एवं दारूल उलूम के प्रिंसिपल मौलाना अरशद मदनी ने दूसरे धडे के अध्यक्ष अपने ही भतीजे मौलाना महमूद मदनी द्वारा जमीयत की गवर्निंग बॉडी के सालाना सम्मेलन में पहुंचकर सभी को चौंका दिया और उन्होंने खुद देश भर से जुटे उलेमांओं को संबोधित किया।

अरशद मदनी ने जहां अन्य वक्ताओं के स्वर में स्वर मिलाते हुए अपनी बात रखी, वहीं सबसे अहम और चौंकाने वाली बात उन्होंने यह कही कि देश के मौजूदा हालात के मद्देनजर बहुत जल्द जमीयत के दोनो धड़े फिर से एक हो सकते है। जमीयत के अंदरूनी मामलों के जानकार अशरफ उस्मानी कहते है कि मौलाना ने यह ऐलान अचानक नहीं किया। भीतरी तौर पर इसे लेकर बड़ी कोशिशे बड़े लोगों द्वारा की जा रही है।

ध्यान रहे जमीयत उलमा ए हिंद, इसके तत्कालीन अध्यक्ष मौलाना असद मदनी के 06 फरवरी 2006 को निधन के बाद दो धड़ों में बंट गई थी। एक धड़े की नुमाइंदगी असद मदनी के छोटे भाई मौलाना अरशद मदनी कर रहे है और दूसरे धड़े पर असद मदनी के बेटे मौलाना महमूद मदनी काबिज है। नई दिल्ली के जमीयत के दफ्तर मस्जिद अब्दुल नबी पर दोनो गुटों का कब्जा बंटवारे के बाद से ही चला आ रहा है।

# देवरहा बाबा के आश्रम की जमीनों पर भू-माफियाओं की नजर

देवरिया। सनातन धर्म के करोड़ों अनुयायियों की आस्था के प्रतीक देवरहा बाबा के आश्रम की जमीनों पर भू-माफियाओं का कब्जा देवरिया जिला प्रशासन को मुंह चिढ़ा रहा है।

जिला मुख्यालय से करीब चालीस किलोमीटर दूर देवरहा बाबा के प्राचीन आश्रम मईल की जमीनों पर तथाकथित भू माफिया अपने तिकड़म के बल पर कब्जा जमाये हुये हैं। बाबा के शिष्य आचार्य श्याम सुन्दर योगी ने रविवार को 'यूनीवार्ता' को बताया कि यहां स्थापित बाबा का आश्रम सैकड़ों वर्ष पुराना है। कहा जाता है कि बाबा ने यहां सैकड़ों वर्ष पूर्व सरयू नदी के किनारे निर्जन स्थान पर अपने आश्रम की स्थापना की थी। देवरहा बाबा सिद्ध पुरूष के साथ-साथ सच्चे गौ सेवक थे और सैकड़ों एकड़ जमीन गौ माता और उनके बछड़ों के चरने के लिये रखा था। दास ने बताया कि आज करीब 50 एकड़ भूमि पर क्षेत्र के कुछ दबंग और भू माफियाओं ने तिकड़म कर तथा कथित पट्टा आदि कराकर कब्जा जमा लिया है।

बाबा के शिष्य ने बताया कि आश्रम की भूमि पर से अवैध कब्जे को हटाने के लिये तहसील स्तर के अधिकारियों से फरियाद की गई है मगर कोई हल नहीं निकला। जब तक जिले स्तर से किसी सक्षम अधिकारी द्वारा मामले की जांच नहीं होती है,तबतक आश्रम की जमीनों से दबंगों द्वारा किया गया कब्जा नहीं हट सकता है। उनका आरोप है कि तथा कथित भू माफिया स्थानीय तहसील स्तर के कर्मचारियों से अपनी सांठ गांठ कर आश्रम की भूमि पर अवैध कब्जा जमाये हुये हैं।

उनका कहना है कि कुछ साल पूर्व आश्रम पर आये योग गुरू ने कहा था कि आश्रम की इतनी जमीने हैं और इन जमीनों पर स्कूल कालेज बन जाय तो यहां के लोगों के साथ साथ अगल बगल के जिले के बच्चों के लिये शिक्षा का अच्छा केन्द्र बन सकता है और इसके लिये उन्होंने पहल करने की बात कही थी।

गौरतलब है कि देवरहा बाबा जिन्हें अनेक तरह की सिद्धियां प्राप्त थीं। कहा जाता है कि वह लोगों के मन की बात जान लेते थे और वह पानी पर अपनी सिद्धि से चल फिर सकते थे। देश के अनेक बड़े राजनेता, नौकरशाह बाबा के पास आशीर्वाद लेने आते थे। कहा जाता है सन 1911 में जॉर्ज पंचम भी देवरहा बाबा का दर्शन करने उनके आश्रम में आए थे।

दुबला पतला शरीर, लंबी जटा, यज्ञोपवीत और कमर में मृग छाला, बाबा की वेशभूषा थी। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पंडित मदन मोहन मालवीय, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, चंद्रशेखर, विश्वनाथ प्रताप सिंह, वीर बहादुर सिंह जगन्नाथ मिश्र समेत अनेक राजनेता बाबा के दर्शन करने आए थे।

बाबा के शिष्य श्याम सुन्दर ने बताया कि 1990 में देवरहा बाबा ने वृंदावन में समाधि ली थी। बताया जाता है कि देवरहा बाबा खेचरी विद्या पर सिद्ध किये थे और इसी सिद्धि के कारण वे पानी पर भी चल लेते थे।बाबा जानवरों की भाषा भी समझते थे। उन्होंने अपने जीवन में कभी अन्न नहीं खाया। दूध और शहद ही फलाहार के रूप में लेते थे। जानकर बताते हैं कि देवरहा बाबा साल के 8 महीने अपने आश्रम में रहते थे, जबकि बाकी समय काशी, प्रयाग, मथुरा और हिमालय में एकांतवास करते थे। उनकी उम्र का अंदाजा किसी को नहीं है।

श्याम सुंदर ने बताया कि तकरीबन डेढ़ सौ साल पूर्व देवरहा बाबा ने यहां के आश्रम में देववृक्ष पारिजात को लगाया था। देश के कोने-कोने से भक्तजन जो जानते हैं पारिजात का दर्शन करते आते हैं।

# किन कर्मचारियों को मिलती है ग्रेच्युटी? कब और कितना मिलेगा पैसा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ग्रेच्युटी आय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, लेकिन ज्यादातर कर्मचारियों द्वारा इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है, खासकर प्राइवेट सेक्टर में यह ज्यादा होता है। इसका कारण यह है कि लोग लंबे समय तक एक कंपनी में जॉब नहीं करते हैं। इसके अलावा दूसरा सबसे कारण नौकरी की अनिश्चितता है प्राइवेट सेक्टर कई लोगों को तो यह भी पता नहीं है कि ग्रेच्युटी जैसा भी कुछ होता है। भारत में ग्रेच्युटी नियम क्या है ग्रेच्युटी को कैलकुलेट कैसे करते हैं ऐसे कई सवालों का जवाब आपको इस खबर में मिल जाएगा। तो आइए ग्रेच्युटी के बारे में विस्तार से समझते हैं।

### वेतन में ग्रेच्युटी क्या है?

ग्रेच्युटी एक कर्मचारी को कंपनी द्वारा या तो रिटायरमेंट के समय या जब वह नौकरी छोड़ रहा हो तो भुगतान किया जाता है। यह कर्मचारी को तब दिया जाता है, जब वह कम से कम 5 साल की सर्विस पूरी कर लेता है। प्राइवेट सेक्टर या पब्लिक सेक्टर के एंप्लायर द्वारा (जिसके पास 10 या अधिक कर्मचारी हैं) कर्मचारियों को ग्रेच्युटी का भुगतान करना अनिवार्य है।

### ग्रेच्युटी नियम क्या हैं?

कर्मचारी, जिन्होंने अपने एंप्लायर (नियोक्ता या काम देने वाली कंपनी) के साथ लगातार 5 साल की सर्विस पूरी कर ली है, वे ग्रेच्युटी के लिए पात्र हैं। यह उन्हें रिटायरमेंट, इस्तीफा, सेवानिवृत्ति, विकलांगता या मृत्यु के कारण सर्विस खत्म होने पर भुगतान किया जाता है।

### ग्रेच्युटी अधिनियम 2017 - संशोधन

ग्रेच्युटी का भुगतान अधिनियम 1972 में अधिनियमित किया गया था। यह अधिनियम सभी प्रतिष्ठानों – दुकानों, खानों, कारखानों, कंपनियों आदि पर लागू होता है। यह केंद्र और राज्य सरकारों में सिविल पदों पर तैनात ट्रेनी और अन्य व्यक्तियों पर लागू नहीं होता है। उन पर कुछ अन्य नियम लागू होते हैं।

### ग्रेच्युटी भुगतान के लिए कैसे होता है कैलकुलेशन?

फाइनेंशियल प्लानर व आर्क प्राइमरी एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक हेमंत बेनीवाल बताते हैं कि अगर व्यक्ति ग्राउंड पर काम कर रहा है, तो उसे एक साल में 190 दिनों तक काम करना होगा, जिसे 1 साल माना जाता है। यदि कर्मचारी जमीन से ऊपर काम करता है, तो उसके एक साल में 240 कार्य दिवसों को 1 वर्ष के रूप में माना जाता है। यदि कर्मचारी ने एक वर्ष में इतने दिन काम नहीं किया है तो उसे ग्रेच्युटी भुगतान कैलकुलेशन के लिए अनदेखा कर दिया जाता है।

### ग्रेच्युटी के लिए टाइम पीरियड कितना हो?

हेमंट बेनीवाल के मुताबिक यदि किसी कर्मचारी ने 4 साल और 10 महीने तक काम किया है, तो अवधि 5 साल मानी जाती है। ऐसे लोग कर्मचारी ग्रेच्युटी के लिए पात्र होंगे। वहीं, दूसरी ओर यदि कर्मचारी ने 4 साल 5 महीने तक काम किया है, तो इसे 5 साल से कम माना जाता है। ऐसे कर्मांचारियों को ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं किया जाएगा। यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है, तो उसे कंपनी के साथ काम करने वाले वर्षों की संख्या के लिए ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाता है, भले ही कंपनी के साथ उसका कार्यकाल कुछ भी हो। यदि कर्मचारी किसी दुर्घटना या बीमारी के कारण विकलांग हो जाता है, तो उसे कंपनी के साथ काम करने वाले वर्षों की संख्या के लिए एक राशि का भुगतान किया जाता है, भले ही कंपनी के साथ उसका कार्यकाल कुछ भी रहा हो।




### इन लोगों को नहीं मिलती ग्रेच्युटी

वहीं, ऐसे कर्मचारियों को ग्रेच्युटी नहीं मिलती है, जो किसी दंगा या हिंसा जैसी अवैध गतिविधियों या नैतिक रूप से गलत कार्यों में इनवॉल्व हैं या फिर उन्हें किसी कारण से नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है।

### भारत में कैसे होता है ग्रेच्युटी कैलकुलेशन

भारत में ग्रेच्युटी कैलकुलेशन का फॉर्मूला वेतन और सेवा के वर्षों की संख्या पर आधारित है। वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए कानून कहता है कि सर्विस के हर पूर्ण वर्ष के लिए मासिक वेतन के 15 दिनों के बराबर ग्रेच्युटी मिलनी चाहिए।
ग्रेच्युटी फॉर्मुले की बात करें तो यह कुछ इस प्रकार है – (वेतन * कार्यकाल *15/26 ) यहां, वेतन का मतलब मूल वेतन + महंगाई भत्ता + कमीशन है और कार्यकाल का मतलब सर्विस के वर्षों की संख्या है। 15 का मतलब है कि वो दिन जिसके लिए प्रति माह वेतन माना जाता है। 26 का मतलब = एक महीने में कार्य दिवसों की संख्या (चाहे आपके पास 5 दिन का कार्य सप्ताह हो या 6 दिन का कार्य सप्ताह)। वहीं, दिहाड़ी मजदूरों के लिए ग्रेच्युटी की गणना औसत मजदूरी 15 कार्यकाल के रूप में की जाती है। यहां, औसत मजदूरी पिछले 90 दिनों के लिए मजदूर की औसत दैनिक मजदूरी मानी जाती है। कार्यकाल का मतलब सर्विस के वर्षों की संख्या से है।

### ग्रेच्युटी कैसे मिल सकती है?

नियमानुसार एंप्लायर द्वारा एंप्लाई को ग्रेच्युटी देने की तारीख से 30 दिनों के भीतर ग्रेच्युटी का भुगतान करना होगा। यदि 30 दिनों के भीतर इसका भुगतान नहीं किया जाता है, तो कंपनी को पात्रता की डेट से वास्तविक भुगतान की तारीख तक साधारण ब्याज का भुगतान करना होगा।
ग्रेच्युटी का भुगतान नकद, चेक, खाते में या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में किया जा सकता है।

# बैंक लोन हो या सरकारी योजनाओं का लाभ, इस कॉमन प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी सारी सुविधाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी के जीवन को आसान बनाने के लिए सरकार विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा चलाई जा रही कई योजनाओं के डिस्ट्रीब्यूशन के लिए एक कॉमन पोर्टल 'जन समर्थ' शुरू करने की योजना बनाई है। सूत्रों ने बताया कि नरेंद्र मोदी सरकार 'न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन'के दृष्टिकोण से नया पोर्टल शुरू करने की योजना बना रही है, जिसमें 15 क्रेडिट-लिंक्ड सरकारी योजनाओं को शामिल करने की योजना बन रही है। केंद्र की कुछ योजनाओं में कई एजेंसियों की भागीदारी होती है, इसलिए धीरे-धीरे इसका विस्तार किया जाएगा।

### एक प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी सभी योजनाएं

उदाहरण के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना और क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी योजना जैसी योजनाओं का संचालन विभिन्न मंत्रालयों द्वारा किया जा रहा है। प्रस्तावित पोर्टल इन योजनाओं को एक मंच पर लाने का इरादा रखती हैं, ताकि लाभार्थियों द्वारा बिना किसी परेशानी के उन तक पहुंच बनाई जा सके।

पायलट परीक्षण किया जा रहा है और वास्तविक लॉन्च होने से पहले सभी तरह की प्रॉब्लम को दूर की जाएंगी। सूत्रों की माने तो भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) समेत अन्य लोनदाता इसकी टेस्टिंग कर रहे हैं। पोर्टल में ओपन आर्किटेक्चर होगा, जिससे राज्य सरकारें और अन्य संस्थान भी भविष्य में इस प्लेटफॉर्म पर अपनी योजनाओं को शामिल कर सकेंगे।

उधारकर्ताओं को आराम प्रदान करने के लिए सरकार ने 2018 में MSME होम, ऑटो और पर्सनल लोन सहित विभिन्न प्रकार के क्रेडिट उत्पादों के लिए एक पोर्टल http://psbloansinz~minutes.com लॉन्च किया था। पोर्टल 20-25 दिनों के पहले के टर्नअराउंड समय की तुलना में विभिन्न राज्य के स्वामित्व वाले बैंकों द्वारा 59 मिनट में एमएसएमई और अन्य उधारकर्ताओं के लिए लोन की सैद्धांतिक मंजूरी की सुविधा प्रदान करता है। इसके बजाय पोर्टल कई स्रोतों जैसे आयकर रिटर्न, जीएसटी डेटा, बैंक स्टेटमेंट आदि से डेटा बिंदुओं को एनॉलाइज करने के लिए उन्नत एल्गोरिदम पर निर्भर करता है। उधारकर्ताओं की पात्रता की जांच करने के लिए प्लेटफॉर्म को सरकार के क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज के साथ इंटीग्रेट (एकीकृत) किया गया है। पोर्टल के शुभारंभ के पहले दो महीनों में राज्य के स्वामित्व वाले बैंकों ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के कुल 37,412 करोड़ रुपये के 1.12 लाख लोन आवेदनों को सैद्धांतिक मंजूरी दी थी।




# वैश्विक बाजार : जीडीपी और वाहन बिक्री आंकड़ों का बाजार पर रहेगा असर


## सेंसेक्स और निफ्टी पर अगले सप्ताह भी बाजार के रुख का असर देखा जा सकेगा

एजेंसी

**मुंबई।** वैश्विक बाजार के मजबूत रुख से हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक की तेजी में रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह समाप्त वित्त वर्ष के लिए जारी होने वाले सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), अप्रैल में वाहन बिक्री एवं विनिर्माण पीएमआई आंकड़ों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 558.27 अंक की उछाल लेकर 54884.66 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 86.3 अंक की बढ़त लेकर 16352.45 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज और मझौली कंपनियों की तेजी के विपरीत छोटी कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। इस दौरान मिडकैप 10.89 अंक बढ़कर 22517.74 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 729.72 अंक लुढ़ककर 25621.57 अंक पर आ गया। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक रुख के दबाव में बीते सप्ताह घरेलू शेयर तीन दिन गिरावट वहीं अंतिम दो दिन तेजी पर रहा। सेंसेक्स और निफ्टी पर अगले सप्ताह भी अंतर्राष्ट्रीय बाजार के रुख का असर देखा जा सकेगा। हालांकि घरेलू संस्थागत निवेशकों के समर्थन से बाजार को मदद मिलने की उम्मीद है। अगले सप्ताह 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2021-22 और इसी वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के जीडीपी वृद्धि दर के आंकड़े जारी होंगे। साथ ही अप्रैल 2022 के लिए जारी होने वाले वाहन बिक्री एवं विनिर्माण पीएमआई के आंकड़ों की बाजार की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।



# हर जगह न शेयर करें अपने आधार कार्ड की फोटोकॉपी, हो सकता है खतरा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आधार जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई द्वारा शुक्रवार 27 मई को जारी वो प्रेस रिलीज वापस ले ली है, जिसमें लोगों को किसी भी संस्था को आधार की फोटोकॉपी न देने की सलाह दी गई थी। सरकार ने यूआईडीएआई की उस सलाह को वापस ले लिया है, जिसमें आम जनता को अपने आधार की फोटोकॉपी किसी भी संगठन के साथ साझा करने के लिए आगाह किया गया था। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने कहा कि वह उस प्रेस रिजीज को वापस ले रहा है, क्योंकि इसका दुरुपयोग हो सकता है। रिलीज ने लोगों को सलाह दी कि वे किसी भी संगठन के साथ अपने आधार की फोटोकॉपी साझा न करें, क्योंकि इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। सरकार ने वैकल्पिक रूप से एक मास्क्ड आधार, जिसमें आधार संख्या के केवल अंतिम 4 अंक दिखते हैं, उसका इस्तेमाल करने की सलाह दी है।
बयान में कहा गया है कि प्रेस रिलीज की गलत व्याख्या की संभावना को देखते हुए इसे तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में आम जनता से किसी भी संगठन के साथ अपने आधार की फोटोकॉपी साझा नहीं करने को कहा गया है, क्योंकि इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। वैकल्पिक रूप से मास्क आधार, जो बायोमेट्रिक आईडी के केवल अंतिम 4 अंक प्रदर्शित करता है, उसका उपयोग इस उद्देश्य के लिए किया जा सकता है। यह बयान में कहा गया है।
एमईआईटीवाई ने बयान में कहा कि यूआईडीएआई द्वारा जारी आधार कार्ड धारकों को केवल अपने आधार नंबर का उपयोग करने और साझा करने में अपने बुद्धि और विवेक की सलाह दी जाती है।

# इस सप्ताह मैक्रो डेटा और वैश्विक संकेत तय करेंगे शेयर बाजार का रुख : विश्लेषक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्लेषकों का कहना है कि महंगाई बढ़ने को लेकर जारी चिंताओं के बीच वैश्विक रूझान और इस सप्ताह जारी होने वाले मैक्रोइकॉनॉमिक डेटा का शेयर बाजारों में कारोबारी गतिविधियों पर असर होगा। विश्लेषकों के अनुसार, इस सप्ताह यही बाजार की दिशा तय करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) पर भी नजर होगी और उनकी गतिविधियों को संकेतों के रूप में लिया जा सकता है। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि 'इस सप्ताह बाजार पर मैक्रो डेटा का असर दिखेगा। घरेलू मोर्चे पर जीडीपी, ऑटो बिक्री और पीएमआई के आंकड़े फैक्टर का काम करेंगे जबकि विभिन्न देशों के पीएमआई आंकड़े और अमेरिका का बेरोजगारी डेटा महत्वपूर्ण वैश्विक मैक्रो डेटा के रूप में बाजार पर प्रभाव डालेंगे।' उन्होंने कहा कि इन सबके बीच डॉलर इंडेक्स में उतार-चढ़ाव और कच्चे तेल की कीमतों का असर बाजार को अस्थिर बनाएगा। संतोष मीणा ने कहा कि 'एफआईआई अभी भी बिक्री कर रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वह भारतीय बाजार में बेहतर धारणाओं के बीच कुछ खरीदारी करना शुरू करेंगे।'

वहीं, रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड में रिसर्च विभाग के वीपी अजीत मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह नया महीना भी शुरू होगा और निवेशकों की नजर ऑटो बिक्री, विनिर्माण तथा सेवाओं के पीएमआई डेटा जैसे महत्वपूर्ण डेटा पर होगी।' मिश्रा ने कहा कि इससे पहले 31 मई को जारी होने वाले जीडीपी डेटा पर सबकी नजर होगी।' जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'पिछले हफ्ते के अंत तक बाजार अमेरिका में अनुकूल खुदरा आय और एफआईआई की बिक्री में कमी के बाद अपने नुकसान की भरपाई करने में सक्षम था।

इसे बनाए रखने के लिए जून में फेड और आरबीआई द्वारा की जाने वाली कार्रवाई एक महत्वपूर्ण कारक होगी।' इसके अलावा, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले ब्रेंट कच्चे तेल और रुपये की स्थिति पर भी निवेशकों द्वारा नजर रखी जाएगी।

# बैंकिंग, इंश्योरेंस और होम लोन सहित कई सेक्टर में 1 जून से होंगे ये 5 बड़े बदलाव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में लगातार विकास हो रहा है और आगे बढ़ने की इस प्रक्रिया में समय-समय पर नियमों में बदलाव भी हो रहा है। अब देश में एक जून से फिर कई बदलाव होने वाले हैं।

इनका आम लोगों की जेब और जिंदगी पर सीधा असर पड़ने वाला है। ऐसे में हर व्यक्ति के लिए नियमों में होने वाले बादलावों की जानकारी जरूरी है। तो चलिए, आपको बताते हैं कि 1 जून से कौन-कौन से बदलाव होने वाले हैं।

### 1- गाड़ियों का थर्ड पार्टी इंश्योरेंस महंगा हो जाएगा

दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए 1 जून से थर्ड पार्टी बीमा महंगा हो जाएगा। थर्ड पार्टी बीमा के लिए ज्यादा प्रीमियम देना होगा। दोपहिया वाहनों के मामले में 150 सीसी से 350 ष्तक के वाहनों के लिए 1,366 रुपये का प्रीमियम देना होगा।

### 2- एसबीआई होम लोन होगा महंगा

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने होम लोन एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट को 40 बेसिस प्वाइंट बढ़ा दिया है, यह अब 7.05% हो गया है।

वहीं, RLLR 6.65% प्लस क्रेडिट जोखिम प्रीमियम हो गया है। इसका असर 1 जून से होम लोन की ब्याज दरों में इजाफे के रूप में होगा।

### 3- गोल्ड हॉलमार्किंग

सोने की हॉलमार्किंग का दूसरा चरण शुरू होगा। इसके दूसरे चरण में 256 पुराने जिलों के अलावा 32 नये जिलों में हॉलमार्किंग सेंटर्स शुरू किए जाएंगे।

इसके साथ ही, ऐसे सभी 288 जिलों में सोने के आभूषणों की हॉलमार्किंग अनिवार्य होगी। इन जिलों में हॉलमार्किंग के बाद 14, 18, 20, 22, 23 और 24 कैरेट के गहने ही बेचे जा सकेंगे।

### 4- एक्सिस बैंक सेविंग्स अकाउंट के नियम

एक्सिस बैंक अपने सेविंग्स अकाउंट पर लगने वाले सर्विस चार्ज को बढ़ा रहा है। 1 जून से बैंक के सेविंग्स अकाउंट में न्यूनतम बैलेंस रखने की सीमा बढ़ जाएगी। इसके तहत सेमी अर्बन और ग्रामीण इलाकों के ग्राहकों को एक्सिस बैंक के सेविंग अकाउंट में न्यूनतम 25,000 रुपये रखने होंगे। पहले 15,000 रुपये न्यूनतम रखने होते थे। 5- इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के लेन-देन पर फीस जून से इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक से लेनदेन करना महंगा हो जाएगा। 15 जून से IPPB ने नगद लेनदेन फीस लेने का निर्णय लिया है। हालांकि, नए नियमों के तहत हर महीने की पहली तीन नकद निकासी, नकद जमा और मिनी स्टेटमेंट पर शुल्क नहीं लगेगा।



## कीमती धातुओं में मिलाजुला रुख

मुंबई। वैश्विक बाजार की गिरावट और स्थानीय स्तर पर ग्राहक सुस्त रहने से बीते सप्ताह घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 101 रुपये प्रति दस ग्राम उतर गया वहीं चांदी 114 रुपये प्रति किलोग्राम चमक गई। समीक्षाधीन सप्ताह में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में गिरावट का रुख रहा। सोना हाजिर 11.365 डॉलर प्रति औंस टूटकर सप्ताहांत पर 1852.73 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। साथ ही अमेरिकी सोना वायदा भी 6.5 डॉलर प्रति औंस गिरकर 1850.60 डॉलर प्रति औंस रह गया। इसी तरह सप्ताहांत पर चांदी हाजिर 0.04 डॉलर प्रति औंस गिरकर 20.96 डॉलर प्रति औंस रही। बीते सप्ताह विदेशी बाजार की गिरावट का असर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में भी रहा। सप्ताहांत पर सोना 101 रुपये उतरकर 50913 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। इसी तरह सोना मिनी 84 रुपये फिसलकर 50961 रुपये प्रति दस ग्राम रही। वहीं, समीक्षाधीन अवधि में स्थानीय स्तर पर चांदी 114 रुपये चमककर 62116 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

## अडानी ग्रीन ने राजस्थान में शुरू की 390 मेगावाट का पवन-सौर हाइब्रिड विद्युत संयंत्र




नई दिल्ली। अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की सहायक कंपनी अडानी हाइब्रिड एनर्जी जैसलमेर वन लिमिटेड ने राजस्थान में 390 मेगावाट क्षमता वाले पवन-सौर हाइब्रिड विद्युत संयंत्र शुरू किया है। कंपनी ने शनिवार को यहां जारी बयान में बताया कि जैसलमेर का यह संयंत्र देश में अब तक का पहला पवन और सौर हाइब्रिड बिजली उत्पादन संयंत्र है। यह संयंत्र बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने के लिए एक अधिक विश्वसनीय समाधान प्रदान करता है। एजीईएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनीत एस. जैन ने कहा, पवन-सौर हाइब्रिड ऊर्जा हमारी व्यावसायिक रणनीति का एक महत्वपूर्ण पहलू है, जिसका उद्देश्य देश की हरित ऊर्जा की बढ़ती जरूरत को पूरा करना है। देश के सतत ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में एक वृद्धिशील कदम है। हमारी टीम ने देश के पहले पवन-सौर हाइब्रिड संयंत्र को विकसित करने के लिए जो अथक प्रयास किया है, उस पर हमें बेहद गर्व है। यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय बैंकों द्वारा अडानी ग्रीन में पहली निर्माण सुविधा का एक हिस्सा है। यह प्रशंसनीय है कि वैश्विक महामारी से उत्पन्न अनिश्चितताओं के बीच इस परियोजना को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया। नए संयंत्र का सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) के साथ बिजली खरीद समझौता (पीपीए) है, जिसमें टैरिफ 2.69 रुपये प्रति किलोवाट है। इस संयंत्र के चालू होने से एजीईएल की अब परिचालन क्षमता 5.8 गीगावाट हो गई है।

## खास खबर

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.23 अरब डॉलर बढ़कर 597.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मई को समाप्त सप्ताह में पिछले लगातार दस सप्ताह की गिरावट से उबरता हुआ 4.23 अरब डॉलर बढ़कर 597.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 2.7 अरब डॉलर घटकर 593.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 20 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.82 अरब डॉलर चढ़कर 533.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 25.3 करोड़ डॉलर की बढ़त लेकर 40.82 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 5.1 करोड़ डॉलर की बढ़त के साथ पांच अरब डॉलर हो गई।

### कीमती धातुओं में मिलाजुला रुख

**मुंबई।** वैश्विक बाजार की गिरावट और स्थानीय स्तर पर ग्राहक सुस्त रहने से बीते सप्ताह घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 101 रुपये प्रति दस ग्राम उतर गया वहीं चांदी 114 रुपये प्रति किलोग्राम चमक गई। समीक्षाधीन सप्ताह में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में गिरावट का रुख रहा। सोना हाजिर 11.365 डॉलर प्रति औंस टूटकर सप्ताहांत पर 1852.73 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। साथ ही अमेरिकी सोना वायदा भी 6.5 डॉलर प्रति औंस गिरकर 1850.60 डॉलर प्रति औंस रह गया। इसी तरह सप्ताहांत पर चांदी हाजिर 0.04 डॉलर प्रति औंस गिरकर 20.96 डॉलर प्रति औंस रही। बीते सप्ताह विदेशी बाजार की गिरावट का असर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में भी रहा। सप्ताहांत पर सोना 101 रुपये उतरकर 50913 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। इसी तरह सोना मिनी 84 रुपये फिसलकर 50961 रुपये प्रति दस ग्राम रही। वहीं, समीक्षाधीन अवधि में स्थानीय स्तर पर चांदी 114 रुपये चमककर 62116 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। साथ ही चांदी मिनी 98 रुपये उठकर सप्ताहांत पर 62413 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

### पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं

**नयी दिल्ली।** देश में तेल विपणन कंपनियों के रविवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई परिवर्तन ना करने से इनके दाम लगातार सात दिनों से स्थिर हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत करीब 120 डॉलर प्रति बैरल पर है। इंडियन ऑयल की अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमश: 111.35 रुपये और 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है। केंद्र सरकार ने 25 मई को आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमश: आठ रुपये और छह रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। जिससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से कम 9.5 रुपये और सात रुपये तक गिर गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 119.43 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 115.07 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर है।

## शार्ट न्यूज

### बेंगलुरु के स्टार खिलाड़ियों ने किया निराश

मुम्बई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आईपीएल में तीसरे स्थान पर रही। दूसरे क्वालीफ़ायर में उन्हें राजस्थान रॉयल्स से मात खानी पड़ी। पिछले दो साल की तरह इस साल भी बेंगलुरु ने अच्छा शुरुआत किया था, लेकिन सीज़न के बीच तक आते-आते टीम का फ़ॉर्म गड़बड़ाने लगे। अंत में जब मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराया तो बेंगलुरु को प्ले ऑफ़ में प्रवेश मिला। बेंगलुरु की टीम पूरे सीज़न अपने शीर्ष क्रम से परेशान रही। फ़ाफ़ डुप्लेसी का फ़ॉर्म पूरे सीज़न नरम-गरम होता रहा। अनुज रावत शुरुआत में उनके सलामी जोड़ीदार थे। लेकिन सीज़न के बीच में विराट कोहली उनके सहयोगी बने। गुजरात टाइटंस के खिलाफ़ अंतिम मैच को छोड़ दे तो वह कभी भी रंग में नहीं दिखाई दिए। यह ऐसा सीज़न था, जिसे कोहली हमेशा के लिए भूलना चाहेंगे। ग्लेन मैक्सवेल ने बल्ले और गेंद दोनों से टुकड़ों में प्रदर्शन किया। वहीं दिनेश कार्तिक सीज़न के सबसे बेहतर फ़िनिशर साबित हुए और उनकी भारतीय टी20 टीम में वापसी हुई। हर्षल पटेल ने एक बार फिर दिखाया कि वह क्यों डेथ ओवर स्पेशलिस्ट कहे जाते हैं। उन्हें कुछ मैचों में करारी हार का सामना करना पड़ा, जैसा कि उनके साथ दूसरे क्वालीफ़ायर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ़ हुआ। मोहम्मद सिराज ने इस सीज़न में सर्वाधिक 31 छक्के खाए। उनकी इकॉनमी 10.07 की रही जो कि आईपीएल इतिहास में कम से कम 50 ओवर फेंकने वाले गेंदबाज़ों की लिस्ट में यह सबसे अधिक इकॉनमी है।

### पहलवान तुशांत जाधव ने जीता कांस्य पदक

इंदौर। भारतीय खेल प्राधिकरण मल्हार आश्रम कुश्ती केंद्र के कोच सरवर मंसूरी से कुश्ती के गुर सीख रहे तुशांत जाधव ने रांची के होटवार स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 27 से 29 मई 2022 तक हुई अंडर-15 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप बालक 52 किग्रा ग्रीको रोमन वजन वर्ग में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। इस सफलता पर पदक विजेता पहलवान को गुरु वेद प्रकाश जावला, अर्जुन अवॉर्डी कृपाशंकर पटेल और सभी पूर्व खिलाड़ियों द्वारा शुभकामनाएं देते हुए तुशांत जाधव पहलवान के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### किक ऑफ़ द ड्रीम फ़ुटबॉल कार्निवाल के पहले चरण का सफलतापूर्वक समापन

**भुवनेश्वर।** किक ऑफ़ द ड्रीम फ़ुटबॉल कार्निवाल के पहले चरण का अंतिम संस्करण 28 मई 2022 को ओडिशा में आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 500 बच्चों ने हिस्सा लिया। इन सभी फ़ुटबॉल प्रेमी बच्चों ने फ़ुटबॉल-थीम से जुड़ी चुनौतियों का आनंद लिया। इस कार्निवाल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें फ़्री किक चैलेंज, पेनल्टी चैलेंज, हेडर चैलेंज, फ़ोर कॉर्नर चैलेंज और एक विशेष डार्टबोर्ड चैलेंज शामिल थे। इस कार्निवाल में एक क्विज का भी आयोजन किया गया, जिसकी विषय वस्तु के केंद्र में समाज में बदलाव लाने वाली अग्रणी महिलाओं से जुड़े प्रश्न शामिल थे। ओडिशा में कार्निवल के दूसरे संस्करण में ओडिशा सरकार में खेल एवं युवा सेवा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव आईएएस विनील कृष्णा और फीफा अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप इंडिया 2022 की स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) की परियोजना निदेशक नंदिनी अरोड़ा शरीक हुईं। इस अवसर पर विनील कृष्णा ने कहा, मैं सभी मुस्कुराते हुए चेहरों को देखकर बहुत खुश हूं और इस कार्निवाल को आयोजित करने के लिए एलओसी को बधाई देना चाहता हूं। यह कार्निवाल वाकई बेहद शानदार रहा है। मैं सभी बच्चों के बीच ऊर्जावान महसूस कर सकता हूं। मैं चाहूंगा कि यहां आए सभी लोग इस आयोजन का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें।

### जॉर्डन से 0-2 से हारा भारत

दोहा। क़तर की राजधानी दोहा में शनिवार रात हुए एक फ्रेंडली फुटबॉल मुकाबले में जॉर्डन ने भारत को 2-0 से शिकस्त दी। क़तर के एसएसी स्टेडियम में हुए मुकाबले के पहले हाफ़ में एक भी गोल न होने के बाद अबु अमारा ने 76वें मिनट और अबु ज़्रैक ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में जॉर्डन के लिये गोल किया। दोनों टीमों ने मैच की सतर्क शुरुआत की। हमजा अलदारदेह 20वें मिनट में भारत के डिफेंस को भेदने में सफ़ल रहे, लेकिन वह गेंद को नियंत्रित नहीं कर पाये और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने अपनी लाइन से हटकर उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। पहले हाफ के अंतिम 15 मिनट में मनवीर सिंह ने काउंटर किया, हालांकि वह गेंद पर नियंत्रण नहीं रख सके जिसे जॉर्डन के डिफेंस ने संभाल लिया। भारत ने दूसरे हाफ़ की शुरुआत उत्साह के साथ की मगर जॉर्डन ने अपने डिफेंस से इनकी सभी कोशिशों को नाकाम कर दिया। भारत को इस दौरान एक फ्री किक और एक कॉर्नर भी मिला मगर टीम उसे गोल में तब्दील नहीं कर सकी। मैच के 75वें मिनट में भारत ने बदलाव करते हुए सुनील छेत्री और ग्लान मार्टिन्स की जगह सुरेश वांगजाम और ब्रैंडन फर्नांडेस को भी मैदान पर बुलाया लेकिन अगले ही मिनट अबु अमारा ने अहमद सालेह के पास को गोल तक पहुंचा कर जॉर्डन को 1-0 की बढ़त दिला दी। मैच के अतिरिक्त समय का प्रयोग करते हुए जॉर्डन ने 92वें मिनट में इंश्योरेंस गोल कर अपनी जीत पक्की की।

### रवि राणा रेंजर्स एससी को प्रीमियर लीग 2022 में कोच करेंगे

नयी दिल्ली। दिल्ली फुटबॉल का प्रमुख चेहरा रवि राणा 2022 प्रीमियर लीग फुटबॉल दिल्ली डीएसए ) में रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब के कोच होंगे। रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब के साथ जुड़ने के लिए रवि राणा का स्वागत करता है जिन्होंने एक खिलाड़ी और कोच दोनों के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। रवि राणा दिल्ली स्टूडेंट्स, शास्त्री एफसी, हिंदुस्तान एफसी और गढ़वाल हीरोज के लिए खेल चुके हैं और दिल्ली लीग चैंपियनशिप जीतने वाली टीमों का हिस्सा रहे हैं। रवि राणा ने वर्ष 2000 में जाकिर हुसैन कॉलेज के कोच के रूप में अपना करियर शुरू किया और उनके कार्यकाल के दौरान कॉलेज ने सात बार चैंपियनशिप जीती और तीन बार उपविजेता रही। गढ़वाल हीरोज क्लब 2001 में बी डिवीज़न में था उस समय रवि राणा गढ़वाल हीरोज के कोच थे और बाद में सीनियर डिवीजन लीग में टीम को कोचिंग दी। गढ़वाल हीरोज के साथ उनके जुड़ाव के दौरान क्लब दो बार चैंपियन रहा और दो बार उपविजेता रहा। वर्ष 2004-05 में रवि राणा ने शिमला यंग्स में तुषार देव के असिस्टेंट थे और उस वर्ष टीम 29 साल बाद चैंपियन बनी। रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब ने वर्ष 2014 में अपनी यात्रा शुरू की और बी डिवीजन और ए डिवीजन लीग की चैंपियनशिप जीती और अब दिल्ली की शीर्ष लीग प्रीमियर लीग का हिस्सा हैं। रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब, 8 वर्षों की छोटी अवधि में, जिसमें 2 वर्ष वह भी शामिल हैं जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से प्रभावित थी, राष्ट्र निर्माण और फुटबॉल के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखा है। रेंजर्स एससी को उम्मीद है कि रवि राणा रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब की विरासत को आगे बढ़ाएंगे।

### फज़ा दुबई पैरा बैडमिंटन के फाइनल में पहुंचे भगत, जोशी

**दुबई।** पैरा ओलंपिक में भारत के लिये स्वर्ण जीतने वाले प्रमोद भगत और मौजूदा विश्व चैम्पियन मानसी जोशी सहित नौ भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने यहां शनिवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबलों में अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर चौथे फ़ज़ा दुबई पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2022 के फ़ाइनल में जगह बनायी। हाल ही में बहरीन 2022 इंटरनेशनल में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले भगत ने पुरुष एकल एसएल3 में जापान के डाइसुके फुजिहारा को शिकस्त दी। भगत ने 1 घंटे 16 मिनट तक चले इस मुकाबले में 14-21, 21-14, 21-18 से जीत हासिल की। मैच के बाद भगत ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि खेल इतना लंबा चलेगा। मैं खेल पर नियंत्रण करने की कोशिश कर रहा था लेकिन वह थके हुए दिखने के बावजूद हार नहीं मान रहे थे। मुझे लगता है कि उन्होंने तीसरे गेम में 18-18 के बाद हार मान ली थी। फाइनल में भगत का मुकाबला अपने हमवतन नितेश कुमार से होगा।

# रमेश बुधियाल, शुगर बनारसे, किशोर कुमार और सोफिया शर्मा इंडियन ओपन सर्फिंग के नए चैंपियन

एजेंसी

मैंगलोर। कांटे के मुकाबले में कर्नाटक के रमेश बुधियाल ने तमिलनाडु के अजेश अली से जीत को छीन लिया और तीसरे संस्करण के अंतिम दिन पुरुषों की ओपन सर्फ श्रेणी में नए राष्ट्रीय चैंपियन बनकर उभरे। शुगर बनारसे और सोफिया शर्मा ने क्रमश: महिला ओपन एवं ग्रोम्स गर्ल्स 16 और अंडर कैटेगरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती जबकि तमिलनाडु के किशोर कुमार ग्रॉम्स बॉयज़ 16 और अंडर कैटेगरी में नेशनल चैंपियन बने। सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में तीन दिवसीय प्रीमियर सर्फिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर्नाटक के मैंगलोर के शांत पनाम्बुर बीच पर मंत्रा सर्फ क्लब द्वारा किया है। इस प्रतियोगिता का टाइटल पार्टनर कर्नाटक टूरिज्म (पर्यटन) है जबकि चेन्नई का टीटी ग्रुप एसोसिएट पार्टनर है । एक्शन कैमरा गो प्रो एक्शन पार्टनर है।

टूर्नामेंट के बाद सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अरुण वासु ने कहा, मैं सर्फर्स की गुणवत्ता से बहुत प्रभावित हूं, जिन्हें हम यहां मैंगलोर में प्रतिस्पर्धा करते हुए देख रहे हैं। लॉस एंजेलिस ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए हम युवा और आने वाले सर्फर की पहचान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और आज उनके प्रदर्शन की गुणवत्ता और कौशल ही मुझे अपने उद्देश्यों में विश्वास रखने का विश्वास दिलाता है। मैं इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी सर्फर्स को धन्यवाद देना चाहता हूं और विजेताओं को कुछ बेहतरीन सर्फिंग दिखाने के लिए बधाई देता हूं। मैं कर्नाटक पर्यटन को उनके निरंतर समर्थन के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिनके बिना यह प्रतियोगिता इतने बड़े पैमाने पर आयोजित करना संभव नहीं होता। मैं अपने भागीदारों टीटी ग्रुप और गो प्रो को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं जो हमें सर्फिंग के खेल को बढ़ाने में मदद कर रहा है और हमें नई प्रतिभाओं को खोजने और प्रशिक्षित करने में सक्षम बनाता है। दिन की शुरुआत पुरुषों के ओपन सर्फ वर्ग के सेमीफाइनल से हुई जिसमें कर्नाटक के सर्फर रमेश बुधियाल के साथ तमिलनाडु के अजेश अली, सतीश सरवनन और रुबन वी ने फाइनल में प्रवेश किया।

पुरुषों की ओपन सर्फ श्रेणी का फाइनल एक शानदार अंत के साथ देखने लायक था, जब प्रतियोगिता के अंतिम क्षणों में रमेश बुधियाल ने जजों और प्रशंसकों को प्रभावित करने वाले कुछ लुभावने युद्धाभ्यास दिखाने के लिए एक लहर पकड़ी, जिससे उन्हें जीत हासिल करने में मदद मिली। रमेश ने 16.33 के कुल स्कोर के साथ समाप्त हुआ, जबकि उपविजेता अजेश अली ने 15.67 अंकों के साथ समाप्त किया जबकि सतीश सरवनन 13 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

जीत के बाद अपने दोस्तों द्वारा उत्साह से भरे जश्न के बाद रमेश बुधियाल ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। नेशनल चैंपियन बनना बहुत अच्छा अहसास है। मैदान कठिन था और अजेश शानदार था लेकिन मैं आज यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के लिए था और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका।

महिलाओं की ओपन सर्फ प्रतियोगिता में 16 वर्षीय गोवा की शुगर बनारसे ने तमिलनाडु सर्फर और गत चैंपियन सृष्टि सेल्वम से राष्ट्रीय चैंपियनशिप का ताज हासिल किया।

शुगर जिसने शुरू में ग्रोम्स गर्ल्स 16 और अंडर श्रेणी के लिए पंजीकरण कराया था लेकिन उन्हें महिलाओं की ओपन श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिला और उन्होंने बड़ी ही बहादुरी के साथ अपने कौशल और सर्फिंग से सभी को प्रभावित किया। शुगर ने कुल 14.50 अंक बनाए जबकि उपविजेता सृष्टि सेल्वम ने 13.40 अंक अर्जित किए। कर्नाटक की सिनचना गौड़ा 10.20 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

अपनी जीत के बाद शुगर ने कहा, मैं सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और जजों के प्रति आभारी हूं कि उन्होंने मुझे महिलाओं की ओपन सर्फ श्रेणी में भाग लेने का मौका दिया । आज लहरें कठिन थीं और प्रतियोगिता कठिन थी, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अपने प्रशिक्षण को अपने खेल में दिखा पायी और राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीत पायी।

ग्रोम्स बॉयज़ (अंडर-16) सर्फ श्रेणी में 14.84 अंकों के साथ चेन्नई के किशोर कुमार को राष्ट्रीय चैंपियन का ताज पहनाया गया। तमिलनाडु के नवीनकुमार आर और जीवन एस क्रमश: 11.73 और 9.40 अंकों के साथ उपविजेता और तीसरे स्थान पर रहे।

राष्ट्रीय चैंपियन बनने के बाद किशोर ने कहा, मैं अपने कोचों को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे काफी समर्थन दिया । यह जीत मेरे लिए बहुत खास है और मुझे खुशी है कि मैं कठिन प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए अपने कौशल का प्रदर्शन कर सका।

गोवा की सोफिया शर्मा ने पहली बार ग्रोम्स गर्ल्स 16 और अंडर सर्फ श्रेणी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती। सोफिया ने कुल 18.50 अंकों के साथ टूर्नामेंट के सभी दिनों में सबसे अधिक स्कोर के साथ अपनी सर्फिंग क्षमताओं से सभी को प्रभावित किया। कर्नाटक के मैंगलोर से 9 साल की उम्र में टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र की प्रतिभागी थानिष्का मेंडन कुल 12.23 अंकों के साथ उपविजेता रही। एक अन्य मंगलुरु की सर्फर सानवी हेगड़े कुल 11.33 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

दिन का अंत एक प्रदर्शनी एक्सप्रेशन रेस के साथ हुआ, जहां मेन्स ओपन के विजेता और उपविजेता और ग्रोम्स बॉयज ने एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की।

इसमें रमेश बुधियाल और अजेश अली दूसरे नंबर पर रहे। नवीन कुमार आर (ग्रॉम्स बॉयज 16 एंड अंडर) तीसरे स्थान पर रहे जबकि किशोर कुमार (ग्रॉम्स बॉयज 16 एंड अंडर) चौथे स्थान पर रहे।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में चमकने को तैयार युवा बैडमिंटन स्टार उन्नति

चंडीगढ़। हरियाणा के रोहतक को कुश्ती के लिए जाना जाता है लेकिन युवा उन्नति हुड्डा, जो हाल में बैडमिंटन में चमकी हैं, ने अपने स्मेशों, ड्राप शॉट्स , तेज रिटर्न और शानदार नेट खेल से इस शहर को एक अलग ही पहचान दे दी है।

आगामी तीन जून को रोहतक के डीबीजी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल से 10वीं पास करने वाली इस छात्रा का नाम हरियाणा में होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में एक चमकता नाम होगा।

उन्नति ने पहले से ही अपनी निगाहें स्वर्ण पदक पर टिका दी हैं। मात्र 14 साल की उन्नति ने अपनी परिपक्वता और कौशल से सभी को हैरानी में डाल दिया था जब वह इस वर्ष के शुरू में ओडिशा ओपन में बीडब्लूएफ सुपर 100 खिताब जीतने वाली सबसे युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनी थीं। ओडिशा ओपन उन्नति का दूसरा इंटरनेशनल टूर्नामेंट था। उन्होंने 2020 इनफ़ोसिस इंटरनेशनल चैलेंज के फ़ाइनल में जगह बनायी थी ।

उन्नति ने रोहतक के छोटू राम स्टेडियम में खेल को सीखा था जो रियो ओलम्पिक पदक विजेता साक्षी मलिक जैसे शीर्ष पहलवानों को तैयार करने के लिए जाना जाता है। उन्नति के पिता उपकार बैडमिंटन को लेकर हमेशा जुनूनी रहे हैं और वह कहते हैं कि उनकी बेटी इस खेल को अपनाये जो उसने किया और उन्हें गौरव प्रदान किया।

उपकार ने कहा,यह मेरी उम्मीदों से आगे था। वह खेल और पढ़ाई दोनों में अच्छी है और मैं चाहता था कि वह बैडमिंटन में श्रेष्ठता हासिल करे।

# आईपीएल समापन समारोह में रणवीर सिंह का जलवा, ए आर रहमान ने किया सबको भावुक

एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच होने वाले आईपीएल 2022 के फाइनल मैच से पहले समापन समारोह में बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह और संगीतकार ए आर रहमान ने ऐसा समा बांधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये।

समापन समारोह की शुरुआत करते हुए रणवीर सिंह ने अपनी फिल्मों के गीतों के अलावा दक्षिण की सुपरहिट फिल्म 'आरआरआर' के गाने 'नाचोज्नाचोज्नाचो' पर नाचकर सबका दिल जीता। अपनी जानदार शख्सियत के लिये मशहूर रणवीर ने केजीएफ फिल्म के डायलोग



'वॉयलेंस लाइक्स मी' से प्रशंसकों के बीच ऊर्जा की एक लहर पैदा की। रणवीर के बाद मशहूर गायक व संगीतकार एआर रहमान ने मंच अपने नाम किया। सुर संग्राम एआर रहमान ने जब मां तुझे सलाम गाया, तो स्टेडियम में मौजूद सभी क्रिकेटर और प्रशंसक भावुक हो गए। इस बीच राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी एआर रहमान के साथ सुर मिलाते नजर आए।

गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित फाइनल में नवागंतुक गुजरात अपने पहले ही सीज़न में ख़िताब जीतना चाहेगी, जबकि राजस्थान 14 साल बाद ट्रॉफ़ी को घर ले जाना चाहेगी।

उल्लेखनीय है कि फाइनल मैच में 'लगान' सुपर स्टार आमिर खान कमेंट्री करते नज़र आएंगे। आमिर दोनों पारियों के दौरान नौवें से 15वें ओवर के बीच कमेंट्री बॉक्स में मौजूद रहेंगे। वह इस दौरान अपनी बहुप्रतीक्षित फ़िल्म लाल सिंह चड्ढा का ट्रेलर भी रिलीज़ करेंगे।

# सरकार बचाने के लिए आसिफ अली जरदारी से मिलना चाहते थे इमरान खान, दावा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की राजनीति में मचा भूचाल रुकने के नाम ही नहीं ले रहा है। सत्ता से बेदखल होने के बाद भी इमरान खान सड़कों पर हैं और प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी बीच एक ऐसा दावा सामने आया है जिसमें बताया गया है कि सरकार गिरने से पहले इमरान खान देश के पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मिलना चाह रहे थे और अपनी सरकार बचाने के लिए मदद की उम्मीद कर रहे थे। यह दावा एक कथित ऑडियो लीक में किया गया है।



### किसी भी तरह सरकार बचाने का प्रयास!

दरअसल, डॉन की एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और पाकिस्तान के कारोबारी मलिक रियाज हुसैन के बीच एक कथित फोन वार्ता की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग लीक होकर वायरल हो गई है। रिपोर्ट में दवा किया गया है कि इस बातचीत में रियाज हुसैन यह कह रहे हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान सुलह के लिए जरदारी से बात करना चाहते थे, वे चाहते थे कि किसी भी तरह उनकी सरकार बच जाए।

### जरदारी ने जवाब दिया था- ऐसा असंभव

इस कथित बातचीत में जरदारी को रियाज यह कहते हुए सुने जा सकते हैं कि इमरान उन्हें संदेश भेज रहे हैं कि वे उनसे मिल लें। रियाज ने पूर्व राष्ट्रपति से कहा कि उन्होंने कई संदेश भेजे हैं, इसके बाद जरदारी ने भी जवाब दिया कि अब ऐसा असंभव है। फिर रियाज ने कहा कि ठीक है, मैं बस आपके संज्ञान में लाना चाहता था। डॉन के मुताबिक यह आवाजें जरदारी और रियाज की हैं। हालांकि यह बातचीत किस तारीख को हुई थी इस बारे में पता नहीं चल पाया है।

### इमरान की पार्टी ने बताया फर्जी ऑडियो

उधर इस ऑडियो वायरल के बाद पाकिस्तान के राजनीतिक गलियारों में इसकी चर्चा हो रही है। ऑडियो सामने आने के बाद इमरान की पार्टी पीटीआई ने तत्कान इसका खंडन कर दिया। पीटीआई ने कहा कि यह फर्जी है। पार्टी के बयान के मुताबिक एक कारोबारी एवं इमरान खान विरोधी एक नेता के बीच बातचीत हुई जिसे इमरान खान से जोड़ा जा रहा है। लेकिन इस बातचीत का हकीकत से कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि मजे कि बात यह है कि आसिफ अली जरदारी की पाकिस्तान पीपल्स पार्टी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुआ बताया कि यह वास्तविक जान पड़ता है।

### इधर इमरान ने खत्म किया अपना प्रदर्शन

यह ऑडियो रिकार्डिंग उस समय सामने आई है जब इमरान खान ने सरकार विरोधी अपना धरना अचानक खत्म करने का ऐलान कर दिया। इमरान ने इन खबरों का खंडन किया कि चुनाव की मांग संबंधी आजादी रैली खत्म करने के लिए उन्होंने सेना के साथ सौदेबाजी की है। उन्होंने कहा कि उन्होंने खून-खराबा रोकने के लिए अपना मार्च खत्म करने का निर्णय लिया है।

### इमरान ने जरदारी से सुलह के संकेत दिये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में तहरीके-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) नेता आसिफ अली जरदारी के साथ सुलह करने के प्रयास के संकेत दिये है। 'डॉन' ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि एक ऑडियो में बड़े कारोबारी मलिक रियाज को टेलीफोन पर हूई बातचीत में पीपीपी नेता आसिफ अली जरदारी को यह कहते सुना गया है कि पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान उनके साथ सुलह करने के लिए बेकरार है। यह ऑडियो रिकार्डिग इमरान खान के इस्लामाबाद में दिये जा रहे सरकार विरोधी धरने के समाप्त होने के दो दिन बाद में सामने आयी। पीटीआई ने इस ऑडियो को तुरंत फर्जी बताते हुए कहा कि पीपीपी नेता विश्वास के लायक नहीं है जबकि कई नेताओं ने इसे सही बताया।

## ब्राजील में भारी बारिश से तबाही; भूस्खलन और बाढ़ से 35 की मौत, सैकड़ों लोग घर छोड़ने को मजबूर

जकार्ता। ब्राजील के पूर्वोत्तर राज्य परनंबुको में शनिवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 35 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पूर्वोत्तर के एक अन्य राज्य अलागोस में शुक्रवार को नदी में आई बाढ़ में बह जाने से दो लोगों की मौत हो गई। नागरिक सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि परनंबुको में बाढ़ के कारण 1,000 से अधिक लोगों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

परनंबुको में नागरिक सुरक्षा एजेंसी के कार्यकारी सचिव, लेफ्टिनेंट कर्नल लियोनार्डो रोड्रिग्स ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करके कहा कि राज्य में भूस्खलन या बाढ़ के जोखिम वाले क्षेत्रों में लगभग 32,000 परिवार रहते हैं। लोगों को सुरक्षित इलाके में पहुंचाने



का काम जारी है। राहत और बचाव के हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

### शरण देने के लिए खोल दिए गए स्कूल

रेसिफे शहर में लोगों को शरण देने के लिए स्कूल खोल दिए गए हैं। राज्य सरकार ने कहा कि अलागोस में पिछले कई दिनों में भारी बारिश के प्रभाव के कारण 33 नगर पालिकाओं ने आपातकाल की घोषणा की है। राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो ने ट्वीट किया कि क्षेत्रीय विकास मंत्रालय और सशस्त्र बलों की टीम को राहत और मानवीय सहायता के लिए भेजा जाएगा।

### इंडोनेशिया में नौका डूबने से 25 लोग लापता

वहीं, इंडोनेशिया में मध्य सुलावेसी प्रांत के मकासर जलडमरूमध्य में नौका डूबने के बाद लापता हुए 25 लोगों की तलाश में बचाव दल लगे हुए हैं। साउथ सुलावेसी नेशनल सर्च एंड रेस्क्यू एजेंसी के प्रमुख जुनैदी ने बताया कि गुरुवार की सुबह मकासर के एक बंदरगाह से पैंगकेप रीजेंसी के कलमास द्वीप की यात्रा के दौरान खराब मौसम के कारण नौका डूब गई जिस पर कुल 42 लोग सवार थे।

### फ्रांस, जर्मनी ने ज़ेलेंस्की के साथ सीधी बात करने का पुतिन से किया आग्रह

ब्रसेल्स। फ्रांस और जर्मनी के नेताओं ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की के साथ प्रत्यक्ष और गंभीर बातचीत करने का आग्रह किया है। बीबीसी ने रविवार को अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इमैनुएल मैक्रों और ओलाफ स्कोल्ज़ ने श्री पुतिन से फोन पर बात की और उनसे अपने यूक्रेनी समकक्ष के साथ बातचीत शुरू करने का आग्रह किया। जर्मन चांसलर के कार्यालय की ओर से दी गयी जानकारी मे बताया गया ,दोनों नेताओं ने तत्काल युद्धविराम और रूसी सैनिकों की वापसी पर जोर दिया। दूसरी ओर, श्री पुतिन ने कहा है कि वह कीव के साथ बातचीत फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने पहले कहा था कि वह बातचीत के लिए तैयार नहीं थे, लेकिन अब संघर्ष को समाप्त करने के लिए वह बातचीत करेंगे। गौरतलब है कि 24 फरवरी को रूस के आक्रमण के बाद से रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडलों ने कई दौर की बातचीत की है, लेकिन प्रयास सफल नहीं हो पाया। फ्रांस और जर्मनी ने पुतिन से मारियुपोल में अज़ोवस्टल स्टीलवर्क्स में युद्धबंदियों के रूप में बंद 2,500 यूक्रेनी लड़ाकों को रिहा करने का भी आग्रह किया।

### पाकिस्तान : संघीय सरकार ने इस्लामाबाद में रैलियों पर लगाई रोक

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के इस्लामाबाद में आजादी मार्च रैली को आयोजित करने के मद्देनजर हुए विवाद को देखते हुए अब संघीय सरकार ने राजधानी में किसी भी अव्यवस्था को रोकने के लिए रैलियों और जुलूसों के इंतजाम पर प्रतिबंध लगा दिया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी। यह फैसला कानून मंत्री राणा सनाउल्लाह की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में लिया गया, जिसमें गृह मंत्रालय और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भी भाग लिया। बैठक में उन्होंने फैसला लिया कि इस्लामाबाद प्रशासन और आयोजकों के बीच एक लिखित समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद ही अब रैलियों या विरोध प्रदर्शन की अनुमति दी जाएगी। मंत्री ने कहा, पुलिस और कानून-प्रवर्तन कर्मियों के खिलाफ हिंसा की अनुमति नहीं दी जा सकती है। हम बदमाशों को देश को बंधक बनाने नहीं दे सकते, इसलिए भविष्य में किसी भी दंगई लॉन्ग मार्च या जुलूस को इस्लामाबाद में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। इस बैठक में इस्लामाबाद और पंजाब पुलिस में महानिरीक्षक के अलावा, रावलपिंडी, फैसलाबाद, शेखूपुरा और सरगोधा जिलों के पुलिस अधिकारियों ने भी भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले, इस्लामाबाद पुलिस ने गुरुवार को पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान सहित कई अन्य नेताओं के खिलाफ उनके द्वारा आयोजित आजादी मार्च के दौरान हुए दंगों के संबंध में मामला दर्ज किया था।

### भारत-बंगलादेश के बीच दो वर्ष बाद ट्रेन सेवाएं शुरू

ढाका। भारत और बंगलादेश के बीच दो साल से बंद पड़ी यात्री ट्रेन सेवा को रविवार को एकबार फिर से बहाल कर दिया गया। मैत्री एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर ढ़ाका से रवाना किया गया। बंगलादेश के रेलवे के महानिदेशक धीरेंद्र नाथ मजूमदार ने 170 से अधिक यात्रियों वाली ट्रेन को ढाका छावनी स्टेशन से हरी झंडी दिखाई। उन्होंने ट्रेन के डिब्बों के अंदर यात्रियों का फूलों से स्वागत किया। इसी दौरान, कोलकाता और खुलना के बीच बंधन एक्सप्रेस को भी आज ही कोलकाता से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह सुबह करीब स्थानीय समयानुसार 9:45 बजे बेनापोल रेलवे स्टेशन पहुंची। इसके साथ ही न्यू जलपाईगुड़ी और ढाका के बीच शुरू की गई नयी ट्रेन मिताली एक्सप्रेस ट्रेन को एक जून को भारत और बंगलादेश के रेल मंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। यह ट्रेन सेवा सप्ताह में दो बार न्यू जलपाईगुड़ी से रविवार और बुधवार को सुबह 11:45 बजे शुरू होगी और दोपहर 22:30 बजे ढाका छावनी पहुंचेगी। ट्रेन का ढाका और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच कोई व्यावसायिक ठहराव नहीं होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित

संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# बच्चो का कोना

नई दिल्ली
सोमवार 30 मई 2022
Www.gauravshalibharat.com



## लकड़ी कैसे पचा लेती है दीमक?

पेड़-पौधों में पाया जाने वाला सेलुलोज ही दीमक का भोजन होता है। इसलिए वे तमाम चीजें दीमक का भोजन होती हैं जिनमें सेलुलोज होता है। बहुत सी सूखी लकड़ी पर तुमने दीमक का घर बना देखा होगा। लकड़ियों के बने फर्नीचर, कॉपी-किताबों जैसी बहुत सी चीजों को दीमक चट कर जाती है और फिर वह सामान किसी काम का नहीं रह जाता। दीमक जो सेलुलोज भोजन के रूप में प्राप्त करती है उसे पचा पाने की क्षमता उसमें नहीं होती है। इसे पचाने के लिए दीमक को दूसरे जीव की मदद लेना पड़ती है। ये दूसरे जीव प्रोटोजोआ कहलाते हैं, जो दीमक की आँतों में रहते हैं। दोनों के बीच सहभागिता का रिश्ता होता है। दीमक लकड़ी को चबाकर निगल जाती है और आँतों में रहने वाले प्रोटॅजोअंस इस लकड़ी की लुगदी को भोजन में बदल देते हैं। इस भोजन से ही दोनों जीव अपना जीवन चलाते हैं। दीमक पर्यावरण में सफाईगार की भूमिका निभाती है पर कई बार यह कीमती सामान को खराब करके नुकसानदायक भी साबित होती है। दीमक समूह में रहती है और भोजन तलाशने में एक-दूसरे की मदद भी करती है। ये चींटियों से मिलती-जुलती लगती हैं। इसलिए इन्हें 'व्हाइट एंट' भी कहा जाता है। आकार के अलावा चींटियों से इनकी कोई समानता नहीं होती।

## जानो स्पेस सूट के बारे में



बच्चो, आप लोगों ने सुनीता विलियम्स के बारे में जरूर सुना होगा। सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में छह महीने तक रहने और सबसे लंबी स्पेस वॉक करने का रिकार्ड बनाया है। आप ने टेलीविजन चैनल और समाचार-पत्रों में सुनीता विलियम्स और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की तस्वीरें देखी होंगी। आपने देखा होगा अंतरिक्ष यात्री हमेशा एक खास तरह की ड्रेस पहनते हैं। एक मोटा सा सूट और उस पर हैलमेट और ऑक्सीजन मास्क भी लगा रहता है। अंतरिक्ष में जाने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों को यहीं सूट पहनना पड़ता हैं। इसे स्पेस सूट कहते है। इस स्पेस सूट को पहने बगैर अंतरिक्ष में रहना संभव नहीं होता है। स्पेस सूट की वजह से ही अंतरिक्ष के प्रतिकूल माहौल में अंतरिक्ष यात्री जीवित रह पाते हैं। इस स्पेस सूट को तैयार करने के लिए भी वैज्ञानिकों ने बहुत मेहनत और शोध किया हैं। यह सूट उस कपड़े से नहीं बना होता है, जिसे हम और आप पहनते हैं। नासा के वैज्ञानिक अंतरिक्ष की स्थितियों का आँकलन करने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों के लिए इस सूट को तैयार करते हैं। 'हार्ड अपर टोर्सो' नामक पदार्थ का इस्तेमाल करते हुए अंतरिक्ष यात्रियों के सूट तैयार किये जाते हैं। इस सूट को पहनने के बाद हमारे शरीर का तापमान और बाहरी वातावरण से शरीर पर पड़ने वाला दबाव नियंत्रित रहता है। इसके साथ ही यह सूट इस तरह से बनाया जाता है कि यह अंतरिक्ष में मौजूद हानिकारक किरणों से हमारे शरीर को बचाने के लिए कवच का काम करे। इस सूट के अंदर ही एक लाइफ सपोर्टिंग सिस्टम होता है, जिससे अंतरिक्ष यात्रियों को शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त होती है। इस सूट के अंदर गैस और द्रव पदार्थो को रीचार्ज और डिस्चार्ज करने की व्यवस्था भी होती है। इस सूट में ही अंतरिक्ष यात्री वहाँ से एकत्रित किये गए, ठोस कणों को सुरक्षित रख सकते हैं।

## पैंगुइन उड़ क्यों नहीं पाते हैं?

ऑस्ट्रिच और इमू की तरह पैंगुइन भी पंख होने के बावजूद उड़ते नहीं हैं। कहते हैं आज से ६५0 लाख साल पहले पैंगुइन के पूर्वज उड़ पाते थे और धीरे-धीरे उनकी यह क्षमता खत्म हो गई। पैंगुइन के पूर्वज समुद्र के ऊपर उड़ते थे और भोजन की तलाश में समुद्र में डाइव लगाते थे। लाखों सालों पहले पैंगुइन की हड्डियाँ पक्षियों की तरह ही हल्की होती थीं और वे उड़ पाते थे, पर समय के साथ उनकी हड्डियाँ भारी हो गईं और वजन बढ़ जाने से उनका खुद को हवा में उठाना नामुमकिन हो गया। हालाँकि इन्हीं हड्डियों के कारण पैंगुइन अब पानी में डाइव बेहतर तरीके से लगा पाते हैं।





## समुद्र में पायी जाने वाली विचित्र मछलियां

**धरती के 70 प्रतिशत भाग में फैला हुआ सागर पृथ्वी की जलवायु को संतुलित रखने, भोजन और ऑक्सीजन प्रदान करने, जैव विविधता बनाये रखने और परिवहन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वैज्ञानिकों के मतानुसार धरती पर प्रारंभिक जीवन सागर से ही प्रारम्भ हुआ था और चरणबद्ध विकास के फलस्वरूप यह धरती पर भी पनपने लगा और वर्तमान में उपलब्ध जैव विविधताओं का कारण बना।**

### वाइपर फिश

बेहद गहरे पानी और उच्च दबाव वाले क्षेत्र में रहने वाली यह मछली देखने में काफी डरावनी लगती है। बेहद कठिन परिस्थितियों में रहने के कारण यह बहुत कम खाने पर भी लम्बे समय तक जिन्दा रह सकती है। इसके पास से गुजरने वाले किसी भी शिकार का इसके नुकीले दांतों से बचना नामुमकिन ही है।

### सिलिकेन्थ

प्रागैतिहासिक युग के प्राणियों के सामान दिखने वाली यह मछली एक जीवित जीवाश्म ही है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह ७ करोड़ वर्ष पहले मिलने वाली मछलियों की संरचना से काफी मिलती है।

### इलेक्ट्रिक ईल

समुद्र में पायी जाने वाली यह ईल प्रजाति की मछली आकार में २ मीटर तक लम्बी और २0 किलो तक वजनी हो सकती है। यह ६00 वोल्ट का तेज विद्युतीय झटका दे सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह अपने विद्युत का इस्तेमाल रास्ता खोजने में भी कर सकती है।

### मिस्ट्री शार्क

दुनिया के सबसे गहरे समुद्री क्षेत्र के रूप में विख्यात मरियाना ट्रेंच में पाई जाने वाली यह अत्यंत दुर्लभ शार्क की तस्वीर है। यह एक प्रागैतिहासिक जीव है जिसे सबसे पहले जापानी वैज्ञानिकों ने देखे जाने का दावा किया था।

### स्टोनफिश

हिन्द महासागर और पश्चिमी प्रशांत महासागर में पाई जाने वाली यह मछली एकदम पत्थर की तरह समुद्र की सतह पर निष्क्रिय पड़ी रहती है। जैसे ही कोई शिकार इसके पास आता है यह झपटकर उसे पकड़ लेती है। यह एक जहरीली मछली है और इसका शिकार हृदयाघात से बेहद दर्दनाक मौत मरता है।

### स्टार गैजेर्स

यह समुद्र में पायी जाने वाली एक जहरीली मछली है। यह खुद को रेत में अच्छी तरह छुपा लेती है और जैसे ही शिकार इसके पास आता है तेजी से झपट्टा मारकर उसे पकड़ लेती है। अन्य मछलियों के विपरीत इसकी ऑखें सामने की ओर होती हैं।

### पफर फिश

पफर फिश अपने नाम के अनुसार खतरा महसूस होने पर ढेर सारा पानी अपने लचीले पेट में भरकर अपना आकार बढ़ा लेती है जिससे शिकार कंफ्यूज हो जाता है और यह मौके का लाभ उठाकर बच निकलती है। यह भी एक जहरीली मछली है।

### फ्रिल्ड शार्क

बहुत गहरे पानी में पायी जाने वाली यह शार्क की अत्यंत दुर्लभ प्रजाति है जिसे देखने मात्र से ही भय उत्पन्न होता है। यह पत्थर की बनी हुई दिखती है और एक जीवित जीवाश्म है।

### वैम्पायर स्क्विड

यह गहरे पानी में पाया जाने वाला एक प्रकार का स्क्विड ही है जिसने अपने आप को गहरे पानी के अनुकूल ढाल लिया है। यह अँधेरे में बल्ब के सामान चमकीली संरचनाओं से प्रकाश उत्पन्न करता है। खतरा महसूस होने की स्थिति में यह चमकीली स्याही छोड़ता है जिससे शिकारी चौंक जाता है और यह मौके का लाभ उठाकर बच निकलता है।

### बिगफिन स्क्विड

स्क्विड प्रजाति से सम्बन्ध रखने वाला यह जीव गहरे पानी में पाया जाता है। यह स्क्विड आकार में १६ फीट तक लम्बा हो सकता है।

### मड स्किपर

यह ऐसे समुद्र तटीय क्षेत्रों में रहती है जहाँ ज्वार और भाटा निरंतर आता रहता है। यह खारे पानी और जमीन दोनों पर रह सकती है। यह एम्फीबियन प्रजाति की तरह ही त्वचा से साँस ले सकती है।

### एंगलर फिश

लगभग सभी महासागरों में पाई जाने वाली यह मछली आकार में १ मीटर तक लम्बी हो सकती है। इसके सर पर चारे के सामान संरचना होती है जिसे यह जब हिलाती है तो जीवन के लिए संघर्ष करते हुए चारे के सामान प्रतीत होता है जिससे दूसरी मछलियां आकर्षित होती हैं और इसका आसान शिकार बन जाती हैं।

### हैमर हेड शार्क

देखने में किसी दूसरी दुनिया के जीव सी लगने वाली यह शार्क सामान्य रूप से दुनिया भर के महासागरों में पाई जाती है। इसकी ऑखें शरीर से बहुत दूर होती हैं जो इसे ज्यादा क्षेत्र तक देखने में सक्षम बनाती हैं।








## अमेरिका में राष्ट्रपतियों की याद को समर्पित स्मारक माउंट रशमोर

**माउंट रशमोर अमेरिका में राष्ट्रपतियों की याद को समर्पित एक स्मारक है। यह 60 फुट या 18 मीटर लंबी रचना है जिसमें भूतपूर्व राष्ट्रपतियों जार्ज वाशिंगटन, थॉमस जैफरसन, थियोडोर रूजवेल्ट और अब्राहम लिंकन को अंकित किया गया है।**

यह स्मारक 1,278 एकड़ में फैला हुआ है। इसकी देखरेख नेशनल पार्क सेवा द्वारा की जाती है जो संयुक्त राज्य अमेरिका के आंतरिकी विभाग का ब्यूरो है। इस स्मारक को वर्ष में लगभग 2 मिलियन लोग देखने आते हैं। पर्वत पर बनाए गए इस स्मारक को लकोटा सिउक्स भी कहा जाता है क्योंकि इसमें छह राष्ट्रपतियों मूर्तियाँ उकेरी गई हैं। बाद में इसका नाम न्यूयार्क के एक जाने-माने वकील चार्ल्स ई रशमोर के नाम पर रखा गया। असल में रशमोर पर्वत में इस तरह की कलाकृति उकेरने का उद्देश्य दक्षिणी डकोटा की ब्लैक हिल्स में पर्यटकों का आकर्षण बढ़ाना था। काँग्रेस के प्रतिनिधि मंडल और राष्ट्रपति केल्विन कूलिज के बीच लंबे समझौते के बाद यह प्रोजेक्ट प्रारंभ हो पाया। मूर्तिकार गुट्जन बोर्गलम के निर्देशन में 1927 में काम शुरु हुआ और 1941 में बनकर तैयार हुआ।





## दक्षिण व मध्य अमेरिका में पाया जाने वाला एक स्तनधारी प्राणी जाइंट एंटइटर

इस घने बाल वाले प्राणी को एंट बियर भी कहते हैं। यह अपनी लंबी थूथन से कीटों को खाता है। इसकी सूंघने की शक्ति मनुष्य से 40 गुना अधिक होती है। यह अपनी जीभ को 18 इंच तक तेजी से बाहर निकाल सकता है। जाइंट एंटइटर दक्षिण व मध्य अमेरिका में पाया जाने वाला एक स्तनधारी प्राणी है जो अपने विचित्र मुख-आकार, थूथन और अपनी पतली व लम्बी जीभ से केवल चींटी, दीमक और अन्य छोटे कीट खाने के लिये प्रसिद्ध है। चींटीखोरों की चार जातियाँ पाई जाती हैं : सिर-से-पूँछ तक १.८ मी (५ फुट ११ इंच) लम्बा विशाल चींटीखोर, केवल ३५ सेमी (१४ इंच) लम्बा रेशमी चींटीखोर, १.२ मी (३ फुट ११ इंच) लम्बा उत्तरी तामान्दुआ और लगभग उतना ही लम्बा दक्षिणी तामान्दुआ। चींटीखोर पिलोसा नामक जीववैज्ञानिक गण में शामिल हैं जिसमें स्लॉथ भी आते हैं, यानि स्लॉथों और चींटीखोरों का आनुवंशिक (जेनेटिक) सम्बन्ध है।

## वॉल मैगजीन

गर्मी की छुट्टियां खत्म हो गई थीं। सभी बच्चों के स्कूल खुल गए थे। सरगुन आठवीं कक्षा में पढ़ती थी। एक दिन असेम्बली में स्कूल की प्रिंसिपल स्वाति कपूर बोलीं, 'बच्चो, तुम सबके लिए एक बहुत अच्छी खबर है। तुम सभी ने गर्मी की छुट्टियों में बहुत कुछ नया सीखा होगा। तुम सब अपने माता-पिता के साथ घूमने भी गए होंगे। मैं चाहती हूं कि तुम सब अपने अनुभवों पर आधारित एक प्रोजेक्ट बनाकर जमा करो और जिसका प्रोजेक्ट सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे इनाम दिया जाएगा।' यह सुनकर सभी बच्चे खुशी से उछल पड़े।
प्रिंसिपल ने बच्चों को सिर्फ एक सप्ताह का समय दिया था। सभी बच्चे अपने-अपने तरीके से प्रोजेक्ट बनाने की तैयारियों में जुट गए। अचानक सरगुन की क्लास की सबसे चंचल और सुंदर लड़की गौरी बोली, 'हम सब तो कुछ न कुछ नया कर ही लेंगे, पर बेचारी सरगुन कैसे करेगी? इसके दाएं हाथ में तो केवल तीन.।' उसकी बात पूरी होती, उससे पहले ही सरगुन की बेस्ट फ्रेंड अर्निका बोली, 'गौरी, तुम्हें ऐसा नहीं बोलना चाहिए। देख लेना, सरगुन ही सबसे नई और उपयोगी वस्तु खोजेगी और तुम देखती रह जाओगी।' उसकी बात सुनकर गौरी ने मुंह चिढ़ा दिया और अपनी सीट पर बैठ गई ।
गौरी अक्सर सरगुन का मजाक उड़ाती थी। सरगुन के दाएं हाथ में केवल तीन उंगलियां थीं। उसकी दो उंगुलियां दो साल पहले एक एक्सीडेंट में बुरी तरह मसल गई थीं, इसलिए अब उसके दाएं हाथ में केवल तीन उंगलियां रह गई थीं। शुरुआत में सरगुन को अपना काम करने में थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन फिर धीरे-धीरे उसे आदत पड़ गई। अब तो उसे ऐसा महसूस ही नहीं होता था कि उसकी दो उंगलियां नहीं हैं। सभी बच्चे अपना-अपना प्रोजेक्ट बनाने में लगे हुए थे। प्रिंसिपल ने बच्चों को ग्रुप में प्रोजेक्ट बनाने की अनुमति दे दी थी, इसलिए सरगुन, अर्निका और कुछ अन्य छात्रों के साथ अपना प्रोजेक्ट बनाने में लगी हुई थी। किसी ने भी अपने प्रोजेक्ट की खबर किसी को नहीं होने दी थी। प्रोजेक्ट जमा कराने से एक दिन पहले सभी बच्चे इस बात को लेकर आश्वस्त थे कि उनका प्रोजेक्ट ही बेस्ट होगा। अगले दिन अचानक तेज बारिश होने लगी। सभी बच्चे स्कूल बड़ी मुश्किलों से अपने-अपने प्रोजेक्ट लेकर पहुंचे। स्कूल पहुंचकर सभी ने अपने-अपने प्रोजेक्ट निकाले। गौरी ने अपने सुंदर चित्रों से तैयार किए गए प्रोजेक्ट को निकाला तो यह देखकर उसके होश उड़ गए कि सारे चित्रों में न जाने कैसे पानी की बूंदें पड़ गई थीं। केवल दो-तीन चित्र ही साफ बचे थे, बाकी सभी में बड़े-बड़े धब्बे बन गए थे। यह देखकर गौरी खुद पर काबू नहीं रख पाई और रोने लगी। उसके रोने पर किसी का ध्यान नहीं गया। सभी अपने प्रोजेक्ट को सजाने-संवारने में जुटे थे।
अचानक सरगुन ने उसके कंधे पर हाथ रखा और बोली, 'गौरी, तुम्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। तुम मेरे ग्रुप में शामिल हो जाओ । इससे तुम्हारे मार्क्स नहीं कटेंगे।' यह सुनकर गौरी को थोड़ी सांत्वना मिली। उसने अपने साफ चित्र सरगुन को देते हुए कहा, 'मेरे पास तो केवल ये हैं, तुम इन्हें अपने प्रोजेक्ट में कहीं प्रयोग कर सको तो अच्छा होगा।' सरगुन बोली, 'बिल्कुल गौरी, तुम्हारे चित्र मेरे प्रोजेक्ट को और सुंदर बना देंगे।' इसके बाद गौरी सरगुन के ग्रुप में शामिल हो गई। सभी बच्चों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट जमा करा दिए।
आखिर परिणाम का दिन भी आ गया। सभी बच्चे असेम्बली में खड़े हुए थे और बेसब्री से परिणाम का इंतजार कर रहे थे। अचानक मंच पर प्रिंसिपल आईं और बोलीं, 'सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट बनाए हैं। लेकिन पुरस्कार तो किसी एक को ही दिया जाना था, इसलिए इस बार आठवीं कक्षा के प्रोजेक्ट 'वॉल मैगजीन' को पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस प्रोजेक्ट की ग्रुप हेड सरगुन है और उसके ग्रुप में अर्निका, गौरी, काव्या, तन्मय व गौरांश शामिल हैं। इस मैगजीन में सामान्य ज्ञान की बातों के साथ ही कहानी, कविता, चित्रों, पहेलियों, चुटकुलों और अन्य मनोरंजक जानकारियों को भी नए तरीके से पेश किया गया है। हमने निर्णय लिया है कि स्कूल की पत्रिका में इस सामग्री को डाला जाएगा और इन सभी बच्चों को उसके सम्पादन मंडल में शामिल किया जाएगा।' यह सुनकर सरगुन के साथ ही पूरा ग्रुप उछल पड़ा। इस समय सबसे भावुक गौरी थी। वह तुरंत उठकर सरगुन के पास गई और उसके गले लगते हुए बोली, 'सरगुन, अगर तुम मेरी मदद नहीं करतीं तो मैं मदद का मूल्य कैसे जान पाती? अब मैं कभी भी किसी का मजाक नहीं उड़ाऊंगी, हर किसी की मदद करूंगी।' सरगुन गौरी के हाथ में हाथ डालकर बोली, 'गौरी अभी तो स्कूल मैगजीन को ऊंचाइयों पर ले जाना है और तुम्हारे बनाए सुंदर चित्रों के बिना यह मुश्किल है।' इसके बाद पूरा ग्रुप एकसाथ अपनी जीत की खुशी मनाने लगा ।

